फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 23 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -212, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे 16

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी ने किया खुलासा 2

होलिया में उड़े रे गुलाल...

रंगपर्व होली का उल्लास लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है, भोपाल में शुक्रवार को गुलाल खेलतीं लड़कियां।

शराब नीति के मामले में गिरफ्तारी के बाद ईडी ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड

केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

शराब नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद शुक्रवार को यहां की एक कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को 28 मार्च को दोपहर दो बजे अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत ने मामले में 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अर्जी पर आदेश पारित किया। रिमांड पर दिन भर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने कुछ देर के लिए फैसला सुरक्षित कर लिया था, देर शाम ईडी को केजरीवाल की रिमांड दे दी। ईडी ने शुक्रवार को एक निचली अदालत से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि वह शराब घोटाले के मामले में अन्य मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मुख्य साजिशकर्ता थे। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए। एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। गोवा चुनाव में इस्तेमाल की गई 45 करोड़ रुपये की 'रिश्वत' चार हवाला मार्गों से आई थी।

● ईडी ने कहा-शराब नीति मामले में केजरीवाल मुख्य साजिशकर्ता

आप व्यक्ति नहीं बल्कि कंपनी : राजू

आम आदमी पार्टी संयोजक को कड़ी सुरक्षा के बीच अपराह्न करीब दो बजे अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद एएसजी राजू ने अदालत से कहा कि हमने 10 दिन की रिमांड के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि 'आप' एक व्यक्ति नहीं बल्कि 'कंपनी' है और कंपनी के आचरण के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

गिरफ्तारी जरूरी नहीं थी : सिंघवी

केजरीवाल का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति, गिरफ्तारी की आवश्यकता के समतुल्य नहीं है और केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने की आवश्यकता नहीं थी। सिंघवी ने कहा कि मामले में महत्वपूर्ण न्यायिक विवेक की जरूरत है, इसमें लोकतंत्र के बड़े मुद्दे शामिल हैं।

एक नजर

सीबीआई और यूरोपोल के बीच हुआ समझौता

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और यूरोपीय संघ एजेंसी फॉर लॉ एन्फोर्समेंट ऑपरेशन (यूरोपोल) के बीच सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के लिए एक कार्य व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सीबीआई ने बयान जारी करके यह जानकारी दी। इस समझौता पर 21 मार्च (गुरुवार) को यूरोपोल के कार्यकारी निदेशक कैथरीन डी बोले और सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर नई दिल्ली और हेग में एक साथ एक आभासी कार्यक्रम में वरिष्ठ सीबीआई और यूरोपोल अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुए।

बीआरएस नेता कविता को जमानत देने से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया जिन्हें दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कविता से निचली अदालत में जाने को कहा। पीठ ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है जिसका यह अदालत पालन कर रही है और वह प्रोटोकॉल को नजरअंदाज नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि जहां तक धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाली कविता की याचिका है, अदालत ईडी को छह सप्ताह में उससे जवाब देने को कह रही है।

कर्नाटक में 9.64 करोड़ रुपये की नकदी जब्त

बेंगलुरु। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान 2.75 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 9.64 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 9.64 करोड़ रुपये नकद, 15.6 लाख रुपये की मुफ्त वस्तुएं, 22.85 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 7.20 लाख लीटर शराब जब्त की है। इसके अलावा 53 लाख रुपये से अधिक मूल्य के 52.12 किग्रा मादक पदार्थ और 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कीमती धातुएं भी बरामद की गईं हैं।

मदरसा शिक्षा एक्ट असंवैधानिक घोषित

● हाईकोर्ट ने कहा-यह अधिनियम संविधान के पंथ निरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत

● सरकार को निर्देश-मदरसा छात्रों को प्राइमरी माध्यमिक बोर्ड के स्कूलों में दें प्रवेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। कोर्ट ने अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्षता के मूल सिद्धांतों, संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन व अनुच्छेद 21-ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकारों के विपरीत करार दिया है। साथ ही यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन एक्ट की धारा 22 के भी विरुद्ध पाया है। कोर्ट ने राज्य को यह आदेश भी दिया है कि मदरसा अधिनियम के समाप्त होने के बाद प्रदेश में बड़ी संख्या में मौजूद मदरसों में पढ़ने वाले छात्र प्रभावित होंगे लिहाजा उन्हें प्राइमरी, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड्स से सम्बद्ध स्कूलों में समायोजित किया जाए। कहा कि सरकार पर्याप्त संख्या में सीटें बढ़ाए और आवश्यकता हो तो नए स्कूल खोले। सरकार सुनिश्चित करे कि 6 से 14 साल का कोई बच्चा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले से न छूट जाए।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अधिवक्ता अंशुमान सिंह राठौर की याचिका पर पारित किया। उक्त याचिका के साथ न्यायालय ने एकल पीठों द्वारा भेजी गई उन याचिकाओं पर भी सुनवाई जिनमें मदरसा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिकता का प्रश्न उठाते हुए, बड़ी बेंच को मामले भेजे गए थे। याचिकाओं पर न्यायालय ने 8 फरवरी 2024 को ही सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित कर लिया था।

2004 में बनाया गया यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात निजी मदरसों का संचालन प्रदेश में होता रहा। ये मदरसे राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे। वर्ष 1969 में पहली बार अरबी व फारसी मदरसा मान्यता विनियम लाया गया। इसके तहत मदरसों के पंजीकरण की व्यवस्था शुरू हुई। वर्ष 1987 में यूपी अशासकीय अरबी तथा फारसी मदरसों की मान्यता नियमावली लाई गई। 12 अगस्त 1995 के शासनादेश के द्वारा प्रदेश में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का गठन हुआ, उक्त विभाग के तहत मदरसों के लिए आने वाली योजनाएं व अन्य क्रिया कलाप किए जाने लगे। वर्ष 2004 में यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट बनाया गया।

पारंपरिक शिक्षा के लिए नियम बना सकती है सरकार

राज्य सरकार व मदरसा बोर्ड की ओर से दलील दी गई कि सरकार को पारम्परिक शिक्षा प्रदान करने के लिए नियम बनाने की शक्ति है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास यह शक्ति जरूर है लेकिन दी जाने वाली शिक्षा पंथ निरपेक्ष प्रकृति की होनी चाहिए, सरकार के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है जिसके तहत वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन कर दे। एमिकस क्यूरी ने भी दलील दी कि शिक्षा के अधिकार के तहत सरकार 6 से 14 वर्ष के बच्चों को ऐसी शिक्षा दे सकती है जो यूनिवर्सल हो।

अलग मजहब के बच्चों में अंतर नहीं कर सकते

याचिका में मदरसा अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्ष ढांचे के विपरीत बताया गया। कहा गया कि अधिनियम में यह स्पष्ट ही नहीं है कि एक विशेष धर्म की शिक्षा के लिए अलग से सरकारी बोर्ड बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा के मौलिक अधिकार के तहत राज्य का दायित्व है कि वह 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दे, वह अलग-अलग मजहब के बच्चों के बीच अंतर नहीं कर सकती। राज्य यह नहीं कर सकता कि किसी विशेष धर्म के बच्चे को बाकियों से अलग शिक्षा दे। धार्मिक आधार पर समाज को बांटने वाली राज्य की नीति संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत होती है।

मदरसों में अरबी, उर्दू के साथ दी जाती है इस्लामिक शिक्षा

न्यायालय ने कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 2 एफ के तहत 'संस्थान' से आशय राजकीय ओरिएंटल कॉलेज रामपुर, मदरसा व वे ओरिएंटल कॉलेज जो मुस्लिम द्वारा स्थापित किए गए हों और मदरसा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हों। धारा 2 एच में मदरसा शिक्षा के तहत अरबी, उर्दू आदि के साथ इस्लामिक शिक्षा भी आती है। बोर्ड की स्थापना के प्रावधानों के तहत बोर्ड का अध्यक्ष मुस्लिम शिक्षाविद होगा। सदस्यों में राजकीय ओरिएंटल कॉलेज, रामपुर का प्रिंसिपल, सुन्नी मुस्लिम विधायक, शिया मुस्लिम विधायक, सुन्नी मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान के दो प्रमुख व दो अध्यापक, शिया मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान का एक प्रमुख व एक अध्यापक होंगे।

3 छात्रों को रौंदकर नाले में जा घुसी रोडवेज बस

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

अमृत विचार : कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पतारा कस्बे में शुक्रवार की सुबह घर से राजकीय पॉलीटेक्निक जाने के लिए साइकिल से निकले तीन छात्रों को रोडवज बस ने कुचल दिया, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस सड़क किनारे नाले में जा घुसी। बस चालक और कंडक्टर भाग निकले। हादसे से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया, जो पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के पहुंचने पर छह घंटे बाद खुला।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के नंदना चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले कुंवरपुर गांव के अंकुश प्रजापति, दीपक तिवारी और मनीष सविता हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक के छात्र थे। तीनों की आयु 17 वर्ष के करीब थी। तीनों रोजाना साइकिल से पतारा स्टेशन तक आते थे और फिर ट्रेन पकड़कर सुमेरपुर जाते थे। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे तीनों साइकिल से पतारा पहुंचकर जैसे ही स्टेशन रोड पर मुड़े, तभी कानपुर की ओर से आई तेज रफ्तार हमीरपुर डिपो की बस ने तीनों को टक्कर मार दी और बगल के नाले में जा घुसी। तीनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद नाले में घुसी रोडवेज बस।

● कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पतारा कस्बे में हुआ हादसा

● राजकीय पॉलीटेक्निक जा रहे थे साइकिल सवार तीनों छात्र

हादसे से घबराए बस के यात्री उतरकर निकल गए। हादसे की सूचना कस्बे में फैलते ही भीड़ एकत्र हो गई और हाईवे पर जाम लगा दिया। तीनों छात्रों के परिवार और गांव वाले भी पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। एडीएम और एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने 10-10 लाख का मुआवजा और सरकारी सुविधाओं का लाभ दिए जाने का वादा किया, जिसके बाद दोपहर करीब एक बजे जाम खुल सका।

बंगाल में मंत्री के घर ईडी का छापा

● स्कूल भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल ने शुक्रवार को राज्य के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित आवास पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी के साथ सुबह करीब सवा नौ बजे सिन्हा के आवास पर पहुंची और इसने तलाशी अभियान शुरू किया। ममता बनर्जी सरकार में एमएसएमई और कपड़ा मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले सिन्हा उस समय करीब 90 किलोमीटर दूर मुरारई में अपने पैतृक घर पर थे।

बोलपुर से जाते समय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि वे जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जब तक मैं वहां पहुंचकर अधिकारियों से बात नहीं करूंगा, मैं नहीं बता पाऊंगा कि क्या हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंत्री के आवास पर तलाशी ली गई।

हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कुछ आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया जाए। इस मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी समेत कई लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पूर्व लोकसेवकों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मुख्य सचिव को एक समयसीमा के भीतर उसके समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसमें यह बताया जाए कि वह मामले पर स्वतंत्र रूप से निर्णय ले रहे हैं। न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि मुकदमा चलाने की मंजूरी पर निर्णय लेने में देरी गंभीर खेद का विषय है।

एएसआई ने शुरू किया भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण

धार (मप्र)। एएसआई के एक दल ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में स्थित विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया। दल में 10 से अधिक सदस्य शामिल हैं। एएसआई का यह दल सुबह परिसर में पहुंचा, पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक आशीष गोयल एएसआई के दल के साथ मौजूद थे। गोयल ने बताया कि एएसआई दल ने दोपहर तक काम किया और फिर परिसर से चले गए।

पुलिस से भिड़े ग्रामीण, पथराव

संवाददाता, भीरा/भानपुर (खीरी)

कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई थी टीम

● सिपाहियों से हाथापाई कर पुलिस वाहन के शीशे तोड़े

● हंगामे के बीच मौका पाकर भाग निकाला आरोपी

अमृत विचार : कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर उसके परिजनों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर हमला कर दिया। सिपाहियों के साथ हाथापाई की। पत्थरबाजी कर जीप के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद हाईवे पर जाम लगा दिया। कई अन्य वाहनों में भी तोड़फोड़ की। तीन सिपाही मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। एसपी खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

घटना शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे की है। भीरा-पलिया हाईवे के किनारे महावत समुदाय के लोग रहते हैं। यहीं का शिव कुमार कच्ची शराब बनाने के मामले में फरार चल रहा था। शुक्रवार को दरोगा जुबेर खां के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया और गाड़ी में बैठा कर थाने ले जाने लगे। इसी बीच उसके परिवार व समुदाय के अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाड़ी को घेर लिया। महिलाएं पुलिस की गाड़ी के आगे लेट गईं। इसी दौरान आरोपी शिवकुमार मौका पाकर भाग गया। उग्र लोगों ने सिपाहियों के साथ हाथापाई कर दी। पथराव और लाठी-डंडों से जीप के शीशे तोड़ डाले। लोगों के गुस्से को देख पुलिसकर्मी भाग खड़े हुए। हमले में तीन सिपाहियों को मामूली चोटें भी आईं हैं। इसके बाद हमलावरों ने मार्ग जाम कर दिया। हाईवे पर गुजरने वाले कई वाहनों पर भी पथराव किया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुलिस के साथ मारपीट से इनकार किया है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। दोषी किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। बहरहाल वायरल वीडियो में पुलिस के साथ हाथापाई नजर आ रही है।

बिहार में निर्माणाधीन पुल का हिस्सा ढहा, एक श्रमिक की मौत, नौ घायल

सुपौल/पटना, एजेंसी

● सुपौल जिले में कोसी नदी पर बनाया जा रहा है पुल

● एनएचएआई प्रशासन के अधिकारी पहुंचे जांच के निर्देश

बिहार के सुपौल जिले में शुक्रवार तड़के एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुपौल और मधुबनी जिले के भेजा-बकौर के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल के एक हिस्से के गिरने की सूचना मिली है। प्रशासन को घायलों की मदद करने और समुचित मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है।

सिन्हा ने कहा कि पुल गिरने की जांच कराई जाएगी और दोषी अभियंताओं और कार्यरत कंपनी के विरुद्ध नियम अनुसार जांच की जाएगी। जिम्मेदारों पर विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से संपर्क में हैं। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी वाईबी सिंह ने कहा कि बिहार के मधुबनी और सुपौल जिलों में भेजा और बकौर के बीच पुल का निर्माणाधीन स्पैन ढह गया है। कुल 10 मजदूर फंसे हुए थे। अस्पताल ले जाते समय एक की मौत हो गई और अन्य 9 को मामूली चोटें हैं। एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

रिजर्व बैंक के कार्यालय 30, 31 मार्च को खुले रहेंगे

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के सरकारी कामकाज से संबंधित कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं चालू वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30 और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के अनुरूप खुली रहेंगी। सरकारी खातों की वार्षिक बंदी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन 30 मार्च और 31 मार्च को शनिवार और रविवार होने के बाद भी निर्धारित समय तक किए जा सकते हैं। आरबीआई की ओर से कहा गया कि एनईएफटी और आरटीजीएस प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, को रात 12 बजे तक जारी रहेगा।

मकसद अधूरा | राशन कार्ड से वंचित परिवारों के बनने हैं फैमिली आईडी

एक परिवार-एक पहचान से भी वंचित परिवार

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

● लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, कन्नौज समेत कई जिलों की प्रगति खराब

अमृत विचार : प्रदेश में राशन कार्ड से वंचित परिवारों को फैमिली आईडी देकर एक परिवार-एक पहचान देने के प्रयास तो पूरे हैं, लेकिन मकसद अधूरा है। जिलों पर पहचान को मोहताज कुल 2,30,857 परिवारों ने ऑनलाइन आवेदन तो किए लेकिन, 95,192 ही स्वीकृत हो पाए। आवेदनों का निस्तारण व फैमिली आईडी बनाकर देने की प्रगति बेहद कम है। इस वजह से ज्यादातर जिलों में वंचित परिवारों को समय से फैमिली आईडी नहीं मिल पाई है। सबसे खराब प्रगति लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, सहारनपुर, सोनभद्र, महोबा व कन्नौज समेत अन्य जिलों की है। जिस पर शासन ने चिंता जताई है और प्रमुख सचिव नियोजन विभाग आलोक कुमार ने सभी जिलाधिकारी को प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने के साथ नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। जो विभिन्न स्तरों से लंबित आवेदनों का रियल टाइम स्टेटस प्राप्त करेंगे।

इन जिलों में भी इतने आवेदन लंबित

मुरादाबाद 2608, कानपुर नगर 654, बरेली 446, बदायूं 301, फर्रुखाबाद 324, फतेहपुर 516, अयोध्या 462, पीलीभीत 208, रामपुर 97

ये प्रदेश की प्रगति

कुल आवेदन :	2,30,857
स्वीकृत आवेदन :	95,192
अस्वीकृत आवेदन :	91,935
कुल लंबित आवेदन :	43,730

एक विशिष्ट पहचान पत्र देने की कवायद : दरअसल, अध्यासित परिवारों के राशन कार्ड ही संख्या ही उनकी फैमिली आईडी है। ऐसे कई परिवार हैं, जिनके राशन कार्ड नहीं है। इनको फैमिली आईडी देकर पहचान देना है। इसके लिए पोर्टल विकसित किया गया है।

इन जिलों में सबसे ज्यादा आवेदन लंबित

जिला	कुल	लंबित
लखनऊ	5472	3002
आजमगढ़	5942	3302
मिर्जापुर	2553	2152
सहारनपुर	4176	1073
सोनभद्र	1063	756
महोबा	1451	791
कन्नौज	1651	684

मकसद पहचान देने के साथ-साथ परिवारों लाभार्थीपरक योजना का लाभ देना है।

रॉयल चैलेंजर्स ने सीएसके को दिया 174 रनों का टारगेट

अनुज रावत और कार्तिक ने की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी

सीएसके की ओर से मुस्तफिजुर ने झटके 4 विकेट

चेन्नई, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती मैच में गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ छह विकेट पर 173 रन बनाये। आरसीबी के लिये विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने सर्वाधिक 48 रन बनाये। उनके अलावा दिनेश कार्तिक ने नाबाद 38 और कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 35 रन की पारी खेली। सीएसके के लिए मुस्तफिजुर रहमान सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर चार विकेट झटके।

युवा अनुज रावत 48 रन और दिनेश कार्तिकी नाबाद 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 174 रनों का लक्ष्य दिया है। शुक्रवार को एम ए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में

मुस्तफिजुर ने दो विकेट झटकते हुए आरसीबी को बैकफुट पर ला दिया। डुप्लेसी 23 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुये। वहीं रजत पाटीदार बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इसके बाद चाहर ने ग्लेन मैक्सवेल को शून्य पर निपटाकर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। विराट कोहली ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान विराट ने टी-20 में अपने 12 हजार रन भी पूरे किये। विराट को भी मुस्तफिजुर ने रविंद्र के हाथों कैच आउट कराया। उन्होंने 20 गेंदों में एक छक्के की मदद से 21 रन बनाये। इसके बाद मुस्तफिजुर ने कैमरून ग्रीन को 18 रन पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। अनुज रावत ने 25 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 48 बनाये। वह मैच की आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। वही दिनेश कार्तिक ने 26 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट लिये 95 रनों की साझेदारी करते हुए टीम को सम्मानजक स्कोर तक पहुंचा। चेन्नई के लिए मुस्तफिजुर रहमान के 29 रन देकर चार विकेट लिये। दीपक चाहर को एक विकेट मिला।

बेंगलुरु की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। मुस्तफिजुर रहमान ने 12वें ओवर की चौथी बॉल पर कमरन ग्रीन को बोल्ड कर दिया। ग्रीन 22 बॉल पर 18 रन बनाकर आउट हुए। दिनेश कार्तिक और अनुज रावत ने आरसीबी की पारी संभाली। दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम की नैया पार लगाई। 18वें ओवर दिनेश ने तुषार देशपांडे की पहली बॉल पर छक्का जमाकर फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की।

चैलेंजर्स बेंगलुरु

कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर	21
डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर	35
रजत का धोनी बो मुस्तफिजुर	00
मैक्सवेल का धोनी बो चाहर	00
कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर	18
अनुज रावत रन आउट	48
दिनेश कार्तिक नाबाद	38

अतिरिक्त : 13

कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन

विकेट पतन : 1-41,2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173

गेंदबाजी :

दीपक चाहर 4-0-37-1

तुषार देशपांडे 4-0-47-0

महीश तीक्षणा 4-0-36-0

मुस्तफिजुर रहमान 4-0-29-4

रविंद्र जडेजा 4-0-21-0

ओपनिंग सेरेमनी में दिखी भारत की धमक

चेन्नई, एजेंसी। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल के 17वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड कलाकारों से लेकर बेहतरीन लेजर शो का प्रदर्शन किया गया। चेपॉक क्रिकेट स्टेडियम में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ से लेकर सोनू निगम, एआर रहमान और मोहित चौहान जैसे बड़े कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की। लेजर शो में विक्रम लैंडर को देखकर फैंस पूरी तरह से अचंभित हो गए। इस लेजर शो में दिखाया गया कि कैसे लैंडर ने साउथ पोल पर लैंड किया था। आईपीएल के ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया। चंद्रयान और विक्रम लैंडर के साथ भारत की राजधानी इंडिया गेट का भी लेज शो दिखाया गया। इस दौरान इंडिया गेट पर अशोक चक्रन ने दर्शकों का मन मोह दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया। आखिर में 'जय हो' गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया।



खेल डायरी

साथियान ने पहला डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीता

नयी दिल्ली। भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15-13, 6-11, 11-8, 13-11 से मात दी थी।

मियामी ओपनः कालिनिना ने वोज्नियाकी को हराया

मियामी गार्डन्स। यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी। वह इस महीने इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंची लेकिन दाहिने पैर में चोट के कारण शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट में छोड़ना पड़ा।

फ्लिंटाफ टी20 विश्व कप के लिए बैकरूम स्टाफ में

लंदन। पूर्व आल राउंडर एंड्रयू फ्लिंटाफ को टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड के बैकरूम स्टाफ में शामिल किया गया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब इस पूर्व आल राउंडर को टीम के मुख्य कोच की संभावित उम्मीदवारी के संकेत के रूप में देखते हैं। फ्लिंटाफ 'द हंड्रेड' के इस सत्र में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के कोच होंगे और टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान भी टीम के साथ होंगे। की ने 'टेलीग्राफ' से कहा, ''मुझे लगता है कि वह एक शानदार मुख्य कोच होंगे।''

लंबे समय तक बल्लेबाजी और हर दिन बेहतर होना चाहता हूं

चंडीगढ़, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब 15 महीने बाद शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स का यह कप्तान इससे पहले भावनाओं के गुबार से गुजर रहा है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने टीम के सत्र के पहले मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''घबराया हुआ हूं, उत्साहित हूं, नर्वस हूं, ऐसा सब महसूस कर

बोले पंत

रहा हूं लेकिन साथ ही खुश भी हूं कि पेशेवर क्रिकेट में वापस खेल रहा हूं। मैं कल अपने पहले मैच में खेलने के लिए उत्साहित हूं।'' पंत जानते हैं कि पुरानी लय में आने में उन्हें समय लगेगा लेकिन वह एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाना चाहते हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व शिविर के बारे में बात करते हुए कहा, ''हर बार जब भी मैं मैदान पर उतर रहा हूं तो यह बहुत अलग महसूस हो रहा है। मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज जितना हो सके, उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। यह बेहतर भी है क्योंकि मैं जितना ज्यादा देर तक बल्लेबाजी करूंगा, शॉट लगाने के लिए उतनी ही बेहतर स्थिति में रहूंगा। मैं करीब डेढ़ साल से नहीं खेला हूं लेकिन 'मसल मेमरी' (अभ्यास से हासिल की गयी मांसपेशियों की गतिविधियां) तो बरकरार है।'' पंत ने कहा, ''मैं बचपन से ही खेल रहा हूं इसलिये यह इतनी आसानी से नहीं जाती है। इसलिये जितना मैं ज्यदाा अभ्यास करूंगा, बतौर क्रिकेटर खुद को उतना ही बेहतर मौका प्रदान करूंगा।'' वह ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते।

श्रीलंका को समेटने के बाद बांग्लादेशी पारी लड़खड़ाई

सिलहट। खालिद अहमद और नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने शुक्रवार पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका को पहली पारी में 280 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवा कर लड़खड़ा गई है। बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और श्रीलंका ने जाकिर हसन नौ रन, कप्तान नजमुल शान्तो पांच रन और मोमिनुल हक पांच रन के विकेट झटक लिये है। दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने पहली पारी में 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिये और वह श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे लड़खड़ा गई है। महमुदुल हसन जॉय नाबाद नौ रन, तैजुल इस्लाम बिना खाता खोले क्रीज पर थे। इससे पहले बांग्लादेश ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

मनु पाल ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में जीता मेडल
- मनु ने पूरी दुनिया में कन्नौज का नाम किया रोशन

अमृत विचार : इत्रनगरी की बेटी ने भारत को कांस्य पदक दिलाकर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में मनु पाल से कांस्य जीतकर मान बढ़ाया है। नगर के मोहल्ला भैनपुरा निवासी लान बाल्स खिलाड़ी मनु पाल ने अंडर 25 आयुवर्ग में 15वीं एशियन लान बाल्स चैंपियनशिप थाईलैंड में सहभागिता की। इसका आयोजन तीन से दस मार्च तक थाईलैंड के पटाया में किया गया। इस चैंपियनशिप में 13 एशियाई देश इंडिया, श्रीलंका, मकाउ, फिलीपींस, थाईलैंड, हांगकांग, चीन, सिंगापुर, जापान, कोरिया, ईरान, ब्रूनेई, दारुस्सलाम ने प्रतिभाग किया। मनु को वुमेन फोर्स में कांस्य

पदक मिला है। इस सफलता की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, तो ख़ुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने पिता रामनारायन पाल व मां हरिप्यारी देवी को बधाई दी। कांस्य पदक जीतने के बाद मनु पाल दूरभाष पर बताया कि आगे भी देश का नाम इसी प्रकार सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

बॉलीवुड हलचल

अमित सियाल बोले- रणदीप के साथ मिलकर घिसे हैं बर्तन

मुंबई, एजेंसी। मिर्जापुर और महारानी जैसी वेब सीरीज में अपनी दमदार अदाकारी का लोहा मनवा चुके एक्टर अमित सियाल जल्द ही फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में नजर आएंगे। फिल्म में उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर (रणदीप हुड्डा द्वारा अभिनीत) के छोटे भाई, नारायण दामोदर का किरदार निभाया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने रणदीप हुड्डा से अपनी दोस्ती के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि रणदीप से उनकी दोस्ती तकरीबन 29 साल पुरानी है। दोस्त कम, हम भाई ज्यादा हैं। सालों पहले हम ऑस्ट्रेलिया में एक साथ थे। एक ही घर में रहते थे। वहां साथ में टैक्सियां चलाते थे। इतना ही नहीं, हमने वहां होटल में एक साथ बर्तन भी घिसे हैं। वेटर की जॉब करते थे। रणदीप की तारीफ करने हुए कहा कि रियल लाइफ में मैं उनसे केवल एक साल बड़ा हूं। लेकिन स्वाभाविक तौर पर वे मुझसे बड़े हैं। रणदीप बहुत ही मैच्योर व्यक्ति हैं। बतौर एक्टर भी उनका अनुभव मुझसे ज्यादा है। स्क्रीन पर हमारा ये पुराना बॉन्ड देखने को मिलेगा। स्क्रीन पर दोनों भाई की केमिस्ट्री दिखाने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

अब राजनीति में भी चार चांद लगाएंगी उर्वशी रौतेला!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की स्टाइल आइकन उर्वशी रौतेला ने लोकसभा चुनाव 2024 की चर्चा के बीच हिंट दिया है कि वह भी चुनाव लड़ सकती हैं। उर्वशी ने कहा है कि उन्हें टिकट मिला है। हालांकि किस सीट से मिला है ये उन्होंने नहीं बताया है और ये भी नहीं बताया कि वह इलेक्शन लड़ रही हैं या नहीं। इस खबर से उर्वशी के फैंस काफी खुश हैं। उर्वशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह खुद इस बात के बारे में बताती नजर आ रही हैं। वह कह रही हैं, "टिकट मिली है मुझे लेकिन मुझे तय करना है कि मैं ये करने वाली हूं या नहीं। मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं या नहीं? आप लोग मुझे कमेंट सेक्शन में राय दें कि क्या मुझे राजनीति में शामिल होना चाहिए या नहीं।" दरअसल उर्वशी से राजनीति में उनकी दिलचस्पी के बारे में पूछा गया था, जिसके जवाब में उन्होंने टिकट मिलने की बात कही है। उर्वशी के राजनीति ज्वाइन करने की बात से हर कोई हैरान है।

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी मुखर्जी ने किया खुलासा

मुंबई, एजेंसी। रानी मुखर्जी ने हाल ही में खुलासा किया कि आदित्य चोपड़ा के बारे में उन्हें सबसे अच्छी बात क्या लगी थी। उन्होंने कहा कि दो लोगों के बीच में प्यार से ज्यादा सम्मान जरूरी होता है। रानी मुखर्जी ने 'सही कारणों' से शादी करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वे कई ऐसी महिलाओं को जानती हैं, जो अपनी पूरी लाइफ में भयानक रिश्तों को झेलती हैं। रानी मुखर्जी, आदित्य की ईमानदारी और उनकी लीडरशिप क्वालिटी से अट्रैक्ट हुई थीं। रानी बोलीं- मुझे लगता है कि वो वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। सच कहूं तो मेरे लिए ये काफी था। मैं अपने माता-पिता के साथ एक घर में पली-बढी हूं, और मैंने उनके रिश्ते को बहुत महत्व दिया है। मेरी लाइफ में, आसपास अच्छे लोगों का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे लोगों का सम्मान करना पसंद है। आदित्य के बारे में कहूं तो वो एक बहुत ही दयालु इंसान, एक अच्छे इंसान और अपनी टीम के लिए एक महान नेता हैं। रानी ने आगे कहा- आदित्य अपनी नैतिकता और निर्णय के मामले में बहुत निष्पक्ष हैं। एक समय के बाद आप प्यार से बाहर हो सकते हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान होना बहुत जरूरी होता है। वो कभी नहीं खोना चाहिए। मेरे लिए ये बहुत जरूरी है। अगर मैं किसी के करीब रहना चाहती हूं तो मुझे उनका सम्मान करना ही होगा। मैंने दुनिया को बहुत करीब से देखा है, मैंने फिल्म इंडस्ट्री में कई वर्षों तक काम किया है। इसलिए, अगर मुझे इस इंडस्ट्री से किसी व्यक्ति का चुनाव करना था, तो वो व्यक्ति आदित्य के अलावा और कोई नहीं हो सकता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

करंट लगने से भैंस की हुई मौत

रूरा। बिजली खंभे में लगे अर्थिंग वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई है। डगराहा गांव निवासी किसान छुनिया पाल ने बताया कि बिजली के खंबे में लगे आर्थिंग वायर से पास भरे पानी में करंट उतर आया। जिससे उसकी करीब एक लाख रुपये कीमत की भैंस की मौत हो गई है। किसान ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोपद लगाया है। जेई नितिन उपाध्याय ने बताया कि मौके पर बिजली विभाग की टीम जांच करने गई है। कार्रवाई की जाएगी।

बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

रूरा। क्षेत्र के भटौली गांव में तेज रफ्तार बाइकों की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार को डेरापुर की ओर से बाइक सवार अमित शर्मा व रूरा की ओर से आ रहे अंकित की बाइक आपस में भिड़ गईं। जिससे दोनों घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी में रूरा में भर्ती कराया गया है।

तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

मंगलपुर। शुक्रवार को थाना मंगलपुर को सूचना मिली कि कस्बा संदलपुर स्थित देसी शराब ठेके के पास एक संदिग्ध खड़ा है। मौके पर चौकी प्रभारी संदलपुर कौशल कुमार पहुंचे और संदिग्ध से कड़ाई के साथ पूछताछ की। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया।

गैंगरेप में तीन दोषियों को बीस-बीस साल कैद

कानपुर के गुजैनी में सुनियोजित तरीके से घटना को दिया अंजाम

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- दोषियों पर 27-27 हजार रुपये का लगा अर्थदंड, एक आरोपी दोषमुक्त
- 15 दिन तक बंधक बनाकर नशीला पदार्थ खिलाकर करते रहे दुष्कर्म

अमृत विचार। भोगनीपुर क्षेत्र के एक गांव की महिला को सुनियोजित ढंग से मायके से बुलवाकर कानपुर गुजैनी में बंधक बनाकर आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। मामले में एफटीसी प्रथम की अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए बीस-बीस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। सभी पर 27- 27 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। वहीं एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला की शादी वर्ष 2006 में पीएसी जवान के साथ हुई थी। उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। जिस कारण वह पति के यहां से आकर अपने मायके में रह रही थी। उसका गांव के ही इंदल के घर में आना जाना होने से दोस्ती हो गई थी। 22 जून 2021 को इंदल ने गांव के ही अमित उर्फ गोगा के साथ उसे पुखरायां बुलाया। यहां वह अपनी पुत्री व भांजी के साथ आई थी। पुखरायां से घूमने चलने का झांसा देकर इंदल व उसका दोस्त स्वतंत्र उसे गुजैनी कानपुर ले गए। वहां दोनों ने उसको पंद्रह दिन तक बंधक बनाने के साथ ही नशीला पदार्थ खिलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया।

इसी दौरान इंदल का भाई अखिलेश वहां आया। उसने भी महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया था। एक दिन इंदल का फोन वहां छूट जाने पर उसने घर वालों को हकीकत बताई। इसके बाद परिजनों व रिश्तेदारों के पहुंचने पर वह उनके चंगुल से मुक्त हो सकी। पीड़िता ने भोगनीपुर कोतवाली में इंदल, उसके भाई अखिलेश, अमित व उसके भाई स्वतंत्र के खिलाफ बंधक बनाने, नशीला पदार्थ खिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने चारो आरोपियों को जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी।

शुक्रवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी इंदल उसके भाई अखिलेश व स्वतंत्र को दोषी करार देते हुए बीस-बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। 27-27 हजार रुपये अर्थदंड अदा न करने पर उन्हें 27-27 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं साक्ष्य के अभाव में आरोपी अमित को दोषमुक्त कर दिया गया।

पत्नी की जलाकर हत्या में दोषी पति को सात साल कठोर कैद

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। मंगलपुर क्षेत्र के सुरासी गांव में करीब आठ साल पहले संदिग्ध हालात में एक विवाहिता की जलने से मौत हो गई थी। मृतका के पिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर पुत्री की जलाकर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में एडीजे चतुर्थ की अदालत ने पति को दहेज हत्या का दोषी पाते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि अकबरपुर क्षेत्र के निरंजनपुर गांव निवासी उदयनरायन ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उसने अपनी पुत्री गीता की शादी 15 फरवरी 2015 को मंगलपुर क्षेत्र के गांव सुरासी निवासी सोनू के साथ की थी। शादी में उसने अपनी सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिया था। इसके बावजूद सोनू और उसके पारिवारिक दहेज में दो लाख रुपये की मांग कर उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। पांच सितंबर 2016 को गीता को उसके पति सोनू, सास विमला देवी, ननद बीना नंदोई व अरविंद ने जलाकर मार दिया। पुलिस ने जांच कर आरोपी पति सोनू व सास विमला देवी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे।

गैर इरादतन हत्या में दोषी पत्नी को दस साल कठोर कारावास

कानपुर देहात। रसूलाबाद क्षेत्र में करीब आठ साल पहले एक व्यक्ति की रात में सोते समय धारदार हथियर से वार कर हत्या कर दी गई थी। मामले में एफटीसी द्वितीय की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने मामले में मृतक की पत्नी को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराते हुए दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता धनंजय पांडेय व प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि रसूलाबाद क्षेत्र के भवनपुर गांव निवासी रामलखन ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमे बताया था कि 13 जुलाई 2015 की रात करीब दो बजे उसके पुत्र को किसी अज्ञात ने सोते समय धारदार हथियार से हमलाकर उसकी हत्या कर दी है। मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए मृतक की पत्नी सुमन के खिलाफ साक्ष्य पाते हुए उसे जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी द्वितीय आनंद प्रिय गौतम की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी सुमन को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली
अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

सार-संक्षेप

जनपदीय टास्क फोर्स की बैठक करतीं सीडीओ। अमृत विचार

दस से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कानपुर देहात। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में सीडीओ लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के जनपदीय टास्क फोर्स अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सीएमओ डा. एके सिंह ने बताया कि जनपद में एक अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाएं जाने के निर्देश शासन से प्राप्त हुए हैं। जिसके दृष्टिगत ब्लॉक स्तरीय अंतर समन्वय समिति की बैठक कर ली गई है तथा सभी विभागों से माइक्रोप्लान प्राप्त हो चुके हैं। सीडीओ ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मुख्य रूप से सार्वजनिक भवनों, धार्मिक स्थलों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों, सीएचसी, पीएचसी, ऑगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय आदि के आसपास नालियों की सफाई, झाड़ियां की कटाई, एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग आदि से संबंधित क्रियाकलापों पर विशेष जोर दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

प्राथमिक स्कूल जसापुर में पिचकारी, रंग पाकर खुशी जताते बच्चे।

बच्चों को बांटे रंग-पिचकारी व मुखौटे

संदलपुर। विकासखंड संदलपुर की ग्राम पंचायत जसापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने बच्चों को रंग, गुलाल, पिचकारी, मुखौटा का वितरण किया गया। स्कूल के बच्चे रंग गुलाल व पिचकारी जैसे सामानों को पाकर काफी खुश नजर आए। प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने बताया कि बच्चों में होली की खुशियां किसी अभाव में फीका न करें इसलिए रंग, पिचकारी, मुखौटा आदि वितरित किया गया है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष दीपक कटियार, सहायक अध्यापक नीरज चौहान, सहायक अध्यापक राजवीर सिंह, शिक्षामित्र शैलेंद्र सिंह, शिक्षामित्र आरती सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करते एसडीएम। अमृत विचार

शांतिपूर्ण होली को लेकर ग्राम प्रधानों से मांगा सहयोग

पुखरायां। अमरौधा विकासखंड के सभागार में शुक्रवार को होली त्योहार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के तीस ग्राम प्रधानों से त्योहार शांतिपूर्ण मनाने को लेकर सहयोग की अपील की गई। भोगनीपुर एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी प्रधानों का सहयोग चाहिए। ताकि होली का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि तहसील क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों पर पेयजल, शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए रैंप, पंखा, मिडडे मील जैसी सभी व्यवस्थाएं समुचित होनी चाहिए। यदि किसी भी पोलिंग बूथ पर खामियां मिली तो तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को बक्शा न जाएगा। इस मौके पर भोगनीपुर सीओ देवेंद्र सिंह, अमरौधा बीडीओ कमलेश कुमार, कोतवाल अंजन कुमार सिंह, एपीओ सचिन सचान, एडीओ कृषि बलवीर प्रजापति, लेखाकार राजेश कुमार मिश्रा, प्रधान संघ के अध्यक्ष इरफान अहमद, शशांक मिश्रा प्रधान रैगवां, अजय यादव लखनापुर, कुलदीप निषाद किशुनपुर, प्रधान प्रतिनिधि गौरी रज्जन, शिशुपाल सिंह, मुन्ना लाल यादव, मनोज निषाद, सूरज सचान, आशीष कुमार, रामपाल निषाद, गोपाल निषाद आदि मौजूद रहे।

पिकअप की टक्कर से किसान की मौत

रसूलाबाद। पिकअप की टक्कर से किसान की मौत हो गई। बुझवा निवासी हरिनाथ यादव (70) बाजार से होली का सामान ले कर घर जा रहे थे। तभी बुझवा गांव के समीप हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे हरिनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी रसूलाबाद पहुंचाया गया। जहां ईएमओ डॉ एन चंद्रा ने मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के पुत्र मनोज, उमेश, मुकेश, नीतीश और पत्नी कुसमा का रो रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। संदेश खली में महिलाओं और परिवारों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में वृद्ध सेवा जनकल्याण संस्थान के अध्यक्ष की अगुवाई में पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

शुक्रवार को वृद्ध सेवा जनकल्याण संस्थान के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देते हुए बताया कि 47 दिन पहले ईडी के अधिकारियों पर हमला होने के बाद संदेशखाली घटनाएं सामने आ सकी। बच्चों और महिलाओं के साथ बर्बरता पूर्वक व्यवहार, यौन उत्पीड़न, मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पश्चिम बंगाल प्रशासन और पुलिस विभाग की नाकामी का यह नमूना है। पश्चिम बंगाल की महिलाओं व बच्चों पर अत्याचारों की घटनाओं के बाद भी पुलिस ने कोई एफआईआर तक दर्ज नहीं की। उन्होंने ज्ञापन में मांग कि लोकतंत्र में हो रहे महिला एवं मानवाधिकारों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई हो। ज्ञापन देने में आचार्य आशू जी, धर्मेंद्र दुबे, विवेक कुमार, कमल मिश्रा, राजकुमार, रोहित दिवाकर, धीरेंद्र, शिवम बाजपेयी, संतोष कुमार आदि रहे।

रमजान का पाक महीना बरकत और रहमतों वाला

मूसानगर। रमजान के दूसरे जुमा को मूसानगर क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज़ अदा की गई। सितारा मस्जिद छिपैठी में नायब इमाम हाफ़िज़ ने जुमा की नमाज़ अता कराई।

नमाज़ से पहले इमाम हाफ़िज़ मोहम्मद हसीब मदनी ने हदीस बयान करते हुए कहा कि रमजान का महीना रहमतों का है। इस महीने में हज़रत जीब्रील अलाहिस्सलाम ने तीन लोगों पर बद्दुआ की है और हज़रत मोहम्मद साहब ने तीनों बद्दुआओं पर आमीन कहा है कि एक वो जिसने रमजान में रोज़े नही रखे और न इबादत करते हैं। दूसरे वो जो हज़रत मोहम्मद साहब का ज़िक्र होने पर दरूद नहीं पढ़ते।

होली भाईचारा व आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार

- माती कचहरी में अधिवक्ताओं का होली मिलन समारोह

कानपुर देहात। होली भाईचारा व आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। यह बात सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने जनपद न्यायालय में आयोजित अधिवक्ताओं के होली मिलन समारोह में कही।

उन्होंने वादकारियों से कहा कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इसलिए किसी को निराश नहीं होना चाहिए। अपील करते हुए कहा कि लोगों को त्योहार पर रासायनिक लेप व नशे आदि से दूर रहना चाहिए। एकीकृत बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम कटियार ने कहा कि यह पर्व भाई-चारे का संदेश देता है। होली मिलन समारोह में जिला जज जयप्रकाश तिवारी, एडीजे चन्द्र शेखर, स्पेशल जज रजत सिन्हा, अपर जिला जज पंचम दुर्गेश, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जिला बार एसो. माती अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

हर इंसान को माता और गाय की करनी चाहिए सेवा

पुखरायां। मंडी समिति पुखरायां में वृंदावन धाम से आई कथा वाचिका पूजा किशोरी ने शुक्रवार को कथा सुनाते हुए कहा कि गरीब को एक रोटी का टुकड़ा खिलाना मानव को स्वर्ग के द्वार ले जाता है। हर इंसान को माता व गौमाता की सेवा करनी चाहिए। इससे घर में दरिद्रता नहीं आती। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण-सुदामा एक साथ पढ़ते थे। एक दिन सुदामा ने चोरी से श्रीकृष्ण के हक का चना खा लिया। उन्होंने श्रीकृष्ण से कपट किया था। इस कारण सुदामा के घर में दरिद्रता आ गई। पत्नी सुशीला के कहने पर सुदामा श्रीकृष्ण के पास जाते हैं। जहां सुदामा का नाम सुनते ही नंगे पैर आकर श्रीकृष्ण ने गले से लगाया।

डीसीएम की टक्कर से आलू लदी ट्रैक्टर- ट्रॉली पलटी, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। मुंगीसापुर क्षेत्र के बिहारघाट चौकी अंतर्गत मवई मुक्ता के पास आलू लेकर चकरपुर जा रहे ट्रैक्टर में पीछे से तेज रफ्तार आ रही डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी किसान राजेश उर्फ कल्लू (45) गांव के ही चालक धर्मेंद्र (30) की ट्रैक्टर ट्राली में आलू लेकर शुक्रवार सुबह कानपुर नगर की चकरपुर मंडी बेचने जा रहे थे। तभी बिहारघाट चौकी से पहले आलू की कुछ बोरियां सड़क कर नीचे गिर गई। जिन्हें उठाकर ट्रैक्टर में रखने के बाद जैसे ही वह चलने लगे। तभी कानपुर-इटावा हाईवे पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रनियां थाना क्षेत्र के चिराना गांव निवासी डीसीएम चालक आशीष गौतम (23) व परिचालक राजा तथा ट्रैक्टर चालक धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज बिहारघाट रामवीर सिंह ने तीनों घायलों को एनएचएआई की एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।

हादसे के बाद हाईवे पर पलटी ट्रैक्टर- ट्रॉली व छानबीन करती पुलिस।

डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

कानपुर देहात। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत डीएम आलोक सिंह ने कलेक्ट्रेट के समीप बने ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम व वीवीपैट के रखरखाव, साफ-सफाई व अन्य संबंधित व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कहा कि ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मी, गार्ड मुस्तैद रहें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए।

होली आई रे ... बाजार में रंग-गुलाल व पिचकारियों की धूम, खरीदारी को बढ़ी चहल-पहल

होली का सजा बाजार, रंगों की होगी जमकर बौछार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। बाजार में होली के रंग बिखरने लगे हैं। खरीदारी को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। दुकानों पर एक से बढ़कर एक नए-नए उत्पाद उपलब्ध हैं। बाजार में आई गुलाल गन से इस बार जमकर रंगों की बौछार होगी। लोगों को गुलाल गन खूब पसंद आ रही है। वहीं, बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर पिचकारियों की डिमांड भी कुछ कम नहीं है।

होली को लेकर बाजारों में रंग और पिचकारियों की दुकानें सज गई है। कार्टून पात्रों और मोदी के मास्क भी दुकानों पर सजे है। दुकानों पर रंग और गुलाल के साथ-साथ गिफ्ट पैक भी जमकर बिक रहे हैं। लोगों में गिफ्ट पैक को लेकर मांग बढ़ रही है। इस बार बच्चों के लिए अलग-अलग तरह की पिचकारियां दुकानों पर सजी हुई हैं। बीस रुपये से लेकर पांच सौ हजार रुपये तक का आइटम उपलब्ध है। नए-नए डिजाइन के आइटम लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए है। अकबरपुर कस्बा के अंडरपास चौराहा, एसबीआई रोड, रूरा रोड चौराहा, सदर बाजार, माती रोड समेत रनियां, शिवली, रसूलाबाद, रूरा, डेरापुर, सिकंदरा, मूसानगर, राजपुर, पुखरायां, संदलपुर समेत अन्य प्रमुख कस्बों में होली के सामान की दुकानें सज गई हैं।

रंग-गुलाल उगलेगा टैंक और मोदी गन: गुलाल की मस्ती के साथ बच्चों को पिचकारी सबसे अधिक लुभाती है। होली पर पिचकारी को लेकर बच्चों में खासा क्रेज रहता है। पसंदीदा कार्टून छोटा भीम, मोटू-पतलू, डोरेमोन आदि के आकार वाली पिचकारियों की भरमार है। बंदूक, टैंक वाली पिचकारी भी पसंद की जा रही है।

संदलपुर में सजी रंग-गुलाल की दुकान।

कचरी, चिप्स-पापड़ आदि की सजी दुकान।

केसर व चंद्रकला गुझिया से पटा बाजार

होली के पर्व में गुझिया मिठास घोलती है। भले ही होली में अभी दो दिन बाकी हों, लेकिन मिठाई की दुकानों पर यह नजर आने लगी है। इसकी एक नहीं बल्कि आधा दर्जन से ज्यादा वैरायटी हैं। इनमें प्लेन, केसर, चंद्रकला, समोसा, ड्राइ फ्रूट, रोस्टेड आदि गुझिया दुकानों पर उपलब्ध हैं। लोग ड्राई फ्रूट वाली गुजिया तो खासतौर से पसंद कर रहे है। मशहूर कंपनियों के साथ ही आम दुकानों पर भी गुझिया की विशेष पैकेजिंग के साथ बिक्री की जा रही है। गुझिया भी सिल्वर तवे में खूबसूरती के साथ पैक किया गया है। मधुमेह के रोगियों के लिए शक्कर मुक्त गुझिया भी बाजारों में मौजूद है। खजूर व अंजीर डाल कर तैयार किया जाता है।

हर्बल रंग-गुलाल की डिमांड

होली पर केमिकल रंगों से त्वचा को कोई नुकसान न हो, जिसके चलते हर्बल गुलाल की बढ़ गई है। अकबरपुर सदर बाजार के नारायण, रामजी ने बताया कि दुकानों में हर्बल रंग उपलब्ध है।

होलिका दहन की तैयारी तेज

होलिका दहन के लिए दो दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में शहर से लेकर गांव तक के गली-चौराहों पर जगह-जगह होलिका सजा दी गई हैं। युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ होली की तैयारी की है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

रंगोत्सव की गुझिया पर महंगाई का रंग, फिर भी जमकर खरीदारी

रिफाइंड, तेल व अन्य सामग्री के दाम बढ़े, पिचकारियां व अबीर-गुलाल से सजीं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। रंगों के त्योहार होली पर जहां रंगों की बौछार रहती है तो वहीं स्वादिष्ट पकवान भी खास रहते हैं। खाद्य पदार्थों पर जिस रफ्तार से महंगाई बढ़ी है, उससे इस बार होली की गुझिया का स्वाद फीका होने की उम्मीद है। गुझिया बनाने में प्रयुक्त होने वाली सभी तरह की चीजों के दाम पिछली होली की तुलना में काफी बढ़ गए हैं। रसोई गैस की महंगाई को लेकर गृहणियां पहले से ही परेशान हैं। अब होली के त्योहार पर महंगाई की मार से खासकर गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

होली पर सभी घरों में चिप्स पापड़ के साथ अन्य पकवान बनाए जाते हैं। इसलिए होली पर खाद्य तेल की खपत बढ़ जाती है। इस बार होली से एक माह पहले रिफाइंड और सरसो के तेल पर 10 से 15 रुपये की बढ़ोत्तरी हो गई है। इसलिए लोगों को खाद्य तेल खरीदने में जेब ढीली करनी पड़ रही है। वहीं मैदा, रवा, बेसन आदि के भी दाम बढ़ गए हैं। होली को लेकर जिधर देखो उधर उत्साह और उमंग का माहौल दिख रहा है। लोग बाजारों में पहुंच कर पकवान आदि बनवाने को खाद्य सामग्री की खरीद को बाजार पहुंच रहे हैं। लेकिन महंगाई के चलने लोग हाथ खींचकर खरीदारी करने को मजबूर हो रहे हैं।

दुकानदार वीरेंद्र ने बताया कि खाद्य तेल की कीमतें अचानक बढ़ी हैं। मैदा, रवा, चिरौंजी, बेसन के भी दाम बढ़ गए हैं। लेकिन होली के उत्साह और उमंग में लोग खूब खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदार बताते हैं कि महंगाई तो है लेकिन लोग खरीदारी कर रहे हैं।

बाजार में सजी दुकान। अमृत विचार

खाद्य पदार्थों के दाम प्रति किलो

खाद्य पदार्थ	पहले	अब
रिफाइंड	110	125
सरसों तेल	110	135
मैदा	30	32
रवा	32	34
चिरौंजी	1300	2500
बेसन	75	80
किसमिस	240	240
गरी	150	150
चीनी	42	42
बूरा	48	48

रमजान का पहला अशरा मुक्कमल, मांगी दुआएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। रमजान माह का दूसरा अशरा शुक्रवार से शुरू हो गया। दूसरे अशरे पर काजी शहर मौलाना कारी फरीद उद्दीन कादरी ने कहा कि मगफिरत वाले इस अशरे में ज्यादा से ज्यादा इबादत करके अपने परवरदिगार को याद करें। क्योंकि पैगम्बरे इस्लाम ने इरशाद फरमाया शाबान मेरा महीना है और रमजान अल्लाह तआला का महीना है। लिहाजा जो बंदा पूरे माह के रोजे रखता है तो अल्लाह तआला उसके गुनाहों को बक्श देता है और रोजदार जन्नत का हकदार हो जाता है।

शहरकाजी ने कहा कि जो आकिल (अक्लमंद) बालिग मुसलमान रोजा नहीं रखता वह गुनेहगार है और रमजान का रोजा एक भी जान बूझकर छोड़ता है तो वह पूरी जिंदगी रोजा रखे तो भी छोड़े हुए एक रोजे की भरपाई नहीं कर सकता। क्योंकि पैगम्बरे इस्लाम ने इरशाद फरमाया कि जो मुसलमान बगैर शरई उज्र के एक भी रोजा छोड़ता है तो वह गुनेहगार होगा। लिहाजा नमाज की पाबंदी के साथ-साथ रोजे भी पाबंदी से रखें। क्योंकि इस माह में अल्लाह के नजदीक रोजे से बढ़कर कोई इबादत नहीं है।

शहरकाजी ने कहा कि मालदारों को चाहिए कि वह बेवा, गरीब, यतीम, मिस्कीन जो अपने बच्चों के खाने-पीने का अच्छा इंतजाम नहीं कर सकते, उन पर खुसूसी तवज्जो दें। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से अपील किया की कि आने वाले सभी त्योहारों को मिलजुल कर मनाएं और समाज में अमनो शांति का पैगाम दें।



मौलाना कारी फरीदउद्दीन कादरी।

- रमजान माह को लेकर काजी शहर ने दी जानकारी

सार-संक्षेप

एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया गया। जहां महिला आरक्षियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण का निरीक्षण, मार्क ड्रिल अभ्यास के बाद पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर परिवहन शाखा, भोजनालय, वर्दी स्टोर, क्वार्टर गार्द, घरैया लाइन की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए।

धोखाधड़ी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

फतेहपुर। गाजीपुर पुलिस ने जमोह लामेट निवासी दिनेश सिंह उर्फ छोटा सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी कर न्यायालय रवाना किया है।

तमंचा के साथ गिरफ्तार, मामला दर्ज

फतेहपुर। जहानाबाद पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को एक तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान बकेवर थाने के कंसाही निवासी मोहम्मद रफीक उर्फ राकेश पुत्र जलालुद्दीन के रूप में बताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

स्कूल में होली की छुट्टी के बाद एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते स्कूली बच्चे।

बच्चों ने खेली होली, गुरुजनों से लिया आशीर्वाद

फतेहपुर। होली पर्व की स्कूलों में छुट्टी होने पर छात्र-छात्राओं ने अबीर-गुलाल लगाकर जमकर होली खेली। अपने गुरुजनों को अबीर लगाकर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया तो शिक्षकों ने भी बच्चों को होली पर्व को सारे मतभेद भुलाकर एवं सावधानीपूर्वक पर्व मनाने की नसीहत दी। शहर के सांई सिटी इंटर कॉलेज, मां सरस्वती ज्ञान मंदिर सांई विहार जयराम नगर में होली का पर्व मनाया गया। जिसमें समस्त बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिले और खुशी से झूम उठे। अपने गुरुजनों को गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरा विद्यालय परिवार बच्चों की खुशी एवं मस्ती से गुंजायमान रहा। गुरुजनों ने बच्चों के जीवन में विभिन्न रंगों की तरह सुख समृद्धि प्राप्त हो उसकी कामना की। विद्यालय के प्रबंधक पवन सिंह गौर ने होली के महत्व एवं मनाने के कारण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली आपसी भाई-चारे सामाजिक सौहार्द बनाने तथा गले-शिकवे भूल कर बंधुत्व को बढ़ाने का कार्य यह पर्व करता है।

खाटू श्याम के कीर्तन में झूमते श्रद्धालु। अमृत विचार

नीले घोड़े पर सवार होकर बाबा श्याम आ गया...

पुखरायां। चमत्कारी सांवरिया सेठ की ओर से श्रीखाटू श्याम कीर्तन का आयोजन द्वादशी के उपलक्ष्य में श्री श्याम सांवरिया मंडल द्वारा पुखरायां कस्बे में किया गया। इस दौरान लोग खाटू श्याम के भजनों में झूमते रहे। पुखरायां निवासी सुनीता अग्रवाल ने बताया कि कस्बे में पंचम बार श्री चमत्कारी सांवरिया सेठ द्वारा श्रीखाटू श्याम का दरबार सजाया गया। जिसमें बाबा की अखंड ज्योति के साथ लखदातार के भंडार से श्रीश्याम सखा परिवार द्वारा प्रसाद के रूप में वितरित की गई। स्वेता गोयल ने बताया कि भजन प्रवाहक् कविता गोयल, राधा गर्ग ने गणेश वंदना कर कीर्तन प्रारंभ किया। इसके बाद संगीता गोयल ने दीना नाथ मेरी बात सुन लो, श्याम बाबा मेरी बात खाली हाथ, खाटू वाले श्याम बाबा हम तेरे शरण में आए, गायिका शालू शर्मा ने वो आ गया-वो आ गया, नीले घोड़े पर सवार होकर बाबा श्याम आ गया-आ गया तथा जब-जब संकट आया है, हारे के सहारे श्याम बाबा आया है, गायिका खुशबू सिंह ने भजन में हारा हूं बाबा तुझपे भरोसा है, जीतूंगा एक दिन बाबा तुझ पे भरोसा है, आदि गाकर श्याम प्रेमियों को भाव विभोर कर दिया। नगर पालिका अध्यक्ष पूनम दिवाकर, मीनू अग्रवाल, संगीता कंछल, सोनम गर्ग, आयुषी गर्ग, मोनिका गर्ग, अर्चना गर्ग, नीति अग्रवाल, अपेक्षा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

प्रसव के दौरान महिला की मौत, पुलिस से शिकायत

शिवली। कल्याणपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल वालों पर लापरवाही का आरोप लगा शिवली पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली शिवली के बैरी सवाई के रहने वाले संदीप की शादी मध्य प्रदेश के जिला मुरैना के गांव सवलगढा की शिवानी (23) के साथ पांच वर्ष पूर्व हुई थी। शिवानी का प्रसव कराने के लिए शुक्रवार को परिजन कानपुर कल्यानपुर सीएचसी ले गए। जहां प्रसव के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि नवजात शिशु ठीक है। इसके बाद मृतका का शव लेकर परिजन बैरी सवाई आ गए। मृतका की मां कल्लो, मौसी रेखा, जीजा सुरेंद्र ने सीएचसी में प्रसव के दौरान लापरवाही से मौत होने की शिकायत पुलिस से की है। चौकी प्रभारी काली चरण ने बताया कि जांच की जा रही है।

पुलिस व आईटीबीपी जवानों ने किया पैदल मार्च

मूसानगर। आगामी होली त्योहर व लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील गांवों में पुलिस के साथ आईटीबीपी के जवानों ने पैदल मार्च किया। शुक्रवार को केंद्रीय अर्धसैनिक बल की एक कंपनी मूसानगर पहुंची। आईटीबीपी टीम के कमांडर संदीप तोमर के साथ मूसानगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव कुंभापुर, सिहारी, सनाया खेड़ा, सरायं, फत्तेपुर व गौसगंज में पैदल मार्च कर लोगों को कानून व्यवस्था का अहसास कराया। इससे पहले थाना प्रभारी मूसानगर दिनेश गौतम ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों का स्वागत किया।

जमीन के विवाद में छोटे भाई को पीटा

रसूलाबाद। शुक्रवार को यादव नगर निवासी विनोद कुमार पुत्र कन्हैया लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी जयमती देवी घर के अंदर लिपाई का रही थी। बड़े भाई राम शंकर ने यह कहकर विरोध किया कि यह जमीन उसकी है। विरोध करने पर राम शंकर, उनके पुत्र विनय व सौरभ विजय ने लाठी-कुल्हाड़ी से हमला कर जयमती, उसकी बहू को घायल कर दिया। बचाने आए विनोद कुमार के हाथ में भी लाठी मार दी। पुलिस घायलों को सीएचसी ले गई। तहरीर पर कार्रवाई शुरू की गई है।

आचार संहिता का न होने पाए उल्लंघन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 10 लाख से अधिक नकदी मिलने पर पहुंचेगी आईटी टीम
- निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन को मीडियाकर्मियों के समक्ष रखा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में उपजिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण में लगाए गई टीम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर ले। साथ ही एफएसटी, एसएसटी वीडियो सर्विलांस के लिए जो एसओपी बनाई गई है, उसके अनुसार ही जांच करे। जनपद में आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी दशा में न होने पाए। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभाओं में सघन चेकिंग करे। जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी के मोबाइल नंबर अवश्य रखें। एसओसी चकबंदी, उपजिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, अपर उप जिलाधिकारी अजय कुमार पांडेय, एलडीएम सहित वीडियो सर्विलांस टीम मौजूद रही।

मीडिया करे सहयोग: अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप ने मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी, सोशल मीडिया से संबंधित बैठक प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ करते हुए चुनाव आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने अपील की कि आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए, साथ ही भ्रामक, पेड न्यूज पर विशेष ध्यान दें। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में आपका सहयोग आपेक्षित है।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप।

10 हजार तक का ही नकद भुगतान

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने एलडीएम से कहा कि उम्मीदवारों के बैंक खाते समय से खोलते हुए पर्याप्त चेकबुक उपलब्ध कराया जाए। आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 10 हजार रुपये तक का ही नकद भुगतान करने के लिए अधिकृत हैं। उन्होंने कहा कि बैंक खाते से संदेहास्पद एक लाख रुपये जमा और निकालने पर एवं नगदी परिवहन (एटीएम) के लिए किया जाता है, तो कर्मचारियों को पहचान पत्र देते हुए वाहन में क्यू आर कोड में पूरी डिटेल फीड करते हुए क्यू आर कोड की प्रति वाहन में चस्पा करें। टीम द्वारा 10 लाख कैश मिलने पर आयकर विभाग व संबंधितों को अवगत कराएं।

ट्रांसफार्मर फुंका, सात माह से बरायपुर गांव में ब्लैक आउट

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। तहसील क्षेत्र का एक गांव ऐसा हैं जहां ट्रांसफार्मर जल जाने से बीते अगस्त माह से लोग अंधेरे में गुजर बसर करने को मजबूर हैं। मामला तहसील क्षेत्र के विकासखंड धाता अंतर्गत बरायपुर गांव का है।

ग्राम पंचायत रतनपुर मजरे बरायपुर में लगभग 7 माह से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जला पड़ा है। जिसकी शिकायत उपभोक्ताओं ने नजदीकी पावर हॉउस उपकेंद्र में कई बार की लेकिन नतीजा शून्य ही रहा। वहीं ग्राम वासियों ने रोष जताते हुए कहा की पूरा गांव इस समस्या से जूझ रहा है, कोई भी विद्युत कर्मचारी हमारी फरियाद सुनने को तैयार नहीं है। उपभोक्ताओं ने स्थानीय विद्युत उपकेंद्र से मांग की है कि जल्द ही ट्रांसफार्मर लगवाने की व्यवस्था की जाए। मोहन लाल, हनुमान सिंह, सुरेश सिंह, दसु पासवान समेत अन्य ने बताया कि हमारे साथ एक तरह का अत्याचार हो रहा है। जिनके पास पैसा है, वह जेई से इस्टीमेट बनवा कर 10 केवीए का निजी ट्रांसफार्मर लगा लिए हैं और जिनके पास पैसा नहीं हैं वह सभी अंधेरें में अपना जीवन गुजर बसर कर रहें हैं। कनपुरवा पावर हॉउस के जेई आदित्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक जले हुए ट्रांसफार्मर की कोई कंप्लेन उपलब्ध नहीं हो पाई है। जैसे ही कंप्लेंन की जाती है उसके आधार पर ट्रांसफार्मर लगवाने की व्यवस्था की जाएगी।

फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर।

ऑटो व ई-रिक्शा की टक्कर में चार लोग घायल

संदलपुर। मंगलपुर थाना क्षेत्र के संदलपुर रोड पर तेज रफ्तार ऑटो व ई-रिक्शा ओवरटेक करने के दौरान आपस में टकरा गए। हादसे में सालू, निवासी अंतापुर, रोहित निवासी गुरदही, विकास यादव निवासी बहबलपुर व संदीप निवासी सिकंदरा घायल हो गए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। दुर्घटना के बाद करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति रही। जिससे वाहन सवारों को परेशान होना पड़ा। लोगों का कहना है कि मार्ग पर पीडब्ल्यूडी द्वारा किसी भी जगह ब्रेकर न बनवाए जाने से लगातार हादसे हो रहे हैं। चौकी इंचार्ज संदलपुर कौशल कुमार ने बताया कि चारों घायलों को सीएचसी भेजकर यातायात सुचारू करा दिया गया है।

परिषदीय कार्यक्रमों में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को परिषदीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का कौशल दिखाया।

प्राचार्य प्रोफेसर सरिता गुप्ता के अध्यक्षता में सितार, राजनीति विज्ञान, हिंदी, गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में परिषदीय प्रतियोगिताएं संपन्न करवाई गईं। सितार विभाग की छात्राओं ने सुंदर वाद्य मॉडल प्रदर्शनी प्रस्तुत की। साथ ही छात्राओं ने चार्ट व क्विज प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राजनीति विज्ञान की विभाग प्रभारी प्रोफेसर शकुंतला ने संविधान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, मानवाधिकार विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता व जी-20 विषय पर मॉडल प्रतियोगिता का प्रदर्शन कराया।

मुंडन कार्यक्रम में बार-बालाओं ने लगाए ठुमके

किशनपुर। थाना क्षेत्र के गढ़ीवा गांव में बिना परमिशन के बार बालाओं के ठुमके लगाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

गढीवा गांव निवासी शंभू निषाद के यहां मुंडन कार्यक्रम था। गुरुवार देर रात बिना परमिशन बार बालाओं के कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। ठीक 10 बजे के आसपास बार बालाओं ने ठुमके लगाने शुरू किए। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस हरकत में आई और कार्यक्रम को बंद कराया। आयोजक शंभू निषाद उसके बेटे दिलीप निषाद व डीजे संचालक सहित तीन अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अदालत ने एसपी से तलब की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- मूसानगर क्षेत्र में 30 जनवरी को पलटी डीसीएम से अवैध शराब मिलने का मामला
- चालक ने पूर्व एसओ व अन्य पर लूट का आरोप लगा एंटी डकैती कोर्ट में दिया प्रार्थना पत्र

अमृत विचार। मूसानगर थाना क्षेत्र में दो माह पहले अंग्रेजी शराब लदी गाड़ी पलटने की सूचना पर पुलिस ने शराब को अवैध बताकर चालक वा केय दर्ज कर जेल भेज दिया था। आरोपी की जमानत मंजूर करते हुए अदालत ने पुलिस की भूमिका संदिग्ध मानते हुए जांच के लिए एसपी को आदेश की प्रति भेजी थी। वहीं जेल से रिहा होने के बाद गाड़ी चालक ने तत्कालीन मूसानगर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ मारपीट, शराब लूटने व फर्जी मुकदमा दर्जकर जेल भेजने का आरोप लगा एंटी डकैती कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया है। अदालत ने एसपी से एडीजे पंचम के आदेश पर की कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत मिश्रा और विकास सिंह ने बताया कि बीती 30 जनवरी को मूसानगर थाना क्षेत्र के पथार गांव से आगे जाने वाले रास्ते पर अंग्रेजी शराब लदी एक डीसीएम पलट गई थी। तत्कालीन मूसानगर थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह मय पुलिस फोर्स पहुंच कर वाहन चालक को थाने ले आए थे। इसके बाद उसके खिलाफ गाड़ी व शराब के कागज न दिखा पाने में एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। अदालत ने गंभीरता से लेते हुए 21 फरवरी को आरोपी की जमानत मंजूर की थी। साथ ही पुलिस कर्मियों की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए अदालत ने आदेश की प्रति एसपी को भेजते हुए मामले की सम्यक विवेचना करने के आदेश दिए थे। मामले में आरोपी हमीरपुर के ग्राम पौंथिया निवासी राहुल पटेल ने जेल से रिहा होने के बाद एंटी डकैती कोर्ट में तत्कालीन मूसानगर थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह, एसआई बन्दूलाल, चालक धीरज कुमार, कांस्टेबल सुभाष चंद्र व तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट, शराब, मोबाइल, रुपये आदि लूटने व शराब व वाहन संबंधी वैध प्रपत्र होने के बावजूद अवैध शराब का फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने का प्रार्थना पत्र दिया था। जिसकी सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की अदालत ने एडीजे पंचम की अदालत द्वारा दिए गए आदेश पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक से तलब की है। जिसपर 27 मार्च को सुनवाई होगी।

समय से होगी पढ़ाई | परिषदीय स्कूलों के बच्चों को दी जाती हैं नि :शुल्क पुस्तकें

सत्र के पहले दिन मिलेंगी पुस्तकें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में पंजीकृत बच्चों को पुरानी पाठ्य पुस्तक के सहारे पढ़ाई नहीं करनी पड़ेगी। सत्र शुरू होते ही पहले दिन पंजीकृत बच्चों को नई किताबें दी जाएंगी। विभाग की मांग पर नामित प्रकाशन की ओर से पुस्तकों की आपूर्ति सभी बीआरसी में कर दी गई हैं। अब इन किताबों को बीआरसी के माध्यम से स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा। एक अप्रैल को किताबों का वितरण कराने की तैयारी है।

कक्षा-एक से आठ तक के विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले के करीब 2167 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट स्कूल और एडेड स्कूल संचालित हैं। नवीन कक्षा में प्रवेश के बाद शैक्षिक सत्र 2024-25 में स्कूलों में अध्ययनरत सभी बच्चों को शिक्षा सत्र के पहले दिन पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग पूरी तरह से गंभीर है।

जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अखिलेश सिंह ने बताया कि विषयवार व कक्षावार पाठ्य पुस्तकें मिलने के बाद जिला स्तरीय कमेटी से गुणवत्ता का परीक्षण होने के बाद स्कूलों में वितरित किया जाएगा। सभी ब्लाक क्षेत्र के सभी स्कूलों में 31 मार्च तक पुस्तकों का वितरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

- एक अप्रैल को किताबों का वितरण कराने की तैयारी

अभिभावकों ने की सराहना

पहली बार शिक्षा सत्र शुरू होते ही पुस्तकें देने की बात पर अभिभावकों ने इसे सराहनीय कदम बताया है। रामशंकर, दिलीप यादव, राजसेन आदि ने कहा कि अभी तक किताबें आधा सत्र बीत जाने के बाद बच्चों को मिलती थीं। समय पर किताबें मिलने से पढ़ाई पर अच्छा असर पड़ेगा। इसके साथ ही साथ छात्र-छात्राओं की पढ़ने में रुचि भी बढ़ेगी। समय से किताबें मिलने से वह पढ़ाई में पिछड़ेंगे नहीं और उसका पढ़ने में मन लगेगा। नई किताबें मिलने से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह आता है।

नाराज ग्रामीणों ने लगाए मतदान बहिष्कार के बैनर

संवाददाता, औंग फतेहपुर

अमृत विचार। तहसील बिन्दकी के ग्राम गोधरौली में कई जगह मतदान बहिष्कार के बैनर लगाए गए हैं। इसके पीछे कारण है कि यह गांव कई साल से पर्यावरण प्रदूषण से जूझ रहा है। यहां का भूगर्भ प्रदूषित होने के कारण ग्रामीणों को स्वच्छ जल नहीं उपलब्ध हो पा रहा है। कई बार डीएम व एसडीएम ने ग्रामीणों के बीच प्रदूषण के जिम्मेदार कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

ग्रामीणों का मानना है कि सत्तापक्ष की सिफारिशों के कारण ही अधिकारियों ने कंपनियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीण पुत्तन सिंह परिहार ने बताया है कि ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में सर्वसम्मति से मतदान का बहिष्कार करेंगे, जिसके बैनर गांव में लगा दिए गए हैं।

गांव में लगा मतदान बहिष्कार का बैनर।

हाईवे पर अंडरपास न बना तो नहीं डालेंगे वोट

गोधरौली निवासी दुर्गेश द्विवेदी ने पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित एक उच्च न्यायालय में पीआईएल दायर कर रखी है। गोधरौली में रोड पर जाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उस पार जाने के लिए ग्राम औंग के करीब एक किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है और वो भी सर्विस रोड से, क्योंकि गोधरौली से औंग चौराहे तक जो पैदल चलने के लिए फुटपाथ बनाया गया है वह मात्र 90 सेंटीमीटर का है जो पूर्ण रूप से अतिक्रमित है। गोधरौली के लोगों को सर्विस रोड से आने में बड़ा जोखिम उठाना पड़ता है। समस्या का समाधान होना चाहिए।

माता-पिता और गुरु उपासना की ओर ले जाते हैं

फतेहपुर। शहर के कलक्टरगंज स्थित कमल तिवारी के हाता परिसर में मुख्य यजमान विवेक दीक्षित की उपस्थिति में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं धर्म कर्म ज्ञानोपदेश कथा व्यास बीतराग, ज्ञानमूर्ति, परमहंस, संत स्वामी सूर्य प्रबोधाश्रम जी महाराज (स्वामी स्वात्मानंद जी)महाराज दिगंबर आश्रम असनी द्वारा कथा का आयोजन हुआ।

स्वामी जी ने कहा कि युवा पीढ़ी को संगत का असर इतना होता है कि जिस संगत में आप रहते है धीरे-धीरे न चाहते हुए भी संगत का असर आप पर होगा। इसीलिए मित्र और समाज अधिकतर आपको वासना की तरफ ही ले जायेगा लेकिन माता पिता और गुरु आपको केवल उपासना की तरफ ले जायेंगे। इसीलिए माता पिता व गुरु की बातों का मनन करें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरे सैन्य सर्विस रिकार्ड में माता का नाम मुन्नी सिंह है व जन्मतिथि 01.07.1965 है जो गलत है इनका अन्य अभिलेखों में मुन्नी देवी व जन्मतिथि 01.01.1953 है जो सही है और पिता की जन्मतिथि 01.07.1958 है जबकि सही जन्मतिथि 01.01.1950 है। मेरे सैन्य अभिलेखों में यही दर्ज किया जाये। **प्रदीप कुमार सिंह पुत्र जगदीश सिंह, नि0 ग्रा0 सिसैया, पो0-पातुपुर, रानीपुर, बहराइच।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की गाटा संख्या 472 ग्राम मेला रायगंज तहसील सिरौलीगौसपुर बैनामा 1782/12 क्षेत्रफल 2496 वर्ग फुट मधुबाला पत्नी पवन कुमार का बैनामा खो गया है। जिस भाई को पता चले इस नंबर-9450191318 पर सूचित करें। **निवेदक- मधुबाला पत्नी पवन कुमार**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम SHEIKH AJAZ AHMAD से बदलकर AJAZ AHMAD रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। AJAZ AHMAD S/O: SHABAN ALI R/O: 89/26, SHUTUR KHANA, MAQBOOLGANJ, LUCKNOW

रासलीला देखने निकले अधेड़ की सिर कूंचकर हत्या, परिजन बेहाल

बकेवर थाना क्षेत्र के गंगरावल हरदासपुर गांव का मामला, खेत में मिला शव

संवाददाता बकेवर, फतेहपुर

अमृत विचार। गांव में आयोजित रासलीला देखने घर से निकले एक अधेड़ की गुरुवार रात सिर कूचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। देर रात तलाश के दौरान हुई घटना की जानकारी से परिजनों ने उसे कानपुर हैलट अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

बकेवर थाना क्षेत्र के गंगरावल हरदासपुर गांव निवासी श्रीचंद कुशवाहा (50) गांव में हर साल आयोजित होने वाली रासलीला कमेटी के सक्रिय सदस्य थे। वह गांव में खेती किसानी करते थे। गुरुवार रात गांव में रासलीला कार्यक्रम का था। परिजनों ने बताया कि देर शाम वह खाना खाकर रासलीला देखने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात तक उसके न पहुंचने पर कमेटी के अन्य सदस्यों ने उसकी तलाश शुरू की तो लहुलुहान हालत में अपने ही खेत में पड़े मिले।

पुलिस व परिजनों ने हैलट अस्पताल कानपुर पहुंचाया, जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया तो मौके से दो अलग-अलग लोगों की चप्पलें, देशी व अंग्रेजी शराब की खाली दो बोतलें व खून से सना एक ईंट बरामद हुआ है। मृतक के बड़े भाई रज्जन लाल ने पुलिस को तहरीर दी है। एएसपी विजय शंकर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है। जल्द ही हत्या करने वालों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- मौके से दो लोगों की चप्पलें शराब की खाली दो बोतलें व खून से सना ईंट बरामद

कहां गई श्रीचंद की बाइक

परिजनों ने बताया कि श्रीचंद बाइक लेकर घर से निकले थे। लेकिन घटनास्थल या आसपास काफी तलाशने के बावजूद बाइक का कहीं कुछ पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों से बाइक लूटने के चक्कर में उसकी सिर कूचकर हत्या कर दी गई है।

175 किलो कचरी नष्ट व सरसों का तेल किया सीज

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। डीएएम के आदेश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में अगामी होली पर्व के अवसर पर जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को विभिन्न खाद्य परिसरों से सात खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहीत किए गए। वहीं 175 किलो रंगीन कचरी अस्वस्थ्यकर अवस्था में पाये जाने पर नष्ट कराया गया। साथ ही 40 लीटर सरसों तेल को सीज किया गया।

विशेष अभियान के दौरान शुक्रवार को मुखलाल स्वीट हाउस जीटी रोड खेलदार से खोवा का एक नमूना, श्याम प्रोविजन स्टोर स्थित रामगंज पक्का तालाब से किसमिस का एक नमूना, 80 किलो रंगीन कचरी अस्वस्थ्यकर अवस्था में पाये जाने पर मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। इसके बाद वीरेंद्र किराना स्थित रामगंज पक्का तालाब से काजू का नमूना और 70 किलो रंगीन कचरी अस्वस्थ्यकर अवस्था में पाये जाने पर मौके पर ही नष्ट करा दिया गया।

रणजीत किराना चौडगरा से कचरी का एक नमूना संग्रहीत व 25 किलो रंगीन कचरी अस्वस्थ्यकर अवस्था में पाये जाने पर मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। रामसजीवन किराना स्टोर स्थित नई तहसील से नमकीन (मूल पैक में) का एक नमूना, शिवम कुमार गुप्ता किराना स्टोर स्थित हरदौरपुर चौडगरा से मन्टोरा रिफायण्ड ऑयल (मूल पैक में) का नमूना, लखन लाल किराना स्टोर स्थित हरदौरपुर चौडगरा से सरसों तेल का एक नमूना संग्रहीत एवं 39 लीटर सरसों तेल को जब्त कर सीज कर दिया गया।

इस दौरान सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, मिलावट रहित शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बेचने एवं सभी खाद्य पदार्थों के क्रय बिल रखने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करने के साथ ही बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार संचालित नही करने के निर्देश दिए गए।

सार-संक्षेप

निरंजन ज्योति के विरुद्ध फेसबुक पर दुष्प्रचार, रिपोर्ट

फतेहपुर। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के खिलाफ फेसबुक पर करणी सेना की आईडी से दुष्प्रचार का मामला सामने आया है। मामले में भाजपा के जिला मंत्री ने राधानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने भी आईडी की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह ने बताया कि वह सांसद कार्यालय फतेहपुर के प्रवक्ता भी हैं। पुलिस को मामले की तहरीर देकर बताया कुछ दिनो से करणी सेना फतेहपुर के नाम से आईडी फेसबुक चलाने वाले ग्रुप में भ्रामक वीडियो (किसी अन्य जगह) का डालकर लोकसभा फतेहपुर क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। जो कि अपराध के साथ ही साथ आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी है। साध्वी निरंजन ज्योति सांसद होने के साथ-साथ निरंजनी अखाड़ा की महामंडलेश्वर भी है। इस प्रकार के भ्रामक व तथ्य विहीन पोस्ट की वजह से कार्यकर्ताओ के बीच आक्रोश है। उन्होंने करणी सेना फतेहपुर के आईडी को चेक कराकर व शेयर करने वालो के खिलाफ कार्यवाई करने की मांग की है। निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि रिपोर्ट चार्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

किसान की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

फतेहपुर। कुल्हाड़ी और लाठी-डंडो से हमला कर किसान की हत्या करने के आरोपी को डीजे रणंजय कुमार वर्मा की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजक अनिल दुबे ने बताया कि 25 अगस्त 2018 की शाम जाफरगंज थाना क्षेत्र के गजईपुर निवासी राम खेलावन निषाद से चकरो में चारा डालने को लेकर गांव के शिवबली, रामबली, रामनारायण, रमाकांत से विवाद हुआ था। इस दौरान लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला किया गया जिसमें राम खेलावन की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पत्नी जगरानी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। गुरुवार को न्यायालय सत्र न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा की कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई हुई। अभियोजन की ओर से मामले में पांच गवाह पेश हुए। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी शिवबली को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया।

पति पर लगाया जबरन संबंध बनाने का आरोप

खागा। खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने ही पति पर जबरन संबंध बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।पीड़ित महिला का आरोप है कि उसका उसके पति से करीब डेढ़ सालों से विवाद चल रहा है। विवाद के चलते वह अपनी 11 वर्षीय पुत्री के साथ अलग जीवन यापन करती है। जबकि महिला का पति खागा में रहता है। लेकिन खागा से जब भी वह वापस गांव आता है तब महिला के साथ जबरन संबंध बनाने का प्रयास करता है। गुरुवार की रात आरोपी पति घर पहुंचा और रात करीब 11 बजे के आसपास जबरन संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी ने महिला का मुंह दबाकर चुप रहने की बात कही। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भैंस चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार

बिंदकी। बिन्दकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए चोरी की गई एक भैंस तथा चोरी करने में प्रयुक्त लोडर व दो तमंचे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक आरोपी मौके से फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली बिंदकी पुलिस ने औंग थाना क्षेत्र के होलापुर गांव के पास से एक चोरी की भैंस तथा चोरी में प्रयुक्त लोडर और दो तमंचे के साथ चांद अली तथा तालिब दोनों निवासी मोहल्ला मछरिया थाना नौबस्ता जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपी सरताज निवासी मछरिया थाना नौबस्ता जनपद कानपुर नगर फरार हो गया। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को कोतवाली बिंदकी लाया गया। शुक्रवार को दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई और न्यायालय भेज दिया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई भैंस, एक रिवाल्वर, एक देसी तमंचा व 46 सौ रुपये नगद बरामद हुए हैं। बता दें कि आरोपियों द्वारा खजुहा कस्बे से एक भैंस चोरी की गई थी जबकि औंग थाना क्षेत्र से बकरा व बकरी चोरी किए गए थे।

रुपये लेकर नाम नहीं किया ट्रक, रिपोर्ट दर्ज

फतेहपुर। ट्रक बेंचने के बाद मालिक ने ट्रक का हस्तानंतरण करने से मना कर दिया दबाव बनाने पर क्रेता को ट्रक चोरी के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थरियांव थाना क्षेत्र के अरबपुर निवासी जसवंत सिंह ने एफआईआर में बताया कि कानपुर के बर्रा निवासी रघुनंदन सिंह उर्फ अर्जुन से 12 दिसंबर 2023 को ट्रक चार लाख रूपये में खरीदा था। जिसका विक्रय विलेख पत्र कानपुर कोर्ट में नोटरी द्वारा निबंधित किया गया था। चार लाख रुपया ट्रक मालिक के खाते में दिए गए थे। ट्रक मालिक ने वाहन से संबंधित समस्त मूल प्रपत्र व स्वामित्व हस्तानांतरित कर दिया था। परिवहन विभाग से एनओसी प्राप्त करने के बाद आरोपी ने विधिक रूप से गाड़ी हस्तानांतरित करने का आश्वासन दिया था। लेकिन रकम हड़प कर जाने की नीयत से आरोपी ने वाहन का हस्तनांतरण नहीं किया। उन्होंने कई बार फोन पर वाहन हस्तानांतरण की बात कही तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए वाहन चोरी के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

कंटेनर से लाखों का पाउडर चोरी

फतेहपुर। हाइवे किनारे खड़े कंटेनर से चोर लाखों का स्वास्थ्यवर्धक पाउडर चुरा कर रफूचक्कर हो गए। एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। फिरोजाबाद के ओड़मपुर निवासी कंटेनर मालिक सुभाष चंद्र ने बताया कि सोमवार को वह कंटेनर में बच्चों का पौष्टिक आहार हार्लेक्स लाद कर अंबाला हरियाणा से पटना बिहार जा रहा था। सुबह लगभग 3 बजे नींद आने पर कंटेनर को चौकी हसवां थाना शरियांव से कुछ दूरी पर स्थित चाय व टायर पंचर की दुकान में खड़ा करके सो गया। उसी समय चोर कंटेपा का ताला व सील तोड़कर लगभग 63 कार्टून हार्लेक्स पाउडर चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना उसने 112 नंबर पुलिस को एवं चौकी हसवा को दी थी। कोई कार्यवाई न होने पर एसपी से शिकायत की। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा नहीं लिया वापस

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र वापसी का दिन था। अध्यक्ष व महामंत्री पद के किसी भी उम्मीदवार ने परचा वापस नहीं लिया। अध्यक्ष पद के तीन तथा महामंत्री पद के भी तीन उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे जबकि अन्य पदों के लिए एक-एक नामांकन होने के कारण इनका निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है।

अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। शुक्रवार को नामांकन पत्र वापसी के दिन बाद अब स्पष्ट हो गया कि अध्यक्ष पद के लिए जगनाथ सिंह, रमाशंकर शुक्ल व महेंद्र पाल यादव के बीच मुकाबला होगा। जबकि महामंत्री पद के लिए कैलाश चंद्र पटेल, राजकमल व बृजेश कुमार के बीच मुकाबला होगा। बताते चलें कि अधिवक्ता संघ के चुनाव में उन पदों के लिए सिंगल-सिंगल नामांकन किए गए हैं, जिसके चलते बाकी सभी पदों के लिए प्रत्याशियों का निर्विरोध होना तय है।

मुख्य चुनाव अधिकारी रामाकांत तिवारी व चुनाव अधिकारी रामकरण सिंह चौहान, गंगाराम सोनकर, रामकिशोर वर्मा ने बताया कि दो अप्रैल की सुबह 10 बजे से शाम 3:30 बजे तक मतदान होगा। उसी दिन मतगणना होगी और परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। अधिवक्ता संघ के चुनाव में कुल 226 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बताते चले कि अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए अध्यक्ष और महामंत्री पद के सभी उम्मीदवार अपने-अपने चुनाव प्रचार में तेजी से लगे हुए हैं। दो अप्रैल की शाम को ही पता लगेगा कि अध्यक्ष व महामंत्री पद का ताज किसके सिर पर बंधेगा।

नामांकन पत्र वापसी पर चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

10 वीं की 70,775 व इंटर की 55,679 कॉपियां जंचना शेष

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अब तक हाईस्कूल में 181293 तो इंटर में 103372 कॉपियां चेक
- बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन अंतिम दौर में, 31 तक करना है समाप्त

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी से जारी है। शुक्रवार को हाईस्कूल में 181293 तो इंटर में 103372 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है। लगभग एक लाख से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन होना शेष है।

शुक्रवार को इंटरमीडियट में प्राप्त 159051 कॉपियों के सापेक्ष 103372 कॉपियों का मूल्यांकन पूरा हो गया है। इंटरमीडियट में मात्र 55679 कॉपियों का ही मूल्यांकन शेष रह गया है। इसी तरह से हाईस्कूल में प्राप्त 252068 कॉपियों के सापेक्ष 181293 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है, जबकि 70775 कॉपियां ही शेष बची हैं। बता दें कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। यहां चार विद्यालयों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इनमें दो केंद्रों पर हाईस्कूल और दो पर इंटर की कॉपियां जांची जा रही हैं। राजकीय इंटर कॉलेज तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट तो एएस इंटर कॉलेज एवं सदाशिव इंटर कॉलेज रेलबाजार में हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

छत से गिरकर मजदूर की मौत

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में गुरुवार देर शाम छत से गिरकर मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। हथगाम थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी नरेश गुप्ता का पुत्र मनोज गुप्ता मजदूरी करता था।

बताते हैं कि गुरुवार की शाम घर वापस आने पर खाना खाया और छत पर बैठकर शराब पी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह नीचे गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वोटर पहचान पत्र न होने पर भी डाल सकते हैं वोट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में 20 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर होने जा रहे मतदान के मद्देनजर प्रशासन तैयारियों में जुटा है। वोटरों को मतदान के लिए पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा की स्थिति में वह 12 विकल्पों का प्रयोग कर सकते हैं लेकिन मतदाता पर्ची पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं होगी।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

यह दस्तावेज होंगे मान्य

चुनाव डालने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र राज्य सरकार लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र व यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय फोटो पहचान दस्तावेज शामिल हैं।

संदिग्ध हालत में किशोरी की मौत

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव में में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी रजय पाल की पुत्री निशा की गुरुवार की शाम तबीयत खराब हो गई। उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता रजय पाल ने बताया कि उसकी पुत्री को पिछले पांच वर्षों से पैरों में फाटन होती थी। इलाज करवाया लेकिन फायदा न हुआ। कल शाम तबीयत खराब होने पर कस्बे के आलमगंज स्थित क्लीनिक ले गए। जहां डॉक्टर ने इलाज किया। देर रात उसकी हालत बिगड़ गई जिस पर परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल लाए तभी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मतदाता जागरुकता, जल संरक्षण पर जोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। विश्व जल दिवस पर शुक्रवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में जल संरक्षण जागरुकता व मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया।

डॉ. अनुराग द्वारा सभी दुकानदारों को जल संरक्षण जागरूकता व मतदाता जागरुकता निवेदन पत्रक देकर निवेदन किया गया कि कल के लिए आज जल की एक एक बूंद बचाएं। क्योंकि पूरे विश्व में पीने का पानी सिर्फ एक प्रतिशत है, जिसका एक चौथाई ही हमारे पास है। जिसे हम सब को सहेजना है। जिससे आने वाली पीढ़ी जल की कमी से न जूझे।

उन्होंने कहा कि हम सबको वर्षा के जल का भी संचयन करना होगा तब कहीं जाकर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचा पाएंगे। कई छोटे प्रयास जैसे आरओ जब एक भाग पानी फ़िल्टर करता है तो 10 भाग पानी व्यर्थ सिंक से बहकर चला जाता है। उस पानी को पाइप द्वारा एकत्र कर हम कई कार्यों में ले सकते हैं। इसके लिए हम सभी को आरओ वाटर संचालकों को समझाना बहुत आवश्यक होगा। ये लोग जितना पानी भूगर्भ से निकालते हैं फ़िल्टर करते हैं फिर वेस्ट पानी को वापस रिचार्ज करने के लिये भूगर्भ में नहीं वापस भेजते बल्कि नालियों के माध्यम से लाखों लीटर पानी नाली से बहाते हैं, जबकि यह कानूनन भी जुर्म है। वहीं आने वाली 20 मई को स्वयं मतदान करने के साथ साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की गई।

मतदाता जागरुकता रैली निकालते स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव।

भ्रष्टाचार | डॉक्टरों ने फिक्स कर रखे अपने मेडिकल स्टोर, बाहर से दवाएं खरीदने को मजबूर हैं रोगी

कमीशन के खेल से जन औषधि केंद्र फेल

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मरीजों को सस्ती दवाएं मुहैया कराने के लिए साल 2019 में जिला अस्पताल परिसर में जन औषधि केंद्र की स्थापना की गई थी। यहां मरीजों को जेनरिक दवाएं मिलती हैं जो महंगी पेटेंट दवाओं के बराबर ही कारगर हैं। इसके बाद भी डॉक्टर मरीजों को निजी मेडिकल स्टोर पर मिलने वाली महंगी दवाएं लिख रहे हैं। ऐसे में मरीजों को आर्थिक नुकसान होता है।

मौसम में परिवर्तन के साथ रोगियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। रोजाना करीब 900 मरीज चिकित्सकीय परामर्श के लिए जिला अस्पताल पहुंचते हैं। इन मरीजों को परामर्श देने के लिए ओपीडी में डॉक्टरों तैनाती है। बता दें कि अस्पताल में तैनाती होते ही डॉक्टर की मनपसंद दवाएं निजी मेडिकल स्टोर पर मिलना शुरू हो जाती हैं। मामले की जानकारी के बाद भी अस्पताल प्रशासन ने जांच के नाम पर औपचारिकता निभाई है।

मरीजों के अनुसार कार्रवाई न होने पर चिकित्सक दोबारा ऐसी दवाएं लिख रहे हैं जिनमें अधिकांश दवाएं अस्पताल में नहीं मिलती हैं। जानकारों की मानें तो डॉक्टरों को अस्पताल के पर्चे पर वह दवाएं लिखने के निर्देश हैं जो अस्पताल में उपलब्ध हैं। काउंटर पर दवाएं उपलब्ध न होने की स्थिति में मरीजों को जन औषधि केंद्र से दवाएं लेने की सलाह दी जाती है। ऐसे में रोगी महंगे दामों पर निजी मेडिकल स्टोर में दवाएं खरीदने को मजबूर हैं।

जिला अस्पताल में खुला जनऔषधि केंद्र। अमृत विचार

चुनिंदा मेडिकल स्टोर पर मिलती दवाएं

जानकारों की मानें तो जिला अस्पताल में बाहर से दवाएं लिखने वाले डॉक्टरों ने मेडिकल स्टोर फिक्स कर रखे हैं। उनकी द्वारा लिखी दवाएं कुछ खास मेडिकल स्टोर पर ही मिलती हैं। इन दवाओं के एवज में 50 प्रतिशत तक कमीशन चिकित्सक के खाते में आता है। अस्पताल प्रशासन द्वारा इन चिकित्सकों पर कार्रवाई न होने से जिला अस्पताल में कमीशनबाजी का धंधा फल फूल रहा है।

समय से पहले ओपीडी बंद

जिला अस्पताल में सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक ओपीडी के निर्देश हैं। इमरजेंसी ड्यूटी के अलावा डॉक्टर को कुर्सी न छोड़ने के आदेश हैं। इसके बाद भी डॉक्टर समय से पहले ही ओपीडी बंद कर निकल जा रहे हैं। ऐसे में मरीजों को दिक्कतें होती हैं।

अस्पताल में उपलब्ध दवाएं ही ओपीडी पर्चे पर लिखने के निर्देश हैं। चिकित्सकों को बाहर से दवाएं न लिखने और समय से ओपीडी आने और जाने की सख्त हिदायत है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

नकदी लेकर निकलें तो साक्ष्य रखें पास

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 50 हजार से अधिक की नकदी मिली तो होगी जब्त
- लोकसभा चुनाव को लेकर दिए जा रहे निर्देश

अमृत विचार। यदि आप किसी काम से नकदी लेकर निकल रहे हैं तो उसका साक्ष्य भी साथ लेकर चलें। लोक सभा चुनाव के दौरान यदि नगदी कहीं ले जाना है तो उसके साक्ष्य साथ में रखना होगा। यदि चुनाव में प्रलोभन देने के लिए कोई सामग्री ले जाई जाती है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए जारी निर्देश पुस्तिका निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह में दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में बताया गया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए जांच के दौरान यदि अभ्यर्थी, उसके एजेंट या पार्टी कार्यकर्ता को ले जाने वाले किसी वाहन में 50 हजार से अधिक की नकदी पाई जाती है या वाहन पोस्टर या निर्वाचन सामग्री या कोई ड्रग्स, शराब, हथियार अथवा 10 हजार मूल्य से अधिक की ऐसी उपहार वस्तुएं ले जाई जा रही हैं, जिनका इस्तेमाल निर्वाचकों को प्रलोभन दिए जाने के लिए किए जाने की संभावना हो तो वे जब्त किए जाने की शर्त के अधीन होगी।

उचित होगा कि निर्वाचन के दौरान धनराशि 50 हजार से अधिक लेकर न चलें। यदि आवश्यकतानुसार रकम लेकर चलना जरूरी हो तो इससे संबंधित उचित साक्ष्य लेकर अवश्य चलें, जिससे कि मजिस्ट्रेट के समक्ष यथा समय प्रस्तुत कर सकें।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

मेडिकल कॉलेज में पहली बार टीयूआरपी विधि से ऑपरेशन

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

अमृत विचार। मेडिकल कॉलेज में पहली बार यूरोलॉजी विभाग मे दो मरीजों का टीयूआरपी विधि से प्रोस्टेट का सफल आपरेशन किया गया है। इस सफलता पर प्राचार्य समेत अन्य स्टाफ ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी है।

डॉ भीमराव रामजी मेडिकल कॉलेज में टीयूआरपी विधि से ट्रांसयूरेथ्रल रिसेक्शन ऑफ प्रोस्टेट) प्रोस्टेट ग्रंथि का सफल ऑपरेशन किया गया। सोमवार को यूरोलॉजी विभाग की ओपीडी में पेशाब में लगातार हो रही दिक्कतों से पीड़ित सदर तहसील क्षेत्र के नहार घाटी गांव निवासी नूरहसन (48) व तिर्वा तहसील क्षेत्र के सिकरोरी गांव निवासी हरिराम (45) पहुंचे थे। यूरोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ निखिल गुप्ता ने स्वास्थ्य परीक्षण कर भर्ती कर लिया। मंगलवार को उनकी अगुवाई में सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ मो. अतहर, डॉ. राहुल, डॉ. प्रमोद, डॉ. सचिन, ओटी स्टॉफ नफीसा, अनुपम, मंजू, प्रीती की टीम ने करीब एक घंटे में सफल ऑपरेशन किया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि मरीजों को पेशाब करने में दिक्कत हो रही थी। पिछले छह महीनों से पाइप डालकर थैली लगाकर घूम रहे थे। कहा कि मरीजों का प्रोस्टेट बढ़ जाने से दिक्कतें हो रही थी। कहा कि प्रोस्टेट ग्रंथि केवल पुरुषों में पाई जाता है। यह मूत्राशय के नीचे होती है।

प्रोस्टेट ग्रंथि के हिस्सों को हटाने के लिए टीयूआरपी सर्जरी की जाती है। इसके लिए किसी चीरे की जरूरत नहीं पड़ती है। सर्जन लिंग के अंत में और मूत्र मार्ग के माध्यम से एक उपकरण डालकर प्रोस्टेट तक पहुंचता है। ऊतक के टुकड़ों को प्रक्रिया करके निकाल दिया जाता है। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने सफल ऑपरेशन होने पर टीम को बधाई दी और खुशी जाहिर की है।

डॉ. निखिल गुप्ता।

ऑपरेशन करते डॉक्टर। अमृत विचार

- यूरोलॉजी विभाग ने दो मरीजों के प्रोस्टेट का किया सफल ऑपरेशन

टीयूआरपी विधि की आवश्यकता क्यों पड़ती है

टीयूआरपी अक्सर बढ़े हुए प्रोस्टेट के कारण होने वाले लक्षणों से राहत पाने के लिए किया जाता है। यह सौम्य प्रोस्टेट हाइपरप्लासिया के कारण होता है। उम्र बढ़ने का एक सामान्य हिस्सा है। जब प्रोस्टेट ग्रंथि बढ़ जाती है तो यह मूत्रमार्ग पर दबाव डालती है और मूत्र उत्सर्जन प्रभावित करती है।

निजी अस्पताल का खर्च एक लाख से अधिक

डॉ. निखिल गुप्ता ने बताया कि मरीज केजीएमयू, एसजीपीजीआई, आरएमएल जैसे बड़े हॉस्पिटल के चक्कर लगा चुके थे। आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराने में असमर्थ थे। वहां ऑपरेशन में करीब एक लाख रुपये का खर्च आता। मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया है और वे स्वस्थ हैं।

एनएमसी की वेबसाइट पर दस्तावेज अपलोड

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

अमृत विचार। चिकित्सा महाविद्यालय में पीजी पाठ्यक्रम की सीटों की मान्यता को लेकर होने वाले निरीक्षण को लेकर एनएमसी ने वार्षिक परीक्षा समेत अन्य दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड करने के लिए आदेश दिए थे। इसको लेकर विवरण अपलोड कर दिया गया है। एनएमसी (नेशनल मेडिकल कमीशन) टीम जल्द ही ऑनलाइन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर पीजी की 57 सीटों पर मान्यता की मोहर लगा सकती है।

महाविद्यालय में पीजी पाठ्यक्रम के लिए अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में कॉलेज प्रशासन 13 विभागों में 57 सीटों के लिए करीब चार महीने पहले आवेदन समेत फीस भी जमा कर चुका है। एनएमसी मान्यता देने से पहले मेडिकल कालेज का निरीक्षण करेगी। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि एनएमसी ने कॉलेज में चल रही वार्षिक परीक्षाओं का विवरण समेत सभी दस्तावेजों को एनएमसी वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया था। शुक्रवार को अंतिम दिन दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। एनएमसी ऑनलाइन निरीक्षण कर पीजी पाठ्यक्रम की मान्यता पर मोहर लगा सकती है।

अपलोड कराने से पहले कागज जांचते प्राचार्य डॉ. सीपी पाल। अमृत विचार

- चिकित्सा महाविद्यालय में पीजी की 57 सीटों के लिए किया है आवेदन

एक नजर

लीकेज पाइप लाइन से हो रहा जलभराव

गुरसहायगंज-कन्नौज। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर स्थित सर्विस रोड पर लगभग 02 माह पूर्व पेयजल आपूर्ति के लिए पड़ी अंडरग्राउंड पाइपलाइन टूट गई थी। इससे लाइन में जगह-जगह लीकेज हो गया और आपूर्ति के दौरान सड़क पर पानी फैलता रहता है और जलभराव हो जाता है। स्थानीय लोगों कृष्णा प्रजापति, डॉ. मूलचंद, रामशरण प्रजापति, राजेंद्र कुमार, राकेश कुमार आदि ने पालिका प्रशासन से समस्या के निस्तारण की मांग की है।

बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, तीन घायल

कन्नौज। बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। सदर कोतवाली के कुसुमखोर पुल के पास गुरुवार रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बाइक सवार हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र के खदरिया गांव निवासी 45 वर्षीय लालाराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी 35 वर्षीय लल्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी बाइक पर सवार सदर कोतवाली क्षेत्र के बशीरापुर भाट निवासी 36 वर्षीय धर्मेंद्र व उसका साथी 30 वर्षीय अनंतराम गंभीर रूप से घायल हो गए।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र राजाराम बाइक से कहीं जा रहा था। तभी एन एच 34 जीटी रोड पर किसी प्रकार सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

महिला ने पीया कीटनाशक

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम नगला श्याम निवासी एक महिला ने किसी बात से क्षुब्ध होकर कोई कीटनाशक दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला श्याम निवासी माही पत्नी बृजेंद्र प्रताप सिंह ने घर में हुए विवाद के बाद कोई कीटनाशक दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजन सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालत में सुधार होने पर परिजन उन्हें वापस घर ले गए।

प्रोस्टेट ग्रंथि बढ़ने से नहीं होता कैंसर

तिर्वा, कन्नौज। मूत्र मार्ग में प्रोस्टेट ग्रन्थि बढने से कैंसर नहीं होता। यह पुरुषो मे खानपान की वजह से बढ़ जाती है। आपरेशन की तब जरूरत पड़ती है जब पेशाब मे ब्लड आए या फिर पेशाब करने मे ताकत लगानी पड़े या गुर्दे पर असर हो, पेशाब रुक-रुक कर आए। समस्या आने पर तुरंत ऑपरेशन करा लेना चाहिए।

प्रभारी प्रधानाचार्य को वापस लाने के लिए विद्यार्थियों ने दिया धरना

दूसरे दिन कलेक्ट्रेट पहुंचकर रो पड़े राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जसोदा के छात्र

कलेक्ट्रेट में तख्ती लेकर पहुंची छात्रा से बात करता उपनिरीक्षक। अमृत विचार

प्रभारी प्रधानाचार्य को हटाने के विरोध में धरनास्थल पर रोतीं छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। राजकीय माध्यमिक स्कूल भंवरगाढ़ा के प्रधानाध्यापक शिवमोहन सिंह कुशवाहा से पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जसोदा के प्रभारी प्रधानाचार्य का अतिरिक्त प्रभार ले लिया गया है। इसके विरोध में दूसरे दिन छात्र-छात्राएं कलेक्ट्रेट पहुंचे। हाथों में 'प्रिंसिपल सर को वापस लाओ वापस लाओ...' की तख्तियां लेकर उन्होंने धरना दिया। शुक्रवार को भी कई विद्यार्थी फफक कर रो पड़े।

एक छात्रा ने आरोप लगाया कि वह डीएम से मिलने कलेक्ट्रेट आए हैं लेकिन उनको जबरन वापस स्कूल व घर भेजा जा रहा है। जसोदा के प्रभारी प्रधानाचार्य के पास अतिरिक्त प्रभार रहा, उसके बाद भी वह अच्छी तरह से पढ़ाते थे। विद्यालय को भी बेहतर ढंग से संचालित किया। उनको वापस लाया जाए। कई छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि गलत तरीके से प्रभारी प्रधानाचार्य को हटाया गया है। कई छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां लिए थे। उसमें हमारी मांगें पूरी करो और प्रिंसिपल सर को वापस लाओ आदि कुटेशन लिखे थे। विद्यार्थियों के कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देने की जानकारी पर कई पुलिसकर्मी भी पहुंच गए। उन्होंने किसी तरह समझाया। कहा, कुछ दिनों का समय दे दो। उधर, छात्र-छात्राओं का तर्क है कि उनको कोई बात नहीं सुननी प्रिंसिपल सर को वापस किया जाए। इसी दौरान डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने प्रकरण को लेकर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से मुलाकात की।

> जानकारी मिलने पर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। छात्र-छात्राओं को किसी ने कह दिया होगा कि प्रभारी प्रधानाध्यापक को जसोदा में ही रखो, इसलिए वह मांग कर रहे हैं। विभागीय आदेश पर ही प्रधानाध्यापक पद पर शिवमोहन सिंह कुशवाहा ने भंवरगाढ़ा राजकीय हाईस्कूल में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। किसी का तबादला होने पर उसी विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक को कार्यभार देने का नियम है।
>
> डॉ. पूरन सिंह, डीआईओएस

पिता को खाना देने खेत गए छात्र का अपहरण

कन्नौज। पिता को खाना देने जा रहे छात्र का अपहरण कर लिया गया। काफी तलाश के बाद कुछ पता न लकने पर बाबा ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए एसपी से गुहार लगाई है। पुलिस लापता किशोर की तलाश कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंधवा निवासी जदुनाथ सिंह ने बताया कि उनका पौत्र अभयराज पुत्र योगेंद्र सिंह कक्षा 10 का छात्र है। 12 मार्च की दोपहर एक बजे के करीब खेत पर अपने पिता को खाना देने गया था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा।

देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा तो चिंता हुई। इसके बाद आसपास के गांवों व खेतों सहित रिश्तेदारियों व संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार को परिवारीजनों से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर लापता किशोर की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र को लापता छात्र को तलाश करने की जिम्मेदारी दी गई है। जल्द ही उसका पता लगा लिया जाएगा।

अब व्हाट्सएप नंबर पर भेजे जाएंगे शिक्षकों को आदेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बीएसए कार्यालय से परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के लिए कई आदेश व निर्देश जारी होते हैं। कई बार अध्यापकों को समय से पत्र नहीं मिल पाते हैं। इसका संज्ञान लेते हुए बीएसए ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी (एनएसए) को चिट्ठी भेजी है। उसमें कहा है कि शिक्षकों के निलंबन, बहाली, वेतन कटौती, वेतन बहाली, एरियर भुगतान आदि आदेश संबंधित के व्हाट्सएप नंबर पर तत्काल भेजे जाएं।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि विद्यालय समय में कोई भी शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक समस्या लेकर बीआरसी या बीएसए कार्यालय नहीं पहुंचेंगे। पहले शिक्षक आदि अपनी समस्या बीईओ को बताएंगे। बीईओ उसका निस्तारण अपने स्तर से करेंगे। अगर उसका बीएसए कार्यालय से निस्तारण होना है तो डिस्पैच नंबर समेत कवरिंग लेटर लगाकर अपने कार्यालय के कर्मचारी को भेजकर उपलब्ध कराएंगे। बीएसए ने बताया कि बीआरसी का वह कर्मचारी बीईओ की ओर से नामित होना चाहिए। नामित कर्मी ही डाक लेकर आएगा। सभी बीईओ अपने कार्यालय में डाक प्राप्त करने की भी व्यवस्था करेंगे। साथ ही लिखित में कार्यालय के कर्मचारियों को दायित्व आवंटन करेंगे। यदि औचक निरीक्षण में कमी पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। पत्र में बीएसए ने जिक्र किया है कि शिक्षकों के वेतन बहाली, एरियर भुगतान आदेश निर्गत करने के बाद शिक्षक को उक्त आदेश बीआरसी से समय पर नहीं मिलते हैं। जिससे शिक्षकों की जिले तक दौड़ लगानी पड़ती है।

- बीएसए ने शिकायतों को देखते हुए सभी बीईओ व एनएसए को भेजा पत्र

यह भी दिए गए अफसरों को निर्देश

शिक्षकों के कार्य में अनावश्यक विलंब न किया जाए। उनका प्रत्यावेदन तत्काल निस्तारण हो। शिक्षकों की ओर से ऑनलाइन मानव संपदा पोर्टल पर भेजे गए वेतन बहाली, अवेशष एरियर व अवकाशों को अग्रसारित करने में किसी प्रकार की देरी न की जाए। जिले स्तर से भेजे गए पत्रों व मांगी गई सूचनाओं को तत्काल बीएसए कार्यालय में मुहैया कराया जाए। अगर लापरवाही बरती गई तो स्थानीय अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

होली पर चलेगी साबरमती गोमतीनगर स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। होली पर उमड़ने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रबंधन ने साबरमती-गोमतीनगर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया गया है। रेलवे बोर्ड ने एक फेरे के लिए ट्रेन चलाई है, जो फर्रुखाबाद, कन्नौज और कानपुर सेंट्रल होकर जाएगी। आज यह ट्रेन शाम को 5.55 बजे कन्नौज स्टेशन पर आएगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 09405 साबरमती-गोमतीनगर होली विशेष गाड़ी साबरमती से 22 मार्च को रात 22.00 बजे चलेगी। इसके बाद 23 मार्च को फर्रुखाबाद से शाम 16.35 बजे, कन्नौज से 17.55 बजे, कानपुर अनवरगंज से 19.57 बजे, कानपुर सेंट्रल से 20.30 बजे तथा ऐशबाग से 22.05 बजे छूटकर गोमतीनगर 22.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 09406 गोमतीनगर-साबरमती होली विशेष गाड़ी 24 मार्च को गोमतीनगर से 06.00 बजे प्रस्थान कर कन्नौज से 10.05 बजे, फर्रुखाबाद से 11.40 बजे छूटकर साबरमती 07.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के तीन, शयनयान श्रेणी के 15, सामान्य द्वितीय श्रेणी के दो तथा एसएलआरडी के दो कोचों सहित कुल 23 कोच लगाये जायेंगे।

- संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रबंधन ने एक फेरे के लिए चलाई ट्रेन
- कन्नौज में दिया गया ठहराव आज शाम को 5.55 बजे आएगी ट्रेन

स्टाइलिस्ट पिचकारी की मांग बढ़ी

कस्बे में रंग और पिचकारी की दुकान सजाए बैठा दुकानदार। अमृत विचार

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

अमृत विचार। होली का पर्व जैसे जैसे नजदीक आ रहा है। बाजार पर भी होली का रंग चढ़ता जा रहा है। होली पर्व को लेकर बाजार रंग बिरंगे रंगों से सज गया है। चाहे होली के रंग हो या फिर पकवान। हर तरह दुकानें रंग बिरंगे रंगों से सजी नजर आ रही है। होली के पर्व को लेकर बाजार पूरी तरह से तैयार है। हथोड़ा पिचकारी व फाइव स्टार अबीर गुलाल बिक रहा है।

नगर के तिर्वा रोड पर दुकान लगाए दुकानदार सुनील कुमार प्रजापति, मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि पिछली बार जो गुलाल 60-80 रूपये प्रति किलो था। वह इस बार 100-120 में मिल रहा है। जबकि पिचकारी व रंगों की स्प्रे पर भी 20-40 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। 10-100 रुपये तक की पिचकारी मौजूद है। मार्केट में रंगों वाला राकेट भी आ गया है। जो आसमान में रंगों को बिखेर देगा। इस बार बाजार स्वदेशी रंगों व पिचकारी से बाजार सजा है। बताया कि बाजार में 15 से लेकर 2000 रुपये तक की पिचकारी की बिक्री हो रही है। जबकि एक्स्ट्रा रंग की कीमत 900 रूपये किलो है। रंगीन टोपी 100 से 200 रुपये, तरह तरह के मुखौटे 100 से 200 रुपये बिक रही है। जबकि होली की रंगीन बनियान भी उपलब्ध है। होली पर बिक्री को लेकर दुकानदार उत्साहित हैं।

सार-संक्षेप

रिश्वत व पिटाई कांड की विवेचना करने पहुंचे इंस्पेक्टर

कन्नौज। बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद वरिष्ठ लिपिक के मामले की विवेचना चल रही है। शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम कानपुर के इंस्पेक्टर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जरूरी कागजात मांगे। घटनाक्रम वाले दिन सदर कोतवाली में एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र ने बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसमें रिश्वत लेने के आरोप समेत पूरी कहानी का जिक्र है लेकिन दो दिन बाद कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद से मामला उलटा हो गया। इसमें एंटी करप्शन टीम ने जो कहानी गढ़ी उसकी कलई खुलकर सामने आ गई। अब मामले की विवेचना एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर चतुर सिंह कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले वह जांच करने आईं एएसपी (एंटी करप्शन लखनऊ) इंदुप्रभा सिंह के साथ आए थे। उसके बाद विवेचना के लिए जरूरी कागजात मांगने के लिए पत्र देने आए थे। अब शुक्रवार को वह कागज लेने आए हैं। कुछ प्रपत्र उनको मिल गए हैं कुछ और लेने हैं।

युवक से जानकारी लेते श्रम प्रवर्तन अधिकारी। अमृत विचार

अभियान चलाकर बालक को कराया श्रम मुक्त

छिबरामऊ, कन्नौज। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविन्द नेगी ने बाल श्रम रोकथाम के लिए नगर मंल जागरूकता अभियान चलाकर एक बालक को श्रम मुक्त कराया। शुक्रवार को उन्होंने नगर में बस स्टैंड, पश्चिमी बाईपास मार्केट, होटल, ढाबों, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग की दुकानों एवं अन्य जगहों पर बाल श्रम रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने एक बालक को श्रम मुक्त कराया। इस दौरान एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह, सिपाही हिमेश रावत मौजूद रहे।

साथी को श्रद्धांजलि देते अधिवक्ता। अमृत विचार

साथी अधिवक्ता को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

छिबरामऊ, कन्नौज। बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ता अजय शाक्य की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा ने बताया कि कस्बा सिकंदरपुर निवासी बार के सदस्य अजय शाक्य कैंसर से पीड़ित थे, जिनका सोमवार को निधन हो गया था। शुक्रवार को अधिवक्ता सभागार में उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर, निर्वतमान महासचिव चन्द्रजीत यादव, नवनिर्वाचित महासचिव ललित प्रताप सिंह, राजीव सिंह राठौर, राजेश शाक्य, राजेश कठेरिया, रावेंद्र सिंह शाक्य मौजूद रहे।

उत्साह | बच्चों को भा रही मनमोहक पिचकारी, अबीर-गुलाल के लगे ढेर, मुखौटे और रंग-बिरंगे बाल खींच रहे ध्यान

होली पर 'रंगीला' हुआ बाजार, खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। होली नजदीक आते ही बाजारों की रौनक बढ़ गई है। इस बार आलू महंगा होने से बाजार भी रंगीला हो गया है। बच्चों को मनमोहक पिचकारी भा रहीं हैं, जिसमें बंदूक और क्रिकेट के बल्ले वाली पिचकारी की अधिक मांग है। इसी तरह मुखौटे भी बिक रहे हैं। बच्चे भूत-प्रेतों के चेहरे वाले तथा सुनहरे वालों वाले मुखौटे खरीद रहे हैं तो मोदी का मुखौटा सबसे अधिक बिक रहा है। दुकानों पर अबीर गुलाल के ढेर लगे हैं।

मकरंदनगर में दुकान लगाए श्यामजी ने बताया कि दुकान सज गई है बस ग्राहकों का इंतजार है। गुलाल का दाम 120 रुपये किलो है तो खुशबू वाला गुलाल 40 रुपये का 100 ग्राम है। पिचकारी की बात करें तो 40 रुपये से लेकर आठ सौ रुपये तक की मौजूद है। दाम पिछले साल से कुछ खास नहीं बढ़े हैं। मुखौटे भी ज्यादा महंगे नहीं हैं जिससे हर कोई खरीद सकता है।

उधर, महिलाएं होली पर पकवान बनाने के लिए किराने का सामान खरीद रहीं हैं तो होली मिलने वालों के लिए तरह-तरह के पारंपरिक व्यंजन गुझिया, अहिसे, मठरी, सेव आदि बना रहीं हैं। दुकानदारों ने बताया कि इस बार आलू महंगा होने से पिछली साल की अपेक्षा अधिक बिक्री हो रही है।

बाजार में रंग व पिचकारी बेचता दुकानदार। अमृत विचार

दुकानों पर बिकता गुलाल। अमृत विचार

चेहरे और शरीर के लिए घातक केमिकलयुक्त रंग

छिबरामऊ, कन्नौज। होली मनानी है तो केमिकल युक्त रंगों से तौबा कर लें। टेसू और हरश्रृंगार के फूलों से बने केसरिया रंग, अबीर, गुलाल से लोगों के चेहरों को रंगीन कर होली की खुशियां बांटे। केमिकल युक्त रंगों से चेहरे और शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। चिकित्सक डॉ. गणेश चतुर्वेदी का कहना है कि केमिकल युक्त रंग शरीर पर पड़ने से शरीर में जलन व खुजली होने लगती है। कभी-कभी लाल चकत्ते भी पड़ जाते हैं। ये बाद में चर्मरोग के रुप में बदल जाते हैं। आंख में रंग पड़ने पर आंखें लाल हो जाती हैं। आंखों मे खुजली होती है और वे सूज जाती हैं। केमिकल युक्त रंगों के कारण आंखों की रोशनी भी जा सकती है।

स्ट्रांग रूम की निगरानी को लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मंडी स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम निगम मंडी में बनाए जाएंगे, जिनकी निगरानी के लिए ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सुरक्षा के लिए मंडी परिसर में 24 घंटे पैरामिलिट्री फोर्स की निगरानी रहेगी और पूरे परिसर में बैरिकेडिंग कराई जाएगी। शुक्रवार को स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण करने के बाद यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दी।

जिलाधिकारी ने मंडी परिसर में कन्नौज सदर, छिबरामऊ व तिर्वा विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी परिसर में प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत विभाग व नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही बैरिकेडिंग के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने बताया कि स्ट्रांग रूमों के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिसके लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा और उसकी 24 घंटे निगरानी की जाएगी। सभी कैमरे ऑनलाइन होंगे, जिससे निर्वाचन आयोग और जिला स्तरीय अधिकारी स्ट्रांग रूमों का कहीं से भी ऑनलाइन निरीक्षण कर सकेंगे। सुरक्षा के लिए मंडी परिसर में पुलिस व पीएसी के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। पूरे मंडी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

निगम मंडी में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल व अन्य।

- सुरक्षा के लिए तैनात रहेगी पैरामिलिट्री फोर्स, परिसर में बनेगा सुरक्षा घेरा

मतगणना पंडाल बनाने पर किया मंथन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग मतगणना पंडाल बनाए जाने पर भी मंथन किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विधानसभा क्षेत्रों की अलग-अलग मतगणना होगी। इसके लिए बूथों के अनुसार टेबिल लगाईं जाएंगीं। मतगणना अधिकारियों व कर्मियों सहित अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था के लिए इंतजाम होने चाहिए। सुरक्षा के लिए पंडालों में लोहे की मजबूत जाली भी लगाई जाए।

होली में अलर्ट रहेंगी 102 व 108 एंबुलेंस

कन्नौज। होली को देखते हुए एंबुलेंस सेवाओं को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है। ऐसी व्यवस्था की गई है कि आपात स्थिति में दस मिनट में एंबुलेंस उपलब्ध होगी, जिसमें प्राथमिक उपचार की भी सुविधा होगी। सभी में प्रशिक्षित स्टाफ के अलावा जीवनरक्षक दवाइयां भी उपलब्ध होगीं।

प्रदेश सरकार ने 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेलदारी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थष सर्विसेज को दी है। होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश हैं। 108 एंबुलेंस चिन्हित किए गए विशेष स्थाकनों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। त्योषहार के दौरान गर्भवती व दो साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध् रहेगी। जिले में 108 सेवा की 24 एंबुलेंस और 102 सेवा की कुल 23 एंबुलेंस संचालित हैं। आवश्येकता पड़ने पर 102 या 108 पर कॉल कर फ्री एंबुलेंस प्राप्त की जा सकती है। जिला प्रबंधक, एंबुलेंस सेवा विकास पटेल ने कहा कि पर 108 नंबर पर तत्काल सूचना दी जा सकती है।

बाजार में दाम अधिक केंद्र पर कौन बेचे गेहूं

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- 2275 सरकारी दर, 175 रुपये प्रति क्विंटल अधिक दे रहे आढ़ती
- नया गेहूं तैयार होने में अभी लगेगा एक महीना, केंद्रों पर सन्नाटा पसरा

अमृत विचार। बाजार में किसानों को अपने गेहूं की कीमत सरकारी से अधिक मिल रही है। ऐसे में क्रय केंद्रों का रुख करने से कतरा रहे हैं। समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि आढ़ती 175 रुपये अधिक और वह भी नकद देकर पुराना गेहूं खरीद रहे हैं।

इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। खरीद को लेकर एक मार्च से क्रय केंद्र भी खोल दिए गए हैं। इधर आढ़ती गेहूं की खरीद अधिक दाम देकर कर रहे हैं। इस दशा में क्रय केंद्रों को मिला खरीद का लक्ष्य पूरा होना संभव नहीं लग रहा। यही नहीं जो किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेंचने के लिये रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं वह भी बेचेंगे, इसको लेकर भी संशय है। क्रय केंद्रों का रेट 2275 रुपये प्रति क्विंटल व आढ़तियों के यहां गेहूं का खरीद रेट 2450 रुपये है। इससे किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेंचने में प्रति क्विंटल 175 रुपये का नुकसान होगा। किसान राम प्रकाश का कहना है कि सरकार कम से कम रेट निर्धारित करती है। इस महंगाई में इतने में कोई किसान सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेंचने नहीं जाएगा। सबसे खास बात तो यह है कि सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेंचने पर छलना व झाड़ू लगा कर सफाई की जाती है जब आढ़ती के यहां ऐसा नहीं होता। क्रय केंद्र पर गेहूं बिक्री का पैसा 48 घंटे या एक सप्ताह में सीधे बैंक खाते में आता है जबकि आढ़ती तुरंत दे देता है। सरकारी खरीद में कई खामियां होने से किसान बाजार या आढ़ती के पास जाना ही पसंद करेगा। खाद्य एवं विपणन अधिकारी अनूप श्रीवास्तव का कहना है कि अभी नया गेहूं आया नहीं है। जब आएगा तो खरीद का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

अन्ना मवेशियों को ग्रामीणों ने पकड़ा

गुरसहायगंज, कन्नौज। शुक्रवार को ग्राम इस्माइलपुर के किसानों अतुल मिश्रा, आकाश अभिषेक प्रजापति, अंशुल श्रीवास्तव, रामबाबू प्रजापति, गौतम मिश्रा, प्रदीप आदि ने फसल को बचाने के लिए खुद ही अभियान छेड़ दिया। जान को दांव पर लगाकर किसानों ने पांच अन्ना मवेशियों को पकड़ लिया। इसके बाद जिम्मेदारों सहित उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी।

किसान ऋषी दीक्षित ने बताया कि नगर पंचायत समधन को सूचना दी गई और कैटल कैचर भेजकर मवेशियों को ले जाने की बात कही गई। वहीं जिम्मेदारों ने कैटल कैचर खराब होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ना चाहा। बताया कि उच्चाधिकारियों को सूचना देने का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं उठा। इससे ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ गया है।

देर शाम लगभग 6 बजे नगर पंचायत समधन व नगर पालिका छिबरामऊ द्वारा कैटल कैचर भेजकर अन्ना मवेशियों को गौशाला ले जाया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

लंच के बहाने जाते, फिर कार्यालय नहीं आते

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीडीओ ने विकास भवन के अफसरों को कार्यालय में बैठने की दी नसीहत

अमृत विचार। विकास भवन में कई अधिकारी सुबह समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते हैं। उसके बाद लंच करने का बहाना बनाकर चले जाते हैं। इससे जनता दर्शन के लिए आने वाले लोगों को दिक्कतें होती हैं। इसमें सुधार लाने के निर्देश सीडीओ ने दिए हैं।

सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने जारी किए आदेश में कहा है कि देखने में आया है कि जनता दर्शन के समय अधिकारी कार्यालय में नहीं रहते हैं। सीडीओ को पता लगा है कि कई अधिकारी कार्यालय में देर से बैठते हैं। दोपहर बाद भोजन करने के बहाने चले जाते हैं। कुछ दोपहर दो बजे निकल जाते हैं, लेकिन लौटकर नहीं आते हैं। कुछ विशेष अधिकारियों की यह आदत हो चुकी है। इस वजह से सभी अधिकारी एक भ्रमण पंजिका बना लें। अगर अफसर भ्रमण पर जाते हैं तो उस पंजिका में उसका जिक्र जरूर करें, जिससे जानकारी हो सके। दरअसल, 20 मार्च को सीडीओ ने विकास भवन का निरीक्षण किया था। तब 14 अधिकारी व 30 कर्मी गैरहाजिर मिले थे।

कार्रवाई न होने पर घेरी कोतवाली

तिर्वा, कन्नौज। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर लोगों ने कोतवाली का घेराव किया। कस्बा के मोहल्ला निवासी महिला के साथ घर मे घुसकर छेड़खानी कर मारपीट के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

पीडिता ने मंडी बाजार निवासी रहीश व शहीद के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। छह दिन बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होता देख कस्बा के करीब एक सैकड़ा से अधिक लोगो ने गुरुवारी की रात कोतवाली का घेराव कर गिरफ्तारी की मांग की है। पीडित पक्ष का कहना है कि आरोपी जान से मार देने की धमकी दे रहे है।

कुपोषित जुड़वां बच्चों को जीवनदान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पोषण पुनर्वास केंद्र में कराया गया था भर्ती
- अब तक 33 कुपोषित बच्चे एनआरसी में हो चुके स्वस्थ

अमृत विचार। जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में दो जुड़वां बच्चों को जीवनदान दिया गया। स्वस्थ होने के बाद दोनों बच्चों को डिस्चार्ज किया गया तो उनकी माता को उपहारस्वरूप साड़ी, बर्तन व खिलौने दिए गए। अब तक एनआरसी में 33 कुपोषित बच्चों को जीवनदान दिया जा चुका है।

शुक्रवार को जिला अस्पताल में एनआरसी में जलालाबाद ब्लॉक की सीमा देवी के जुड़वां बच्चों लव-कुश को डिस्चार्ज किया गया। इससे पहले जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा व एनआरसी की डायटीशियन स्वप्निल मिश्रा ने सीमा को साड़ी, बर्तन व खिलौने प्रदान किए।

महिला को उपहार देते डीपीओ राजेश वर्मा व स्वप्निल मिश्रा। अमृत विचार

डायटीशियन स्वप्निल मिश्रा ने बताया कि लव-कुश को 26 फरवरी को एनआरसी में भर्ती कराया गया था। कहा कि कुपोषित होने की वजह से दोनों बच्चों का वजन तीन किलो था। 14 दिन में दोनों बच्चों का वजन चार किलोग्राम से ऊपर पहुंच गया।

सार-संक्षेप

बीडीओ ने ग्राम प्रधानों को सफाई कराने के दिए निर्देश

छिबरामऊ-कन्नौज। संचारी रोग नियंत्रण माह के तहत बीडीओ ने संबंधित विभाग तथा ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। इस दौरान गांवों में सफाई आदि व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदार लोगों को सचेत किया। ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को संचारी रोग नियंत्रण को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों से बीडीओ दीपांकर आर्य ने कहा कि गांवों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा जलभराव की स्थिति कहीं भी पैदा ना हो। उन्होंने अभियान के दौरान ग्राम प्रधानों से ग्राम स्तर पर साफ सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई, दवा का छिड़काव तथा घर से जल निकासी, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान एडीओ पंचायत यशकरन सिंह, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान के साथ सफाई कर्मी मौजूद रहे।

जिला बदर सहित दो को तमंचा के साथ पकड़ा

तालग्राम, कन्नौज। थाना प्रभारी पारुल चौधरी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र व दीपक चंद्र ने शुक्रवार को आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के मुंडाला अंडरपास पर छापेमारी की। इसमें पुलिस ने ग्राम अतरौली निवासी जिला बदर जीतू को तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। बेहटा चौकी प्रभारी किशनवीर सिंह ने ग्राम किशनपुर निवासी राहुल पाल को तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

महिला बंदियों से पूछताछ के दौरान मौजूद एडीजे लवली जायसवाल। अमृत विचार

होली पर बंदी की हुई रिहाई तो मिली खुशी

जलालाबाद, कन्नौज। अपर जिला जज व कारागार के संयुक्त प्रयास से होली पर बंदी की समय से पूर्व रिहाई कराकर खुशियों की सौगात दी गई। एडीजे ने कारागार में बैरकों, महिला बंदियों हेतु प्रशिक्षण केन्द्र में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को निरंतर मीनू के अनुसार ही भोजन देने के निर्देश दिए। शुक्रवार को कारागार निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज लवली जायसवाल को बंदी किशन पाल यादव ने बताया कि उसे न्यायालय ने 11 माह के कारावास व 3000 अर्थदण्ड जमा करने की सजा सुनाई है। सजा की अवधि पूरी कर चुका है लेकिन जुर्माना अदा न कर पाने से बंद है। इस पर एडीजे ने जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी को जुर्माना जमा कराये जाने के निर्देश दिए। स्वयंसेवी संस्था ने जुर्माने की राशि जमा कर दी जिससे रिहाई हो सकी। निरीक्षण के दौरान चार बंदियों ने अपने मामले की पैरवी को सरकारी अधिवक्ता दिलाए जाने की याचना की। इसके संबन्ध में तत्काल कार्यवाही करते हुए लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल को निर्देशित किया गया। इस दौरान जेल विजिटर व लिपिक बसन्त राम मौजूद रहे।

खोवा, क्रीम, दूध समेत नमकीन के लिए नमूने

तिर्वा, कन्नौज। त्योहार पर सक्रिय हुए मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्र में अभियान चलाकर नमूने भरे। टीम ने खोवा, क्रीम, दूध, नमकीन समेत बूंदी समेत पांच खाद्य पदार्थों के नमूने लिए है। शुक्रवार को सहायक आयुक्त खाद्य अधिकारी की अगुवाई में टीम ने तहसील क्षेत्र के हमीरपुर दिब्बापुर्वा गांव में खोवा बनाने की भट्ठी पर पहुंचकर खोवा, क्रीम व दूध का नमूना लिया है। इसके बाद दरगढ़ कस्बा में दुकान से नमकीन व बूंदी का नमूना लिया है। सहायक आयुक्त खाद्य अधिकारी ने बताया कि नमकीन की दुकान से 30 किलो बूंदी जब्त की गई है। इस मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित प्रकाश वर्मा, डॉ. अनुज कुमार, इंद्रजीत सिंह, अनिल राठौर, सर्वेश कुमार समेत अन्य विभाग के लोग मौजूद रहे।

चुनावी चंदा से भाजपा कर रही धंधा : कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सत्ताधारी भाजपा ने रिश्वत लेने का एक नया तरीका ईजाद किया है। इलेक्टोरल बांड के नाम पर रुपये लेकर काले धन को सफेद किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भाजपा की भ्रष्ट नीतियां जनता के सामने उजागर हुईं हैं और आजाद भारत का यह सबसे बड़ा चंदा घोटाला है। शुक्रवार को मकरंदनगर स्थित जिला कार्यालय पर कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में यह बात पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कही।

उन्होंने बताया कि एसबीआई और बीजेपी मिलकर चुनावी बांड की जानकारी छुपा रही हैं। भाजपा द्वारा सफेद तरीके से काला धन एकत्र करने की एक अपारदर्शी योजना बनाई गई जो सरकारी शक्ति के दुरुपयोग का एक नया नमूना बन गई है ।15 फरवरी को सर्वोच्च न्यायालय के पांच न्यायमूर्ति की पीठ ने इस योजना को असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया है। इस चुनावी चंदे से भाजपा धंधा कर रही है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अविनाश दुबे, महिला जिला अध्यक्ष रीना सिंह वर्मा, जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, पूर्व शहर अध्यक्ष एहसानुल हक ,दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आकाश कटियार ,उमर्दा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कनौजिया, सत्य प्रकाश शर्मा, बीनू त्रिपाठी, विकास मिश्रा मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता में बोलते कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा। अमृत विचार

- कांग्रेस नेताओं ने प्रेसवार्ता कर भाजपा पर लगाया चंदा घोटाला करने का आरोप

हेपेटाइटिस बी और सी की जांच कराने उमड़े लोग

छिबरामऊ। कांशीराम कालोनी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से हेपेटाइटिस की निशुल्क जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हेपेटाइटिस बी और सी की जांच की गई।

शिविर में डॉ. अनग द्विवेदी ने बताया कि हेपटाइटिस बी और सी एक प्रकार का वायरस है। यह रोग बेहद संक्रामक है और समय पर इलाज न होने पर यह लीवर को नुकसान पहुंचा सकता है। डॉ. अनग द्विवेदी ने बताया कि इस बीमारी के होने पर मरीज को जॉन्डिस, बुखार, दस्त, उल्टियां आदि शिकायत होती है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में आये 21 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए सुरक्षित कर लिए। इस दौरान एलटी श्याम कुमार, नर्स रतन प्रभा व भावना के साथ ही आशा बहु डोली व अर्चना आदि मौजूद रहीं।

महिला महाविद्यालय में विजेता छात्राएं पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण हुआ। छात्रा शिवांगी, नेहा, कुलसूम सौम्या, नंदिनी, चांदनी, संध्या, शालिनी, राखी ने कव्वाली, लोक नृत्य, भाषण, कविता, सोलो डांस, नाटक, कजरी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महाविद्यालय में पूरे सत्र के दौरान आयोजित परिषदीय प्रतियोगिता, क्रीड़ा प्रतियोगिता, एनएसएस व हिंदी दिवस के कार्यक्रमों में विजेता व प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि व नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा और प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह सचान ने कार्यक्रम की शुरुआत कर बात रखी। इस मौके पर डॉ. सोनू पुरी, रीतू सिंह, डॉ. सुनील कुमार, अम्बरीन फातिमा, शैलेंद्र कुमार व पीपी यादव, नुपुर उपाध्याय, अजीत सिंह व किरण मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं। अमृत विचार

कोतवाली में बैठक | होली पर आपत्तिजनक गाने बजाने पर होगी कार्रवाई

बिना अनुमति और तेज आवाज में डीजे बजाया तो खैर नहीं

संवाददाता, गुरसहायगंज/तिर्वा

अमृत विचार। होली को लेकर गुरसहायगंज व तिर्वा कोतवाली परिसर में डीजे संचालकों की बैठक की गई। इसमें कोतवाल ने डीजे संचालकों को बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र न लगाने के निर्देश दिए।

कोतवाली परिसर में कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में हुई बैठक में डीजे संचालकों को बताया गया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत धारा 144 लागू है। ऐसे में होली पर बिना अनुमति के डीजे नहीं लगाए जाएंगे। आपत्तिजनक गाने भी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज भी मानक के अनुरूप रहेगी।

डीजे संचालकों से कहा गया कि इसके लिए पहले कोतवाली से अनुमति लेनी होगी। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी राहुल पाल, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा, रामाश्रम चौकी प्रभारी चन्द्रभान सिंह, उपनिरीक्षक नीलम सिंह, ओम सिंह चैहान, रविंद्र सिंह, नीरज शर्मा आदि डीजे संचालक मौजूद रहे।

तिर्वा में कोतवाल जेपी गंगवार ने भी डीजे संचालको के साथ बैठक कर बिना अनुमति व रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाने की नसीहत दी। किसी ने बिना अनुमति डीजे बजाया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

गुरसहायगंज में डीजे संचालकों के साथ बैठक करते कोतवाल जेपी शर्मा।

- रात दस बजे के बाद संचालकों को डीजे न बजाने की पुलिस ने दी नसीहत

नगर में रूटमार्च करती कोतवाली पुलिस व बीएसएफ जवान। अमृत विचार

पुलिस व बीएसएफ ने नगर में किया रूटमार्च

गुरसहायगंज। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शुक्रवार की शाम कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में होली, ईद व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस कर्मियों, बीएसएफ व पीएसी के जवानों ने रूटमार्च किया। पुलिस ने नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली, फर्रूखाबाद रोड, रेलवे रोड, गांधी नगर सहित ग्रामों में भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। कोतवाल ने जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक आनंद मिश्रा, चन्द्रभान सिंह, राजेश प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह, विनय शर्मा, कांस्टेबल गजेंद्र सिंह, दीपांशु गंगवार सहित बीएसएफ व पीएसी कर्मी मौजूद रहे।

21 दिन में जन्म-मृत्यु का करें पंजीकरण

कन्नौज। जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन में हर हाल में किया जाये। इसको लेकर सीएमओ कार्यालय में 18 से 21 मार्च तक एक दिवसीय प्रशिक्षण आशा, एएनएम, डाक्टर व फार्मसिस्टों को दिया गया।

सीएमओ कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि 21 दिन में हर हाल में जन्म व मृत्यु का पंजीकरण हर हाल में कर दिया जाये। क्यो कि इसकी निगरानी नियमित जिलाधिकारी की ओर से की जा रही है। प्रशिक्षण में राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा, संयुक्त जिला अस्पताल, सौ शय्या, में विकास खण्ड स्तर के डॉक्टर व फार्मासिस्टों को प्रसिक्षित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, एसीएमओ डॉ. वीके शुक्ला वाई के मंजुल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

S.No	Post	Qualification
1	Principal	Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy
2	Sport Teacher/ P.T.I	M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level
3	Hindi/ Sanskrit (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya (Sanskrit), C.T.E.T
4	Geography (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
5	History (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
6	Primary Teacher (Play Group)	Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed.
7	Lab. Asst.	B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology)
8	Office Asst. (Computer Operator)	B.Com with O- Level, Tally, Erp (Preference to Female Candidate)
9	Receptionist	Female (graduation with good communication skill in English)
10	Aaya	High School with interest in child care

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till Friday, 5 April 2024
Date of interview: Sunday, 7 April 2024
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

एक नजर

किसानों पर मधुमक्खियों का हमला, दो भर्ती

कायमगंज फर्रुखाबाद। थाना शमशाबाद क्षेत्र में खेत में काम कर रहे दो किसानों पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। इससे वह बेहोश हो गए। गम्भीर अवस्था में दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी बाबूराम अपने समधी कायमगंज क्षेत्र के ग्राम मोती नगला निवासी नंदकिशोर के यहां सात सालों से रह रहा था। उसके समधी नंद किशोर ने बताया कि बाबूराम खेत में तंबाकू के पत्ते की छटनी कर रहे थे। तभी किसी बालक ने मधुमक्खी के छत्ते में डेला मार दिया। जिससे मधुमक्खियां ने खेत में काम कर रहे बाबूराम व जसवीर के ऊपर हमला बोल दिया। मधुमक्खियो के हमले से बाबूराम पर जसवीर की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में दोनों घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका उपचार जारी।

दुकानदार घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। चिलांका में दुकानदार को लात घूसों व ईट मार कर आरोपित ने घायल कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के एक मोहल्ला चिलांका निवासी अलीहसन की मोहल्ले में ही पेंट की दुकान है। वहां पड़ोस के मोहल्ला चिलौली पठान निवासी इजहार खा कीं इलेक्ट्रानिक की दुकान है। 21 मार्च को अलीहसन दुकान पर बैठा था तभी आरोपित इजहार आकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने लात घूसों व ईट से मारपीट कर घायल कर दिया।

गिरने से बच्चा घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव रानीपुर गौर निवासी मोहित कुमार की दो वर्षीय पुत्री अक्शा ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गई।

शराब के साथ एक गिरफ्तार

कंपिल फर्रुखाबाद। थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गौरखेड़ा निवासी ओमवीर को गांव के ही निकट से बीस लीटर कच्ची शराब सहित दबोच लिया। पुलिस ने आरोपित ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

बाइक सवार घायल

फर्रुखाबाद। कायमगंज के गांव अताईपुर कोना निवासी जिलेदार का 23 वर्षीय पुत्र विशाल बाइक से गिरकर घायल हो गया। ट्रक को बचाने में बाइक सवार युवक विशाल अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।

जिले के 2003 स्थानों पर जलेगी होलिका

त्योहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थानों पर फोर्स रहेगा तैनात

होली की तैयारी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले में 24 मार्च शाम को 2003 स्थानों पर होलिका दहन होगा। ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा स्थानों पर होलिकादहन होगा। पुलिस प्रशासन के अधिकारी होली पर्व को लेकर सतर्क हैं। विवादित स्थानों और नए स्थानों पर होली का दहन नहीं होगा। शांति व्यवस्था खराब करने वालों की पुलिस पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

जिले में होली पर्व की तैयारी जोरों से चल रही है। गांव-गांव और मोहल्ले मोहल्ले होली दहन की तैयारी हो रही है। बच्चे होलिका दहन के लिए लकड़ी एकत्र करने में जुटे हुए हैं। वहीं पुलिस व प्रशासन के अधिकारी होली पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद करने में लगे हुए हैं। जिले में धारा 144 लागू है, इसके साथ ही होली को ध्यान में रखते हुए थाना स्तर पर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। मजिस्ट्रेट संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों से समन्वय बनाकर अपने अपने क्षेत्र में मौजूद रहेंगे।

गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

रंग बरसे भीगे चुनरवाली..., फिल्मी तराने पर झूम कर नाचे किन्नर, पर्व की बधाई दी

फर्रुखाबाद। होली के त्योहार पर चारों तरफ होली की धूम है। वहीं बाजार में चारों तरफ भीड़ का माहौल है। हर व्यक्ति त्योहार पर खरीदारी कर रहा है। इस मौके पर किन्नर समाज के लोग बधाई गीत एवं होली के गीत रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे की धुन पर नाचते गाते दुकानों पर नेग वसूल कर दुआएं दे रहे है। दुकानदारों भी हंसी मजाक के साथ नेग देकर उसमें दुआएं ले रहे हैं। किन्नर समाज की गुरु रंगोली किन्नर, गुरु बबली किन्नर, गुरु किन्नर अंजली, मैडम मयूरी किन्नर आदि किन्नरो ने दुकानदारों को आकर्षक डांस के साथ बधाइयां दी।

- विवादित और नए स्थानों पर नहीं होगा होलिका दहन

होलिका जलाने के लिए जिले में चिह्नित स्थान व संख्या

थाना क्षेत्र	स्थानों की संख्या
कोतवाली व कादरीगेट	138
मऊदरवाजा	148
अमृतपुर	142
राजेपुर	165
कोतवाली फतेहगढ़	188
कमालगंज	152
जहानगंज	129
कायमगंज	145
शमसाबाद	120
कंपिल	143
मोहम्मदाबाद	187
नवाबगंज	186
मेरापुर	160

...ताकि कोई विवाद न हो

- जिले में जिन स्थानों पर होली का दहन होगा उस क्षेत्र के चौकी प्रभारी और बीट कांस्टेबिल भी स्थान का निरीक्षण कर रहे हैं। इस बात की जानकारी की जा रही है कि कहीं कोई विवाद तो नहीं है। होली पर्व को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। किसी भी नए स्थान या विवाहित स्थान पर होली का दहन नहीं होगा। सभी थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में गश्त पर रहेंगे। संदिग्ध लोगों को निगाह रखेंगे। थाना, चौकी स्तर पर शांति समिति का बैठकों का आयोजन कराया जा रहा है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि होलिकादहन के स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

बधाई देकर नेग लेते किन्नर। अमृत विचार

धरना देते आप के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध, कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद,

अमृत विचार। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में जबरदस्त प्रदर्शन कर धरना दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर कई आरोप लगाए और कहा कि उन्हें हाई कोर्ट के निर्देश के बावजूद भी गिरफ्तार किया गया है।

दौरान इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुने हुए प्रतिनिधियों को जबरदस्ती गिरफ्तार करवा रही है ।जबकि भाजपा ने गुंडागर्दी के बल पर सबसे ज्यादा चंदा वसूल किया है। अरविंद केजरीवाल को नौ बार ईडी ने नोटिस दिया। यह सरासर गलत है ।जबकि न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा लगाई थी। इसके बाद भी गिरफ्तार कर लिया गया ।जिसका आम आदमी पार्टी प्रबल विरोध करती है। और धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति तक अपनी मांग ज्ञापन के माध्यम से पहुंचाना चाहती है। इस मौके पर सुनील कुमार कटियारजिला मंत्री सीपीएम, कर्मयोगी रमेश चंद्र आम आदमी पार्टी, लालाराम राजपूत सैनिक प्रकोष्ठ आम आदमी पार्टी,प्यार वारसी नगर अध्यक्ष आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गलत मिला बीएलओ का मोबाइल नंबर, फटकारा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। नायब तहसीलदार सृजन कुमार ने कमालगंज के मदारपुर स्कूल का किया औचक निरीक्षण किया। -बूथ पर बीएलओ का मोबाइल नंबर गलत अंकित मिलने पर फटकार लगाई और तत्काल उसे सही कराने के निर्देश दिए। बीएलओ समोद कुमार ने बताया कि भूलवश घर का मोबाइल नंबर अंकित हो गया है ।ठीक बारह बजे बूथ संख्या 111 के साथ स्कूल में चल रही वार्षिक परीक्षा का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बच्चों को भोजन परोसा जा रहा है। उन्होंने सुसज्जित रसोईघर में पहुंच कर रसोईयों से एमडीएम की जानकारी की। भोजन में मीनू के अनुसार तहरी बनी थी जिसमें चावल,आलू, मटर, टमाटर, फूलगोभी, गाजर,हरी मिर्च,हरा धनियां डाल कर स्वदिष्ट तहरी के साथ ही साथ सलाद में मूली, गाजर, चुकंदर बच्चों को परोसा जा रहा था। भोजन की गुणवत्ता और सभी मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित बूथ देखकर नायब तहसीलदार ने प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल की प्रशंसा की। उपजिलाधिकारी ने मदारपुर स्कूल में स्थित बूथ को आदर्श बूथ की श्रेणी में रखा है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की लगीं कतारें

कायमगंज फर्रुखाबाद। चीनी मिल रोड पर गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली की लंबी-लंबी कतारें लग गई। इससे किसान परेशान रहे। बीती रात दि किसान सहकारी चीनी मिल में तकनीकी खराबी के कारण करीब डेढ घंटे तक खराबी रही। उसके बाद पेराई शुरू हो सकी। शुक्रवार को मिल परिसर में गन्ने से लदे ट्रैक्टरों की आवक बढ़ गई। यार्ड व चीनी मिल रोड पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। कतारे लगे होने से किसान के अलावा राहगीर परेशान हो गए। किसानों का कहना था टोकन अधिक संख्या में वितरित कर दिए जिस कारण यह समस्या आ रही है। वहीं तकनीकी खराबी के कारण और दिक्कत हो रही है।

संचारी रोग: डेंगू के डंक को कुचलने की तैयारी

संवाददाता फर्रुखाबाद,

अमृत विचार। नगर पालिका कायमगंज के सभागार में न्यायिक उपजिलाधिकारी रजनीकांत के नेतृत्व में एक संचारी रोग नियंत्रण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेंगू के डंक से बचने के उपाय सुझाये गए। बैठक में कहा गया कि गर्मी आते ही मच्छरों का प्रकोप बड़ जाता है।

इससे प्रकोप से बचने के लिए अपने आस-पास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना पड़ेगा। डेंगू का मच्छर साफ पानी मे पैदा होता है। साफ पानी को भरा हुआ नही रखना है। नालियों की सफाई की जाए। नालियों की सफाई की जाए वहाँ एक या दो लोगो के दस्खत ले लिए जाय। जिससे कोई यह न कह सके कि हमारे यहां सफाई नही हुई है। न्यायिक उपजिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा 1 अप्रैल से 20 अप्रैल तक संचारी रोग अभियान घर घर दस्तक चलाया जा जाएगा। जो भी बीमारियां है मच्छरों के माध्यम से अन्य माध्यम से होने वाली रोगों के रोकथाम के लिए नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग कासंयुक्त अभियान चलेगा। वार्ड में घर-घर जाकर इन रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। नालियों की सफाई कराएंगे। जिससे मच्छरों की पैदावार को रोका जा सके। शाम के समय वार्ड - वार्ड जाकर फ़ागिग करके दवाई का छिड़काव भी करेंगे। जिससे मच्छरों के प्रकोप को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण में भी नगर पालिका की टीम संयुक्त रूप से घर घर जाकर जाकर लोगों को जागरूक करेगी। इस मौके पर यूनिसेफ के रवींद्र कुमार, डब्ल्यूएचओ के मानीटर आसिफ नगर पालिका आरआई अंशुमान शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

नगर पालिका में बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

- रोकथाम के लिए नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग की टीम एक साथ करेगी काम

रामगंगा में मिला युवक का शव

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना राजेपुर क्षेत्र में राम गंगा में पूजन सामाग्री विसर्जित करने गया युवक लापता हो गया। उसके कपड़े रामगंगा के किनारे रखे मिले। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को बरामद कर लिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम निसवी खंडौली निवासी देव स्वरूप का 42 वर्षीय राकेश मिश्रा दिल्ली में नोकरी करता था। वह एक दिन पूर्व दिल्ली से अपने गांव आया था। रामगंगा नदी में राकेश मिश्रा पूजन सामग्री डालने गया था। जब वह काफी देर तक वापस घर नही गया तो परिजनोंने उसकी तलाश की। उसके रामगंगा के किनारे पेंट, शर्ट, रुमाल और एक जोड़ी चप्पल पड़ी मिली। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी ।सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एसओ नेबताया कि युवक का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव का पंचनामा किया गया।

घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

छात्रा की हालत बिगड़ी, लोहिया अस्पताल में करवाया भर्ती

फर्रुखाबाद। कस्तूरबा गांधी की छात्रा एकाएक बेहोश हो गई। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। .नवाबगंज क्षेत्र के गांव गिलौंदा निवासी दाताराम की बेटी निशा (14) कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा है। शाम को अचानक उल्टी आने से वह बेहोश हो गई। सीएचसी से रेफर कर दिए जाने पर उसे एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल लाया गया। डॉ .अभिषेक चतुर्वेदी ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया। रात में सीएमओ डॉ .अवनींद्र कुमार ने लोहिया अस्पताल जाकर छात्रा के हाल-चाल लिए। सीएमओ ने बताया कि परिजनों ने पूछताछ में जानकारी दी कि इससे पहले भी छात्रा बेहोश हो गई थी। हालांकि इलाज के बाद छात्रा पूरी तरह स्वस्थ है।

जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक होना होगा

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। राष्ट्रीय प्रगतिशील फोरम की ओर से विश्व जल दिवस पर कृष्णा प्रेस परिसर सधवाड़ा में संगोष्ठी हुई। साहित्यकार प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि इसी वर्ष गत माह में महासागर जल सतह का तापमान 21.06 डिग्री तक पहुंच गया जिससे पृथ्वी के अधिक गर्म होने का खतरा है और जल के अभाव की संभावना है। वैसे भी हिम का पिघलना पर्वतों का बेजां उत्खनन वनों का अंधाधुंध कटान और भूगर्भ जल का निरंतर दोहन शुभ लक्षण नहीं है और फिर जल संचयन, पौधा रोपण के सरकारी कार्यक्रम कागजो पर दौड़ रहे हैं। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौड़, प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ,जेपी दुबे, आर्य, ओम दत्त शर्मा, विद्यासागर तिवारी ने कहा कि जल के संचयन,संरक्षण और प्रबंधन में जनसहभागिता तथा सभी शिक्षण संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों का सक्रिय सहयोग सुनिश्चित रहना चाहिए । परिवर्तन कानून से नहीं जन जागरण से ही आते हैं। गीतकार पवन बाथम ने अपने कन्नौजी लोकगीत के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा पानी में लगि रही आग कहां से जिएं। राजा तो खेलहि फाग कहां से जिएं।। फांसी पर झूलो सुहाग कहां से जिएं। युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा कि जल से जीवन सरस है जल से सजल बहार। जल ही तो है प्रकृति का अति अनुपम उपहार। कभी योगेंद्र सक्सेना ने कहा कि जल से जीवन धरा का जल से जग आवाद।

यूनुस व लोधी का पत्ता साफ

फर्रुखाबाद। समाजवादी पार्टी में गुटबाजी खुल कर सामने आ गई है। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी स्तर से जारी की गई चुनाव समिति की सूची से अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग के लगातार पांचबार प्रदेश सचिव रहे यूनिस अंसारी का पत्ता साफ कर दिया गया है। वहीं जिला महासचिव जहांन सिंह लोधी को भी दर किनार कर दिया गया है।

बताते चले कि चुनाव समिति में कांग्रेस के सलमान खुर्शीद को विशेष तवज्जो दी गई है। राजनीति के गलियारों में चर्चा है कि मोहम्मद यूनुस अंसारी की मुस्लिम मतदाताओं में खासी पैठ है। इसी तरह जहांन सिंह लोधी का भी सजातीय मतदाताओं में वर्चश्व है। इन दोनों जनाधार वाले नेताओं के हटाये जाने से पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं को खासा झटका लगा है।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम में भाग ले रहे साध समाज के लोग। अमृत विचार

साध समाज का भंडारा, गुरु वाणी शुरू

फर्रुखाबाद। अखिल भारतीय साध समाज का भंडारा सधवाड़ा चौकी में शुरू हो गया है। इस भंडारे में देश भर से साध समाज के लोग हिस्सा ले रहे है। यह भंडारा 22 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा। जिसमें दिल्ली मुंबई हरियाणा राज,स्थान, बीजापुर, बरेली, हरिद्वार से सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग सम्मिलित हुए। चौकी में मुखिया एवं समाज के साध बंधुओ ने आए हुए आगंतुको का स्वागत किया। मुख्य(मुखिया,) मैरायत ने सतनाम अवगत ज्ञान ध्यान की चर्चा की। समाज में स्वच्छता सबका मालिक एक है। उसका चिंतन मनन करने का आवाहन किया। यह चर्चा पूर्णिमा तक चलेगी। इसके पश्चात महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। चौकी को सुंदर एलईडी लाइटों से सजाया गया। भंडारे में अध्यक्ष राकेश साध, चमकेश साध, राजमुकुट साध, रवि साध, आकाश साध, राहुल साध, दीपक साध, आदि समाजजन मौजूद रहे।

पंचायत सहायकों की कमी से बंद रहते हैं सचिवालय

फर्रुखाबाद । कमालगंज विकास खण्ड क्षेत्र में पंचायत सहायक न होने से 11 ग्राम पंचायत सचिवालय काफी समय से बंद चल रहे है। जिससे इन पंचायतों के लोगों को विभिन्न सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। शासन के निर्देश हैं कि सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत घर में ग्राम सचिवालय संचालित रहें। सचिवालय के जन सुविधा केंद्र में ग्रामीणों को ऑनलाइन सुविधाएं भी मिलें। इसी को देखते हुए पंचायत राज निदेशालय लखनऊ से शुक्रवार को सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयेंद्र पाल सिंह से जानकारी मांगी गई। ब्लाक की जिन पंचायतों में पंचायत सहायक के त्यागपत्र दे देने के कारण सचिवालय बंद हैं। उनमें आलूपुर,बहोरन टप्पा हवेली,कुंदन गनेशपुर,शर्फाबाद व बहोरिकपुर शामिल हैं। हैदरपुर व कोरीखेड़ा की पंचायत सहायक की शादी हो गई। बन्दरखेड़ा, मॉडलशंकरपुर,राजेपुर टप्पामंडल के पंचायत सहायक ने चयन के बाद नौकरी करने से मना कर दिया था। भड़ौसा के पंचायत सहायक मुंबई में है। एडीओ पंचायत का कहना है कि निदेशालय के निर्देश पर उन्होंने बंद शौचालयों की सूचना भेज दी गई है।

मार्ग दुर्घटनाओं में 10 घायल, तीन की हालत गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो बच्चे समेत दस लोग घायल हो गए, जिसमें तीन की हालत गंभीर है। अलग अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव खुडना घमगवां निवासी धर्मेंद्र कुमार, एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव नगला मोती निवासी अनुज, कंपिल क्षेत्र बहबलपुर निवासी अकील व आकाश, सिकंदरपुर खास निवासी सुहेल, कंपिल क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी खुशराना, नगीना, वाहिद के तीन वर्षीय पुत्र फरहान व एक माह का पुत्र अरहान, ससईया नगला निवासी उमा देवी घायल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

पट्टे की जमीन पर कब्जे का आरोप, केस दर्ज

कंपिल फर्रुखाबाद । पट्टे की जमीन पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव के ब्रजेश चंद्र ने थाने में दर्ज कराए गए मुकद्मे में कहा करीब चालीस बर्ष पहले उनके बाबा पुन्नी को दस बीघा पट्टे की जमीन मिली थी, जिसमे नौ बीघा जमीन पर उनका कब्जा है। एक बीघा जमीन पर गांव के कुछ लोग झोपडी डालकर कब्जा किए हुए हैं। तीन दिन पहले गांव के धर्मपाल, रामरतन व ग्रीश चंद्र कुछ हिस्से की जमीन पर निर्माण कार्य कर कब्जा करने लगे।

पीस कमेटी की बैठक कोतवाली परिसर में सीओ सत्येन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर ने की बैठक

होली पर डीजे बजाना, हुड़दंग करना पड़ेगा भारी, होगी कार्रवाई

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

अमृतविचार। पीस कमेटी की बैठक में तहसीलदार, सीओ ने साफ कहा होली पर डीजे नहीं बजेगा। हुड़दंगियों पर संख्त कार्रवाई होगी। श्यामागेट की होली सबसे बड़ी है। करीब 163 जगह होलिका दहन होगा। आगामी लोकसभा चुनाव व होली त्योहार को लेकर कोतवाली परिसर में सीओ सत्येन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर भी मौजूद रहे।

तहसीलदार व सीओ ने उपस्थित लोगो से कहा किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दे। नगर व आसपास के क्षेत्र में लगभग 163 होलिका दहन स्थल है। सभी शांतिपूर्वक त्योहार मनाए। पालीथीन के प्रयोग से बचे। पानी का कम से कम प्रयोग करे और पानी को बचाऐं। उन्होंने व्यापारियों व दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण हटाने की अपील की। उन्होंने साफ कहा कोई भी दो पहिया वाहन चालक तीन सवारियां बैठाकर यात्रा नहीं करेगा। अगर ऐसा पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सीओ ने सभी एसआई को भी निर्देशित किया और कहा वे सभी अपने अपने हल्के में त्यौहार के दिन मौजूद रहेंगे और त्यौहार को शातिंपूर्ण कराएंगे। कोई उपपद्रव करता पकडा गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। सभी हल्का इचार्ज को निर्देश दिए कि वह अपने अपने क्षेत्रों में व्हाट्सएप ग्रुप बनाए और उसमें गांव के संभ्रात लोगो को जोड़े ताकि कोई घटना होने पर जानकारी मिल सके और घटना के बारे में सही बात पता चल सके। सीओ ने तेज आवाज वाले डीजे बजाने की मनाही की और इसकी अनुमति नहीं है।

बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने कहा कि नगर के श्यामा गेट पर सबसे बड़ी होली रखी जाती है। होलिका दहन से उपर से गुजर रहे बिजली के तारों में आग लग जाती और तार जलकर टूट जाते है जिससे कई बिजली व्यवस्था बाधित हो जाती है। होलिका दहन से पहले ही तारों को और ऊचा किया जाए ताकि बिजली व्यवस्था बाधित न हो सके। व्यापारी नेता मंसराम गुप्ता ने कहा त्योहार पर बिजली विभाग विभाग को कनेक्शन काटने से रोका जाए।

बैठक में व्यापारी नेता मनोज कौशल, संजय गुप्ता, अमित सेठ, होरीलाल मिश्रा, पप्पू अग्निहोत्री, सागर गुप्ता, वरुण गंगवार, हिमांशू शर्मा, प्रिंस मिश्रा, प्रमोद शर्मा, झगड़ू यादव, राजीव यादव, जामा मस्जिद के इमाम हाफिज शाहनूर, हाफिज मूईन, आदिल खान, अदील खान जैन शाह, मसूद खां के अलावा प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्वा चैकी इंचार्ज विद्या सागर तिवारी, मण्ड़ी चैकी प्रभारी कृष्ण कान्त कश्यप, एसआई सुनील कुमार, एसआई नितिन कुमार, व समेत क्षेत्र के आसपास के गांवों के प्रधानों के साथ आधा सैकड़ा से भी ज्यादा लोग मौजूद रहे।

पीस कमेटी की बैठक में भाग लेते तहसीलदार, सीओ व कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की गई जान

भीषण टक्कर से बाइक के परखचे उड़े, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता इकदिल, इटावा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में चितभवन - किल्ली रोड पर गुरुवार देर रात पर बाइक सवार दो दोस्तों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे दोनों की मौत हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। एक युवक मुंबई में काम करता था और उसकी शादी के लिये दो दिन बाद लड़की वालों को आना था।

चितभवन गांव में रहने वाले पप्पू खां का 19 साल का बेटा इमरान अपने 21 साल के दोस्त अश्वनी कुमार कठेरिया के साथ चितभवन नहर पुल के पास से गुरुवार को सब्जी लेने गया था। सब्जी लेकर वे दोनों बाइक से वापस आ रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखचे उड़ गए और दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहां डॉक्टर ने अश्वनी को मृत घोषित कर दिया और इमरान को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया । लेकिन इलाज के दौरान इमरान की भी मौत हो गयी। दोनों की मौत से गांव में रात भर कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिये। शुक्रवार को दोनों के शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में भीड़ एकत्र हुयी और सभी की आंखें नम थीं।

अपनी शादी के लिए मुंबई से आया था इमरान

मृतक इमरान के पिता ने बताया कि बेटा मुंबई में कपड़े का काम करता था। इमरान की शादी होनी थी इसके लिये चार दिन पहले मुंबई से उसे बुलाया था। शनिवार को उसे देखने के लिए रिश्तेदार आने वाले थे उससे एक दिन पहले ही हादसे उसकी मौत हो गयी। वह अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था । दूसरे मृतक अश्वनी के चचेरे भाई सुरजीत ने बताया कि मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर का था जो प्राइवेट काम करता था।

होली को लेकर प्रशासन अलर्ट

इटावा। होली के त्योहार को लेकर जिला प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। ऐतिहासिक और संवेदनशील स्थानों पर होलिका दहन की पूरी निगरानी होगी। लेखपालों से कहा गया है कि वे ऐसे स्थानों का पहले से ही भ्रमण कर लें और संबंधित थानाध्यक्षों के सम्पर्क में रहें। इसके साथ ही अधिकरियों को छुट्टियां भी नहीं दी जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी अवनीश राय ने निर्देश जारी कर दिए है।

उन्होंने कहा है कि नगर मजिस्ट्रेट व सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी के साथ शान्ति समितियों की बैठकें आयोजित करा लें। उन्होंने कहा कि रेलगाड़ियों, बसों आदि पर कीचड़, गुब्बारे या पत्थर आदि न फेंके जायें और राष्ट्रीय सम्पत्ति को किसी भी प्रकार की कोई क्षति न पहुंचाई जाए। होली एवं शबे बारात के त्योहार पर निकलने वाले सभी जुलूस आदि तथा सार्वजनिक कार्यक्रमों की अभी से पूर्ण जानकारी करके उनके आयोजकों को आवश्यक निर्देश देते हुए व्यवस्थाए सुनिश्चित की जाए।

केजरीवाल की गिरफ्तारी अनुचित : प्रो. राम गोपाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कथित शराब घोटाले में गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए सपा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद किसी राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष को इस तरहसे गिरफ्तार करना उचित नहीं कहा जा सकता है। यह घोर निंदनीय है ।

प्रो. रामगोपाल यादव।

शुक्रवार को सैफई स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रो.यादव ने कहा कि इतिहास से लोग कुछ सीखते नहीं हैं। भाजपाइयों ने इंदिरा जी से कुछ नहीं सीखा । 1977 में इंदिरा गांधी की अगुवाई में कांग्रेस ने सारे देश में चुनाव लड़ा। आपातकाल का खामियाजा कांग्रेस को जनता ने ऐसा सिखाया कि सारे देश से कांग्रेस गायब हो गई, भाजपाइयों ने 1977 से लहर से कुछ नहीं सीखा । 2024 में जनता सिखा देगी, किसी को जेल में डालने से उसको जीतने से रोका नहीं जा सकता है।

कांग्रेस के खाते फ्रीज करने के सवाल पर प्रो यादव ने कहा कि बीजेपी चुनाव के लिए सब कुछ कर रही है। जनता के लिए कुछ नहीं, विकसित भारत की बात करती है। देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है, महंगाई चरम सीमा पर है, किसान और नौजवान आत्महत्या कर रहा है। अब जनता ही जवाब देगी।

पल्लवी पटेल के सपा से अलग होने पर उन्होंने कहा कि हो जाए अलग हमारे ऊपर क्या फर्क पड़ता है। सपा बदायूं से शिवपाल सिंह की जगह पर आदित्य को प्रत्याशी बना सकती है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि चर्चा तो सब जगह होती है अगर टिकट दे दिया जाएगा तो उसमें क्या गलत है।

सार-संक्षेप

डीएलएड में सफलता प्राप्त करने वाली छात्राएं। अमृत विचार

श्वेता और खुशी को मिला पहला स्थान

जसवंतनगर, इटावा। चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी में डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर में श्वेता ने 93 .37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। काजल द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रहीं। चौथे सेमेस्टर में खुशी ने 92 .37 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है अनु सिंह द्वितीय और सलोनी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रबंध निदेशक एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुज मोंटी यादव ने सभी छात्र छात्राओं का माल्यार्पण किया। कॉलेज के निदेशक डॉ संदीप पांडेय ने इसी तरह से अपनी आगामी परीक्षाओं की तैयारी करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. जितेंद्र यादव, अशांक हनी यादव ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष नितिन आनंद ,ऋषि पाल सिंह ,अटल बिहारी ,बृजेश पोरवाल , प्रभा शर्मा आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

ज्ञापन देते अध्यक्ष विकास सिंह भदौरिया। अमृत विचार

बदायूं घटना की सीबीआई जांच कराई जाए

इटावा। क्षत्रिय स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष विकास सिंह भदौरिया उर्फ कुन्नू भैया ने बदायूं में दो मासूम बच्चों के गला रेतकर निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है। पीड़ित परिवार को पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी तथा सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की गई है। उन्होंने घटना की सीबीआई जांच करने की भी मांग की, जिससे घटना की सच्चाई सामने आ सके। साथ ही दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग भी उठाई है ।मंच की ओर से इस मामले में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सत्येंद्र भदौरिया, सर्वेश तोमर, गुड्डू राजावत, राजकुमार सिंह चौहान, अंजू ठाकुर, प्रिंस राठौर, संजय तोमर, प्रताप सिंह भदोरिया, जगमोहन राजावत, जोगेंद्र सिंह गौर, अनु भदौरिया, अनिल कुमार सिंह, उदय चौहान, प्रदीप चौहान, शैलेंद्र चौहान, मोनू चौहान, अनिल भदौरिया, रामकुमार सिंह परिहार, अवधेश भदौरिया, महेंद्र सिंह चौहान, धर्मेंद्र चौहान, इंद्रवीर तोमर, गोलू राठौड़, सर्वेश राठौर भैया मौजूद रहे।

भागवत कथा श्रवण से होता है जीव का उद्धार

बकेवर, इटावा। ग्राम धर्मशाला में श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथावाचक आचार्य रामजी द्विवेदी महाराज ने सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई। इन कथाओं को सुनकर सभी भक्त भाव विभोर हो गए। आचार्य ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही। जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हों। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की । समाज में समानता का संदेश दिया। साथ ही भक्तों को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते है। परीक्षित अंगद सिंह यादव, यज्ञाचार्य केपी सिंह (निजी सचिव सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष) , आयोजक जयराम सिंह यादव, राजेश यादव, सीताराम चकबंदी लेखपाल, धर्मवीर यादव जीएस टी विभाग, अनुज यादव मौजूद रहे।

कथा सुनाते आचार्य रामजी द्विवेदी। अमृत विचार

दबंग ने गल्ला व्यापारी का पैर तोड़ा

भरथना, इटावा। दबंगई का प्रदर्शन करते हुए नामजद ने गल्ला व्यापारी को बुरी तरह मारपीट कर उसका पैर तोड़ दिया। सरेआम हुई घटना से मंडी क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया है। भरथना में कृषि उत्पादन मंडी समिति में गुरुवार रात साढ़े आठ बजे थाना ऊसराहार के गांव नगला दुली के मूल निवासी बबलू यादव ने मंडी समिति परिसर में संचालित एक दुकान के सामने पुराना भरथना में रहने वाले अधेड़ गल्ला व्यापारी रज्जन शुक्ला को गाली गलौज करते हुए जमीन पर गिराकर बुरी तरह पीटकर एक पैर तोड़ दिया, जिससे व्यापारी गम्भीर रूप से घायल होकर मंडी परिसर में पड़ा रहा जबकि दबंग वहां मौजूद लोगों को धमकाकर चला गया। जानकारी होने पर घायल व्यापारी का बेटा आकाश शुक्ला आया जो पिता को गम्भीर हालत में थाना लेकर पहुंचा, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने व्यापारी के पैर की हड्डी फ्रैक्चर होने और शरीर में अंदुरूनी गम्भीर चोटों के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने चुनाव के चलते मामले को गंभीरता से लेकर दविशें दीं पर नामजद हाथ नहीं आया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि अराजकता का प्रदर्शन किसी को नहीं करने दिया जाएगा, कड़ी कार्रवाई सभी को नजर आएगी।

निर्वाचन के लिए बनाई गई एकल खिड़की

इटावा। निर्वाचन कार्यो के लिए एकल खिड़की की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में पब्लिक मीटिंग रैलियो, जुलूसों, लाउडस्पीकरों तथा वाहनों के प्रयोग के साथ हैलीपेड्स आदि की अनुमति दिये जाने के लिए एकल खिड़की की स्थापना कलेक्ट्रेट स्थिति कार्यालय ई-डिस्ट्रिक में की गई है। नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी गई है। रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने तक एकल खिड़की पर जनपद की सीमा के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की अनुमति के लिए ऑनलाइन व आफलाइन प्राप्त आवेदनों का निस्तारण एवं अनुमति पत्र जारी करने हेतु नगर मजिस्ट्रेट इटावा को नामित किया गया है।

भक्त के अपमान को प्रभु कभी माफ नहीं करते

ऊसराहार । गुरु, गोविद, विप्र, संत, गंगा और गौ माता और कन्या सनातन धर्म की धुरी हैं। भक्त के अपमान को भगवान कभी क्षमा नहीं करते हैं। भक्तहित में ही भगवान धरा धाम पर अवतार लेकर निशाचरों का वध करते हैं और भक्तों को सुख प्रदान करते हैं। यह उद्गार संत सम्मेलन में महंत छविराम दास महाराज ने ऊसराहार में चौरासी कोस परिक्रमा पर आए साधु-संतो का धूमधाम से स्वागत होने के दौरान प्रकट किए। कुदरकोट से प्रतिवर्ष चौरासी कोस परिक्रमा की यात्रा पर निकलने वाले दो सैकड़ा से अधिक संतों का स्वागत ऊसराहार में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महंत शिवदासजी महाराज ने कहा कि चौरासी कोस परिक्रमा से तात्पर्य है कि चौरासी लाख योनियों में भटक रहे जीव को जन्म मरण के बंधन से मुक्ति मिल जाए। यात्रा के पग-पग पर शामिल लोग अश्वमेध यज्ञ का पुण्य प्राप्त करते हैं। संत का दर्शन पातकों को नष्ट करने वाला होता है। यात्रा की संचालन व्यवस्था से जुड़े संत छविराम दास जी महाराज ने कहा कि जीव का लक्ष्य परमात्मा को प्राप्त करने के साधनों में ही व्यतीत होना ही परमार्थ हैं, जगत के सुखों की बात बहुत थोड़ी है स्वर्ग के सुख भी दुख को देने वाले हैं। सत्य, दया, परहित, अहिसा धर्म के चार चरणों में से जिस जीव ने एक भी चरण को पकड़ लिया वह भवसागर को पार कर जाता है। इससे पूर्व यात्रा पर आए दो सैंकड़ा से अधिक संतो का स्वागत कालिका माता सुंदर कांड सेवा समिति ऊसराहार द्वारा किया गया, इस मौके पर भंडारा भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृष्णपाल सिंह सिसौदिया, बंटी पांडेय, दयाराम शर्मा, लज्जाराम मिश्र, सतीश चंद्र गुप्ता, सर्वेश शाक्य, डॉ पंकज यादव, संजीव सक्सेना, अनिल कौशल, रवि चक्रवर्ती, शिवम गुप्ता, शशांक मिश्रा, राजीव गुप्ता, लालू आढती, लक्ष्मीकांत , सचिन गुप्ता, सत्यनारायण आदि लोग उपस्थित थे।

एक नजर

राम आशीष बने रेफरी

इटावा। फ़िज़िकल एजुकेशन कॉलेज नोएडा में आयोजित होने जा रहे अंडर-20 तथा अंडर 15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिला पंचायत इंटर कॉलेज हैवरा इटावा के खेल अध्यापक राम आशीष यादव को रेफरी बनाया गया है। यह प्रतियोगिता 27 से 31 मार्च के बीच होगी। इस उपलब्धि पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव, सैफई ब्लॉक प्रमुख मृदुला यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधानाचार्य शिव कुमार यादव, जिला कुश्ती संघ की अध्यक्ष/ प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया आदि ने बधाई दी ।

राम आशीष यादव।

आप कार्यकर्ताओं ने अरविंद की रिहाई की उठाई मांग

इटावा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवा को ईडी ने कथित शराब नीति घोटाले को लेकर जो गिरफ्तारी की है, इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा और रिहाई की माँग की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि तानाशाह डरपोक है विपक्ष की आवाज़ को दवाना चाहता है देश की जनता इसका जवाब जरूर देगी। जिला महासचिव इक़रार अहमद ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतंत्र के लिये खतरा है, यदि ईडी के पास शराब नीति घोटाले से संबंधित साक्ष्य पहले से ही थे तो चुनाव की घोषणा होने के बाद ही गिरफ्तार क्यों किया गया । पूर्व महासचिव ऋचा कुशवाह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री को फंसाया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में संजीव शाक्य जिला अध्यक्ष,इकरार अहमद जिला महासचिव रिचा कुशवाहा ,डॉ शिव प्रताप राजपूत, अमित तिवारी, रवि यादव, हेमंत कुमार,मनोज यादव ,बृजेश राठौर ,अश्वनी राठौर अंकुर कुमार शिवम आदि रहे।

राधा-श्याम सुंदर की यात्रा पर हुई पुष्पवर्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु, खूब खेली फूलों व गुलाल की होली

अमृत विचार। होली के पावन उपलक्ष्य में श्री राधा श्यामसुंदर की चतुर्थ भव्य शोभायात्रा शुक्रवार को श्रद्धाभाव के साथ बड़े ही हर्षोल्लास से शहर में निकाली गई। यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प व इत्र वर्षा के साथ आरती पूजन कर स्वागत किया गया। वहीं हरि नाम संकीर्तन व होली गीतों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। इतना ही नहीं भक्तों के द्वारा यात्रा के मार्गो पर फूलों की होली भी खेली गई। यात्रा इटावा के वृंदावन धाम श्री राधा वल्लभ मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई यहां पर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

शोभायात्रा में शामिल पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता व पूर्व पालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू ने भगवान का आरती पूजन का यात्रा का उद्घाटन किया। यात्रा छैराहा होते हुए श्री राधा वल्लभ मंदिर पर पहुंची। यहां पर भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन किया गया और फूलों की होली भी खेली गई। ठाकुर जी के सेवक गोपाल प्रकाश चंद गोस्वामी ने भगवान की आरती उतारी।

श्री राधा श्यामसुंदर पर तोप के द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई। हित आशीष व हित प्रदीप के भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। यात्रा के स्वागत में सड़कें फूलों से पटी रही। यात्रा को संपन्न कराने में निखिल चौरसिया, सनी परमार, प्रदीप यादव, सनी परमार, सुमित यादव,अक्षय भदौरिया, वरुण वर्मा, शिखर गुप्ता, गिरिराज ने सहयोग प्रदान किया।

मतदान के लिए महिलाओं को भी करें जागरूक : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता इटावा।

- डीएम और एसएसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अर्ध सैनिक बल के साथ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा फ्लैग मार्च किया। उन्होने यह भी कहा कि महिलाओं को मतदान के प्रति जागरुक करें।

शुक्रवार को अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय नवादा खुर्द कलां, विकासखंड महेवा एवं प्राथमिक विद्यालय बिलहटी तथा प्राथमिक विद्यालय नंदगवां मतदान केंदों पर शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों पर ग्राम प्रधान व ग्रामवासियों से मतदान केंद्रों की व्यवस्था एवं मतदाताओं की संख्या हेतु जानकारी की। वहां पर उपस्थित सभी ग्राम वासियों को निष्पक्ष ,पारदर्शी व भय मुक्त मतदान किए जाने हेतु जागरूक किया । ग्राम प्रधान ने बताया कि यहां पर महिला वोटर की संख्या बहुत ही कम है जिस पर डीएम ने कहा कि महिलाओं को ज्यादातर लोग पर्दे में रखकर उनका मत देने से इनकार करते है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को वोट देने से वंचित बिल्कुल ही ना किया जाए महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जागरुक किया जाए एवं उन्हें भी मत देने का अधिकार दिया जाय। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता जो जहां पर निवास कर रहे हैं उनका वहीं का वोट होना चाहिए एवं उन्हें वहीं का मताधिकार होना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि आप सभी पुलिस प्रशासन पर भरोसा रखें आपको आश्वासन दिया जाता है कि इस बार भी मतदान निष्पक्ष ,भय मुक्त एवं पारदर्शी तरीके से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी हिस्ट्री सीटर एवं जिला बदर तथा अन्य अपराधी है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई अवश्य की जाएगी । उन्होंने कहा कि सभी के लाइसेंस निर्वाचन से पहले जमा कर दिए जाएं अन्यथा की स्थिति में उन पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अर्ध सैनिक ,पुलिस बल के साथ चकरनगर मैं फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान बाइक बगैर नंबर प्लेट एवं हूटर, सायरन आदि गाड़ियों में लगे पाए जाने पर गाड़ियों का चालान कर तत्काल सीज कराया।

डीएपी व यूरिया की बोरी से हटेगी पीएम की फोटो

इटावा। डीएपी व यूरिया खाद की बोरियों पर अब आचार संहिता के चलते प्रधानमंत्री की फोटो नहीं दिखेगी। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जनपद के सभी थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेता, क्षेत्राधिकारी, इफ्को व कृभको से कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा निर्वाचन की अधिसूचना निर्गत की जा चुकी है। इसलिए यह निर्देशित किया जाता है कि यूरिया एवं डीएपी की बोरी पर छपी प्रधानमंत्री की फोटो को थिनर से साफ करके अथवा फोटो पर कागज चस्पा करने के बाद ही फुटकर उर्वरक विक्रेता या किसान को बिक्री करें। निरीक्षण में यदि कोई भी विक्रेता इन निर्देशों की अवहेलना करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध चुनाव आचार संहिता के अन्तर्गत नियमानुसार सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

- गंभीर रूप से घायल होने पर जिला अस्पताल रेफर किया

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ऊसराहार भरथना मार्ग स्थित ग्राम नगला धना मोड पर शुक्रवार की शाम 6 बजे तेज रफ्तार आमने सामने से दो बाइक भिड़ गई जिसमें भरथना से बाजार कर गांव लौट रहे बाइक सवार सतेन्द्र यादव 38 वर्ष पुत्र साहूकार यादव निवासी रमपुरा सिन्हुआ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जबकि सतेंद्र की बाइक पर बैठी ग्राम सिन्हुआ निवासी मुस्लिम महिला रूकसार बेगम पत्नी जायद सहित दूसरी बाइक चालक कृषक गम्भीर राजेश तिवारी 45 वर्ष पुत्र रामकुमार तिवारी निवासी ब्रह्मनगर भरथना गम्भीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई,और मृतक सतेंद्र यादव को मूर्छित समझ कर और गम्भीर घायल राजेश तिवारी व महिला रूकसार लेकर इलाज हेतु भरथना सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां चिकित्सकों ने सतेंद्र को मृत घोषित कर गम्भीर घायल राजेश तिवारी व घायल महिला रूकसार का प्राथमिक इलाज कर गम्भीर हालत में जिला चिकिसालय भेज दिया।

वहीं गम्भीर घायल राजेश तिवारी के पड़ोसी सभासद राजीव तिवारी ने बताया कि गम्भीर घायल राजेश तिवारी एक कृषक है वह अपने पैतृक गांव समथर से खेती देख कर अपनी बाइक से भरथना अकेला लौट रहा था। उक्त मार्ग स्थित ग्राम नगला धना मोड पर दोनो बाइकें आमने सामने से भिड़ गईं।

आयोजन छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोहा

होली, पंजाबी गीतों पर बच्चों ने किया नृत्य, मिली वाहवाही

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवाखेड़ा का वार्षिक समारोह विद्यालय परिसर में बड़ी धूमधाम से संपंन हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानस्थली ग्रुप के वाइस चेयरमैन विनीत यादव ने की। कार्यक्रम के उद्घाटन पर बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात मंच से रामायण, भरतनाट्यम, ब्रज डांस, हरियाणवी डांस, लोकल डांस, न्यू डांस, महाभारत, होली डांस, पंजाबी डांस, आर्मी डांस, कालेबेलिया डांस, कव्वाली, एसिड अटैक, आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

प्रधानाचार्य डा मुकुल कुमार सिंह ने विद्यालय का विवरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के बाल कलाकारों ने अपनी-अपनी कला और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अतिथि प्रबंधक होली प्वाइंट भरथना डॉ प्रदीप चंद्र पांडे ने बताया कि ज्ञान स्थली ग्रुप निरंतर ज्ञान की गंगा बहा रहा है। ज्ञानस्थली ग्रुप के अध्यक्ष चेयरमैन शिव प्रसाद यादव ने कहा कि पिछले 40 वर्षों से हमने शिक्षा का प्रसार किया है, हमने ऐसी शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया है, जिसमें नैतिकता व बच्चों का सर्वगुण सर्व विकास करने का भाव हो। शिक्षा को सर्वगुण बनाने के लिए व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता है। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपंन हुआ। अध्यक्ष नगर पालिका बकेवर विवेक यादव सनी ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक शिवमंगल सिंह, स्पोर्ट्स टीचर वाशिफ रहे।

ज्ञानस्थली स्कूल में समारोह का उद्घाटन करते वाइस चेयरमैन विनीत यादव व अन्य।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

- ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवाखेड़ा के वार्षिक समारोह में दिखा उल्लास

जीवन को बचाना है तो जल का संरक्षण करना ही होगा

इटावा। विश्व जल दिवस के अवसर पर लोगों को पानी की बर्बादी रोकने और जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। यह संकल्प भी लिया गया कि स्वयं जागरूक होकर जल संरक्षण के बारे में दूसरों को भी जागरूक करेंगे। पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों व समाजसेवियों को जल संरक्षक निर्मल सिंह ने शपथ दिलाई । जिला विज्ञान क्लब के समंवयक डॉ मुकेश यादव ने कहा कि पानी को बनाया नहीं जा सकता, ऐसे में जल संकट से बचने का एक ही उपाय है कि पानी की बर्बादी को रोका जाए। चेयरमैन डॉ कैलाश यादव ने कहा कि जल संरक्षण के कार्य में देश में ही कई स्थानों पर जल संकट सामने आ गया है। इससे बचने के लिए जल संरक्षण की जरूरत है। निर्मल सिंह ने कहा कि बरसात के जल को संरक्षित करके जल संरक्षण का बड़ा कार्य किया जा सकता है। पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक संजय सक्सेना ने कहा जल के बिना जीवन संभव नहीं है और जिस तरह से पानी की बर्बादी हो रही है। उससे जल संकट की मुहाने पर हम लोग खड़े हैं। इसको तभी टाला जा सकता है जब जल संरक्षण किया जाए । संचालन साधना शर्मा ने किया।

जल संरक्षण की शपथ दिलाते पान कुंवर स्कूल के चेयरमैन डॉ. कैलाश यादव एवं डॉ. मुकेश। अमृत विचार

सामान फेंक बच्चों व महिलाओं को बस से उतारा

भरथना,इटावा। भरथना पुलिस चौकी के सामने शुक्रवार की सुबह डबल डेकर प्राइवेट बस के संचालक ने दबंगई दिखाते हुए एक ही परिवार की महिलाएं व बच्चों को समान सहित उतार दिया। अभद्रता करते हुए छत पर रखा कीमती सामान कूलर,पंखे,बक्से,बर्तन, बिस्तर आदि जबरन सड़क पर फेंक दिए। महिला यात्री शिखा पत्नी गौरव कुमार और बेबी पत्नी नीलेश कुमार ने बताया कि वे दोनों आपस में देवरानी जेठानी हैं। उनके पति गाजियाबाद में प्राइवेट जॉब करते हैं, होली का त्योहार मनाने वे अपने बच्चे आलोक 12 वर्ष, काव्या 7 वर्ष, कार्तिक 3 वर्ष के साथ कुछ सामान लेकर अपने गांव जाने के लिए बस में बैठी थीं। उन्होंने बस संचालक से ऊसराहार रोड ग्राम रजपुरा मढा के सामने सुरक्षित उतारने की बात तय की। बावजूद इसके बस संचालकों ने पहले ही सारा किराया वसूल लिया और अभद्रता करते हुए उन्हें बस से जबरन नीचे उतार दिया साथ में छत पर रखा गया उनका कीमती सामान नीचे फेंक-फेंककर तोड़ दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यो नोद्धतं कुरुते जातु वेषं न पौरुषेणापि विकत्थतेऽन्यान्।
न मूर्च्छितः कटुकान्याह किञ्चित् प्रियंसदा तं कुरुते जनो हि॥

जो व्यक्ति शैतानों जैसा वेश नहीं बनाता, वीर होने पर भी अपनी वीरता की बड़ाई नहीं करता, क्रोध से विचलित होने पर भी कड़वा नहीं बोलता, उससे सभी प्रेम करते हैं।

संपादकीय

तरक्की और असमानता

भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार के बीच बढ़ती आर्थिक असमानता चिंता बढ़ाती है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। निवेश में बढ़ोतरी और महंगाई में कमी अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे सकते हैं। जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग बांड सूचकांक में भारतीय सरकारी बांड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 6.40 अरब डॉलर बढ़कर 642.50 अरब डॉलर हो गया। एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.95 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। दूसरी ओर भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.10 प्रतिशत हो गई है। भारत में आमदनी और संपदा में असमानता 1922-2023ः अरबपति राज का उदय शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। भारतीय आबादी के शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न संपत्ति का 73 प्रतिशत सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास चला गया। भारत में 119 अरबपति हैं। उनकी संख्या 2000 में केवल 9 से बढ़कर 2017 में 101 हो गई। 2018 और 2022 के बीच भारत में हर दिन 70 नए करोड़पति पैदा होने का अनुमान है। एक दशक में अरबपतियों की संपत्ति लगभग 10 गुना बढ़ गई। जाहिर सी बात है कि सबसे अमीर बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। चिंताजनक है कि एक ऐसे समाज में आर्थिक असमानता बढ़ रही है, जो पहले से ही जाति, धर्म, क्षेत्र और लिंग के आधार पर विभाजित है।

प्रचंड की नई सरकार और स्मगलिंग के किस्से

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

याद रहे दिसंबर 2022 में, प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई, लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं, नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है। लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है, लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है।

नेपाली राजनीति में एक अर्से से तीसरे नंबर की ताकत होने के बावजूद सवा साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पुष्प कमल दहल प्रचंड की सत्ता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं लगता, लेकिन गद्दी पर उनका वक्त अच्छा गुजरने के भी कोई आसार नहीं हैं।

नवंबर 2022 में हुए आम चुनाव के बाद से यह दूसरा मौका है जब उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के सहयोग से सरकार बनाई है। इसके पहले बतौर प्रधानमंत्री अपने इस कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने इसी गठबंधन के साथ की थी, लेकिन वह सरकार कुल तीन महीने ही चली। फिर साल भर प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार चलाई और अभी कड़वाहट के साथ दोनों अलग हुए। ज्यादा बड़ी बात यह है कि नई सरकार बनने के तीसरे-चौथे दिन ही मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के दोनों मुख्य दलों नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) और सीपीएन (यूएमएल) के दो बड़े नेता लगभग एक क्विंटल सोने की स्मगलिंग में देश की मुख्य खुफिया संस्था सीआईबी द्वारा धर लिए गए हैं। सीआईबी के पास इस बात का सबूत है कि सीपीएन (माओवादी) के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा और उनके बेटे राहुल ने स्मगलरों के एक चीनी गैंग से फोन पर 256 बार बात की थी। इस पार्टी के युवा नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दीपेश पुन इस मामले में पहले से ही अंदर हैं, जबकि नेपाल के पूर्व पुलिस प्रमुख और यूएमएल नेता सर्बेंद्र खनाल का नंबर महरा के साथ आया है।

याद रहे दिसंबर 2022 में, प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई, लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई। फिर मामले को दबाने और जांच के नाम पर लीपापोती करने की खबरें बाहर आने लगीं और यूएमएल का जैसे ही माओवादियों से गठबंधन टूटा, उसने संसद में इसको बड़ा मुद्दा बना दिया। कुछ मामूली जांच-पड़ताल के बाद बवाल बढ़ता गया तो नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में चल रही प्रचंड सरकार ने मामले की जांच पूर्व चीफ जस्टिस दिली राज आचार्य के नेतृत्व में गठित आयोग को सौंपी जिसने न केवल कई हाई प्रोफाइल लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की अनुशंसा की, बल्कि साथ में इस आशय की बहुत तीखी टिप्पणी भी की कि सरकार की ओर से धुंध पैदा करने और दोषियों को बचाने के प्रयास किए गए हैं। देखना है कि माओवादी और यूएमएल नेताओं की गिरफ्तारी से नई-नवेली सरकार की साख कितनी बहाल हो पाती है।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं, नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है, लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है। राजतंत्र की वापसी के लिए प्रयासरत शक्तियों को इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमले का एक नैतिक हथियार मिल गया है। नवंबर-दिसंबर 2023 में राजधानी काठमांडू समेत नेपाल के कई शहरों में राजतंत्र और हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए छोटे-बड़े प्रदर्शन हुए थे और पूरे नेपाल में इस मुद्दे पर एक यात्रा भी निकाली गई थी। 2008 में नेपाल से राजतंत्र के खात्मे और गणतंत्र की घोषणा के बाद से लोकतंत्र के प्रति अरुचि जताने वाले कई आयोजन हुए हैं, लेकिन पहला ही मौका था जब देश में नीचे तक फैले कर्ज संकट से इसको जोड़ दिए जाने के चलते आम जनता में इसे मजाक का विषय नहीं समझा गया। मामले का दूसरा पहलू प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी पहली बार अपने चौदह सांसद चुनवाने में सफल रही है। इससे भी बड़ी बात यह कि नेपाल में लोकतंत्र की प्रतीक समझी जाने वाली नेपाली कांग्रेस के आयोजनों में भी 'हिंदू राष्ट्र' का आकर्षण दिखने लगा है। उसके कुछ बड़े नेताओं ने भी ऐसे बयान दिए हैं।

चीन के लंबे हाथ-पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' की यह खासियत मानी जाती रही है कि किसी पार्टी के साथ अपने गठबंधन से बाहर आते समय वे आगे के लिए गुंजाइश बचाकर रखते हैं। कटु भाषा का इस्तेमाल नहीं करते, ताकि आगे दोबारा-तिबारा उससे मिलना पड़े तो नेताओं और कार्यकर्ताओं के मन पर ज्यादा बोझ न रहे, लेकिन इस बार नेपाली कांग्रेस और खासकर उसके शीर्ष नेता शेर बहादुर देउबा के लिए उन्होंने 'भ्रष्ट' और 'दक्षिणपंथी' जैसे शब्द बोले। अजीब बात यह कि इसका कोई तात्कालिक कारण भी नहीं था।

सरकार में शामिल नेपाली कांग्रेस के मंत्री चीन के साथ नेपाल के कूटनीतिक संबंधों को सहज नहीं होने देते थे और अमेरिकी सहायता से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता दिखाते थे, लेकिन वे सत्तापक्ष के ज्यादा बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते थे तो यह उनका हक था। ऐसा कहा जा रहा है कि चीनी दूतावास ने अगर यूएमएल का रवैया बदलने को लेकर अतिरिक्त सक्रियता न दिखाई होती तो प्रचंड को नेपाली कांग्रेस का दबाव काफी लंबे समय तक बर्दाश्त करते रहने में भी कोई समस्या नहीं होती, लेकिन यूएमएल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जब यह पेशकश की कि उनकी पार्टी सरकार में ज्यादा महत्वपूर्ण विभागों की मांग किए बगैर पूरे कार्यकाल के लिए प्रचंड को समर्थक देने को तैयार है, तब उनकी ओर से यह बयान जारी किया गया कि कांग्रेसी दबाव के चलते ही बतौर प्रधानमंत्री वे अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। बचे हुए साढ़े तीन सालों में भी प्रचंड की सरकार नेपाल के लिए कुछ कर पाती है या सोने की स्मगलिंग जैसे मामलों में सफाई देते हुए और राजतंत्र-हिंदू राष्ट्र वाली लहर का मुकाबला करते ही प्रधानमंत्री पद पर उनका बाकी समय गुजरता है, यह देखने की बात है।

एनसीपी (यूएमएल) के सारे नेता अभी काफी जिम्मेदारी वाले बयान दे रहे हैं, लेकिन बतौर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पिछला कार्यकाल न केवल नेपाली लोकतंत्र के लिए, बल्कि भारत के लिए भी किसी दुःस्वप्न जैसा ही था। अभी उनकी नरमी शायद नेपाली राजनीति में अपना अलगाव घटाने के लिए है, लेकिन कुछ भूमिका इसमें चीनी दबाव की भी हो सकती है, जो भी हो प्रचंड के लिए आगे एक चुनौती भारत के सामने यह साबित करने की रहेगी कि अपने देश में वे चीन की छत्रछाया वाली गठबंधन सरकार नहीं चला रहे हैं।

प्रसंगवश

भगत सिंह और शादमान चौक

बलिदान दिवस

लाहौर (पाकिस्तान) में शादमान चौक वह जगह है, जहां 23 मार्च, 1931 को लाहौर जेल में राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह को फांसी पर लटका दिया गया था। पहले यह लाहौर जेल का हिस्सा था जिसे तोड़कर यहां बड़ा ट्रैफिक चैराहा बना दिया गया, जो अब काफी भीड़ भरा इलाका है। विगत कुछ वर्षों से पाकिस्तान में शहीदे आजम भगत सिंह को याद करने की मुहिम चलाई जा रही है जिसके अगुआ वहां संचालित किए जा रहे भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी एडवोकेट हैं, जो लाहौर के शादमान चौक को 'भगत सिंह चौक' बनाने के लिए निरंतर संघर्षरत हैं।

फाउंडेशन के लोग यहां भगत सिंह के फांसी दिवस पर इकट्ठे होकर शहीदे आजम की तस्वीरें हाथ में थामकर 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा बुलंद करते हुए आजादी के उस संघर्ष का स्मरण करते हैं जिसके लिए इन क्रांतिकारियों ने अपनी कुर्बानियां दीं। धर्म की बुनियाद पर बने और अपनी धरती के इतिहास से पूरी तरह विमुख पाकिस्तान में भगत सिंह जैसे विचारवान और धर्मनिरपेक्ष क्रांतिकारी शहीद को याद करना सचमुच काबिले तारीफ है। यह इस दृष्टि से भी प्रशंसनीय है कि जिस नवसृजित देश ने प्रारंभ से ही अपने जमीनी इतिहास को पूरी तरह विस्मृत कर दिया हो, वहां लाहौर की धरती पर लड़े गए स्वाधीनता के एक महासंग्रामी को उसके शहादत स्थल पर याद करना किसी तरह कम जोखिम भरा नहीं है। यह पाकिस्तान की सरजमीं पर धारा के विरुद्ध तैरने सरीखा है। इम्तियाज रशीद कुरैशी और उनके साथियों की यह कोशिशें कई वर्षों से जारी हैं जिसकी सूचनाएं हमारे मुल्क में आने पर भगत सिंह को प्यार करने वाले लोग प्रसन्न होते हैं, जो स्वाभाविक भी है। बावजूद इसके हम चाहते हैं कि भगत सिंह की याद उनकी संपूर्ण वैचारिक चेतना और पक्षधरता के साथ हो, जो सचमुच कठिन कवायद है।

सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

हमारे देश में ही भगत सिंह के अनेक नामलेवा उन्हें ब्रिटिश पुलिस अधिकारी साण्डर्स को मारने तथा संसद में बम फेंकने वाले बहादुर नौजवान के रूप में स्मरण करते हुए उनके 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे को इस तरह रेखांकित करते हैं गोया उनकी क्रांति का अर्थ बस मुट्ठियां बांधकर नारे लगाने, जयकारे करने या उनके बुतों पर फूल-मालाएं चढ़ाने तक महदूद हो। भगत सिंह कैसा समाज चाहते थे, उनके इंकलाब का अर्थ क्या था, उनके भीतर समाजवाद की समझ कैसी थी, धर्म और सांप्रदायिकता के मुद्दे पर वे किस वैज्ञानिक तर्क से सोचते थे, जहां भाषा भी उनके लिए एक बेहद जरूरी मसला था। उनके समय में देश में अछूत समस्या पर उनका क्रांतिकारी दृष्टिकोण हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यहां तक कि भगत सिंह अपने चिंतन में नास्तिकता तक पहुंचकर बराबरी पर आधारित वैज्ञानिक समाजवाद की अत्यंत दृढ़ता से वकालत करते हैं। दुखःद है कि भगत सिंह को याद करते-करते हमने उनकी जन्मशती आने तक उनके सिर पर धर्म की पगड़ी भी पहना दी। यह भगत सिंह के प्रति बड़ा अन्याय है। यह क्रांतिकारियों की शहादत को जाति और धर्म के खाने में विभाजित करने का सोचा-समझा घिनौना षड्यंत्र है। हमने बार-बार कहा है कि धर्म आधारित राजनीति के पक्षधर कितनी ही कोशिशें कर लें, लेकिन पंजाब के उस साढ़े तेईस वर्ष के क्रांतिकारी नौजवान का सिर इतना बड़ा हो गया है कि उसके ऊपर कोई पगड़ी फिट नहीं हो सकती। मैंने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के लोग भगत सिंह की पगड़ी वाली तस्वीर का इस्तेमाल न करें।

पाकिस्तान में भगत सिंह पर चलाई जा रही मुहिम इस अर्थ में रंग लाई कि लाहौर की न्याय पालिका ने शादमान चौक का नाम बदलने का आदेश पारित कर दिया, लेकिन सरकार और व्यवस्था के हुक्मरान हैं कि वे इस आदेश का निष्पादन नहीं कर रहे। ऐसे में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्य न्यायालय की अवमानना का मुद्दा लेकर फिर वे अदालत जा धमके जिस पर अदालत ने फिर से व्यवस्थापकों को आदेश का अनुपालन न करने के मसले पर नोटिस जारी कर दिए। हम उम्मीद करते हैं कि शीघ्र इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और शादमान चौक का नामकरण शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर हो सकेगा। यह भगत सिंह को चाहने वालों की बड़ी जीत होगी।

बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है धरती

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हाल के कुछ दशकों में एयर कंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है।

संयुक्त राष्ट्र ने अभी यह चिंता जाहिर की है कि हमारी धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व मौसम विज्ञान संस्थान की ताजा रिपोर्ट के अनुसार धरती का बीता वर्ष अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री नीचे रखने की तमाम कोशिशों के बावजूद मार्च 2023 से फरवरी 2024 के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया।

रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ग्रीन हाउस गैसों, भूमि और पानी के तापमान ग्लेशियरों और समुद्री बर्फ पिघलने में हुई अप्रत्याशित वृद्धि का हवाला दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने चेतावनी दी है कि हमारा ग्रह खत्म होने के कगार पर है। यह रिपोर्ट पढ़कर कुछ सालों पहले की गई महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस की भविष्यवाणी की याद आती है। हॉकिंस के अनुसार इस पृथ्वी पर अब मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। वह इस ग्रह पर दस लाख साल बिता चुका है। उनके अनुमान के अनुसार पृथ्वी की उम्र अब महज दो सौ से पांच सौ साल ही बच रही है। या तो सूरज का ताप इसे निगल जाएगा या कोई धूमकेतु आकर इससे टकराएगा। अगर मनुष्य की प्रजाति को एक और दस लाख साल जीवित बचे रहना है तो उसे पृथ्वी छोड़कर किसी और ग्रह या उपग्रह की शरण लेनी होगी।

संयुक्त राष्ट्र या हॉकिंस की चेतावनी को हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती। पृथ्वी का मौसम और यहां पर जीवन की परिस्थितियां जिस तेज रफ्तार से बदल रही है, उन्हें देखते हुए इस आसन्न संकट को हम खुद भी महसूस कर सकते हैं। छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए लगातार पृथ्वी का दोहन, प्रकृति के साथ अनाचार और नदियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। विकास के नाम पर वृक्षों की बेरहम हत्या की जा रही है। ईंट और कंक्रीट के निरंतर उगते जंगलों के कारण खेती की जमीन सिकुड़ रही है। पर्यावरण में आ रहे बदलावों के कारण जानवरों और पक्षियों की कई-कई प्रजातियां या तो विलुप्त हुई हैं या विलुप्ति के कगार पर हैं। धरती के बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और समुद्र की सतह लगातार ऊपर उठ रही है। ज्यादा से ज्यादा भौतिक सुविधाएं हासिल कर लेने की जल्दबाजी में वे तमाम चीजें हम नष्ट कर रहे हैं, जो जीवन की बुनियादी जरूरतें हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण विकास की हमारी अंधी दौड़ की कीमत चुका रहे हैं। कल यह कीमत हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां चुकाएंगी।

यह सोचने का वक्त है कि अपनी मूर्खताओं से अगर पृथ्वी पर जीवन की परिस्थितियों को हमने नष्ट कर दिया तो हमारा अगला ठिकाना कहां होगा? हॉकिंस ने किन ग्रहों या उपग्रहों की बात सोची होगी? अब तक की वैज्ञानिक प्रगति के आलोक में फिलहाल भागने के दो ही विकल्प हमारे सामने दिखते हैं-चांद और मंगल। इन दोनों पर पानी, मिट्टी, हवा और जीवनानुकूल परिस्थितियों के मसले अभी हल नहीं हुए हैं। वहां थोड़ा-बहुत पानी मिल भी जाए तो क्या वह पृथ्वी के अरबों लोगों की जरूरतों के लिए पर्याप्त होगा? वहां हवा तो होगी, लेकिन उस हवा का घनत्व क्या होगा? क्या असंख्य लोगों की सांसों से दूषित होने के बाद हवा की रिसायकलिंग कर उसे फिर से जीवनदायिनी बनाने वाले पेड़-पौधे वहां मौजूद हैं? वहां की चट्टानी सतह पर खेती कैसे होगी?

चांद और मंगल के बेहद कम गुरुत्वाकर्षण में हवा में असहाय उड़ते रहना कुछ दिनों के लिए तो रोमांचक लग सकता है, लेकिन ऐसा जीवन किसी को रास नहीं आने वाला। विज्ञान इनमें से कुछ मसलों के हल देर-सबेर खोज भी ले तो पृथ्वी के अरबों लोगों की ढोकर वहां कैसे ले जाएगा कोई? विस्थापन की इस प्रक्रिया में हजारों साल लगेंगे। अब यह तो नहीं हो सकता कि दुनिया के मुट्ठी भर साधन संपन्न लोग चांद या मंगल पर जाकर अपनी बस्तियां बसा लें और पृथ्वी के बाकी लोगों को प्रलय के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाए।

हाल के कुछ दशकों में एयरकंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इन यंत्रों का उपयोग बहुत आवश्यक होने पर ही करें। हमारी ये छोटी-छोटी कोशिशें मिलकर हमारी पृथ्वी की उम्र थोड़ी लंबी अवश्य करेंगी। अगर दुनियाभर की सरकारों और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद पृथ्वी अपनी उम्र पूरी कर ही चुकी है और निकट भविष्य में सूरज इसे निगल जाने वाला है या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरा ही जाने वाला है। तब भी हमारे पास अभी जितना वक्त है उसे पृथ्वी और उसकी सभी संतानों के बीच अपना प्यार और संवेदनाएं बांटकर सार्थक और मूल्यवान बनाने का विकल्प तो हमारे पास बचा ही हुआ है।

सोशल फोरम

ब्रह्मांड के नियम

अधिकांश धार्मिक कर्मकांड ईश्वरीय सत्ता की कृपा और उसके अनुग्रह के लक्ष्य से किए जाते हैं। उनमें ईश्वर की परिकल्पना एक मनुष्य सरीखी होती है, जो खुश होकर कृपा करता है और नाखुश होकर दंड देता है। सभी कर्मकांड प्रतीकात्मक हैं, जो कालांतर में अंधविश्वास में परिणत होने की प्रवृत्ति रखते हैं।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अंतरिक्ष विज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों के अनुसार ज्ञात ब्रह्मांड के महत्तम और सूक्ष्मतम में नियमबद्धता है। क्वांटम भौतिकी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की तरंगनुमा गतिशीलता तक पहुंचकर रुक गई है। यह वह बिंदु है, जहां निरीक्षक इलेक्ट्रॉन को जिस स्थिर स्थिति (कण के रूप) में देखता है, वह निरीक्षण का क्षण बीतते-बीतते बदल जाती है तो एक साथ उसका आकार और उसकी गति का बोध नहीं हो पाता। वह कण है या तरंग? दोनों, क्योंकि वह ऊर्जा के खंड की तरह काम करता है। बिग बैंग वाले स्टीफन हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है, नियमबद्ध है, किसी परम चेतना से संचालित नहीं है जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो। इस नियमबद्धता को ही कोई ईश्वर का नाम देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं। आइंस्टाइन तो इस नियमबद्धता को ही ईश्वर का पर्याय तक बताने लगे थे। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे अन्य अधिकांश वैज्ञानिकों की तरह न तो नास्तिक हैं, न धार्मिक विश्वास के अर्थ में आस्थावान।

वे अपने को अज्ञेयवादी कहना ज्यादा उचित समझते थे। उनका दृढ़ मत था कि ईश्वर का मनुष्य के जीवन व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। न ही आइंस्टाइन परलोक या पुनर्जन्म को मानते थे। वे काफी हद तक ईश्वर संबंधी स्पीनोजा के विचारों से सहमत थे जिनके अनुसार ईश्वर समस्त प्राकृतिक और भौतिक नियमों का कुल योग है जिसमें भौतिक पदार्थ और विचार दोनों समाहित हैं। किंतु वह न तो कोई व्यक्तिगत सत्ता है, न ही सृष्टिकर्ता, जो भी हो, एक ऐसे मानवीय ईश्वर के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं, जो स्वायत्त निर्णय लेकर ब्रह्मांड के नियमों को बदल सके, जो किसी से खुश होकर उसे पुरस्कृत और किसी से नाखुश होकर उसे दंडित कर सके, जो आ पड़े उसे भोगना ही है। चाहे रोकर भोगें, चाहे हंसकर।

-फेसबुक वॉल से

लोहिया की समाजवादी धारा का स्मरण

भारतीय समाजवादी आंदोलन के वैचारिक नायक डॉ. राममनोहर लोहिया की 114 वीं जयंती ऐसे समय में हैं जब देश में आम चुनाव शुरू हो गए हैं। सत्ताधारी दल जहां चार सौ के आंकड़े को पाने की घोषणा कर रहा है, वहीं विपक्षी दल संविधान/लोकतंत्र बचाने के लिए जनता से अपील कर रहे हैं। ऐसे में लोहिया की वैचारिक और राजनैतिक यात्रा का स्मरण करना बेहद प्रासंगिक है। देश की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की एकतरफा जीत के बाद प्रधानमंत्री बने पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीतियों को लेकर लोहिया सड़क से संसद तक विरोध दर्ज कराते थे। कांग्रेस सरकार की अनेक योजनाओं का उन्होंने तथ्य और तर्क दोनों आधार पर विरोध किया। आम चुनाव में लोहिया ने जनता को आंदोलित करने के लिए जवाहर लाल नेहरू के संसदीय क्षेत्र फूलपुर से चुनाव लड़कर जनहित के अनेक मुद्दों पर जनता को जागरूक करते हुए लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व को बताया।

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

लोहिया ने सप्त क्रांति, दाम बांधों सहित अर्थ नीति, भाषा नीति को जनता के बीच विमर्श का केंद्र बनाकर लोकतंत्र को सशक्त किया। अहिंसात्मक और सत्याग्रही सिविल नाफरमानी को लोहिया भारत के लिए जरूरी लोकतांत्रिक साधन मानते थे। उन्होंने राजनीति में पांच सुधारों क्रमशः अनुशासन दंड, निर्वाचन सावधानी, ओहदेदार की आंतरिक मर्यादा, साथियों और निर्वाचकों का जनमत, कमेटी की सदस्यता या ओहदे से अलगाव पर जोर दिया। इसी क्रम में समाजवादी सदस्यों को लोहिया ने साहित्य, जानकारी एवं ज्ञानवृद्धि की भूख पर जोर देने का आग्रह किया। लोकतंत्र में राजनैतिक कार्यकर्ताओं को अरमान, कर्म, अनुशासन और संगठन पर जोर लोहिया की प्राथमिकता में शामिल था। लोहिया भारत के इकलौते मौलिक चिंतक थे, जो वैचारिक और हाशिये के समाज दोनों में लोकप्रिय थे जिसका कारण वैश्विक एवं स्थानीय मुद्दों की लड़ाई लड़ने की उनकी जिजीविषा थी। सोशलिस्टों की सदन में संख्या कम होने के बाद भी वे नेहरू नीति कांग्रेस सरकार को सदन में ही घेर लेते थे। लोहिया की पार्टी के सदस्य राम सेवक यादव, कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया, मधू लिमये, महाराज सिंह भारती की बहस ने संसदीय परंपरा को जनकेंद्रित बनाने में सहयोग किया। लोहिया की धारा से निकले समाजवादी नेताओं ने उत्तर भारत से लेकर तटीय प्रदेशों तक अपनी नेतृत्व क्षमता से सत्ता के केंद्र में बने रहे।

यूपी बिहार में लोहिया की धारा से निकले समाजवादी दलों ने जातीय जनगणना और पीडीए का जो मुद्दा उठाया है उसकी आधारशिला साठ के दशक में सोशलिस्टों ने ही रखी थी। पिछड़े पांवे सौ में साठ का नारा लोहिया के दौर में ही मुखर हुआ था। आरक्षण और प्रतिनिधित्व की समस्या के समाधान के लिए वंचित समूहों को राजनीति की मुख्य धारा में लाने के प्रबल पैरोकार लोहिया ही थे। आज जब लोकसभा चुनाव सर पर हैं, ऐसे में मतदाताओं को उनका अधिकार एवं कर्तव्य बताते हुए मुद्दा आधारित राजनीति करने वाले दलों को समर्थन देना ही लोहिया को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। राजनीति में सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को अध्ययन, जमीनी संघर्ष से उपजे अनुभव के आधार पर जनता के बीच संवाद करना चाहिए। यही लोहियावादियों की धारा रही है। लोहिया का जीवनदर्शन यह संदेश देता है कि निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की संख्या कम होने के बाद भी पूर्ण बहुमत की सरकार पर भी दबाव बनाया जा सकता है और उसे जनहित में कार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

पानी की हर बूंद कीमती

इस पृथ्वी पर मनुष्य, पशु-पक्षी व पेड़-पौधों के जीवन व अस्तित्व के लिए तमाम महत्वपूर्ण जरूरतों में से जल सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

वर्तमान में पूरी दुनिया जल संकट से जूझ रही है। जल को लेकर भारत की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के जल का मात्र चार फीसदी हिस्सा ही है। देश में शहरों के साथ-साथ अब गांवों में भी जल संकट लगातार गहराता जा रहा है।

डीपी यादव
लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, लखनऊ

हाल ही में जारी नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत के कई शहर गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत वर्ष में जहां 2020 तक 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2030 तक लगभग 40 फीसदी लोगों के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, जो कि एक बहुत ही गंभीर और चिंताजनक बात है। जल प्रदूषण के कारण जल गुणवत्ता के मामले में भी भारत की स्थिति चिंताजनक है। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों की सूची में 120 वें स्थान पर है। इसको हम इस प्रकार भी कह और समझ सकते हैं कि दुनिया में 122 देशों में से 119 देश भारत से अच्छा और शुद्ध जल पी रहे हैं। ये सभी आंकड़े भारत में जल की भयावह स्थिति को बताने के लिए पर्याप्त हैं।

जल की बदहाल स्थिति बताती है कि जल प्रबंधन को लेकर अगर भारत वर्ष सावधान और गंभीर नहीं हुआ तो भविष्य में इसके गंभीर व भयावह परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जल की गंभीर समस्या को देखते हुए भारत की सरकार को चाहिए कि इस समस्या के समाधान के लिए एक वृहद रूपरेखा और कार्य योजना बनाए जिससे भविष्य में देश को जल संकट से न जूझना पड़े, क्योंकि जल है तो जीवन है। रहीम ने अपने दोहे के माध्यम से बहुत पहले ही कह दिया था कि-रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती, मानुष, चून।।

श्रद्धालुओं से भरी स्लीपर बस खाईं में गिरी, 15 घायल

मुरैना से नैमिषारण्य तीर्थ की चौरासी कोस यात्रा पर बस से निकले थे श्रद्धालु

संवाददाता सहार, औरैया

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की तहसील पोरसा जनपद मुरैना से श्रद्धालु नौ मार्च को अपने जनपदीय क्षेत्र मुरैना से चौरासी कोस यात्रा पर निकले थे। सीतापुर जिले के नैमिषारण्य में दर्शन करने के बाद लगभग 80 श्रद्धालुओं से भरी बस वापस मध्य प्रदेश के पोरसा लेकर जा रही स्लीपर बस बेला दिबियापुर मार्ग पर गांव नुनारी के पास हरदू में गुरुवार रात करीब ग्यारह बजे पलट गई। इससे उसमें सवार 15 से अधिक लोग घायल हो गए। उनमें से छह महिलाओं सहित 15 लोगों को सीएचसी सहार में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। अन्य घायलों का चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। पांच गंभीर घायलों को तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

मध्य प्रदेश के जनपद मुरैना के शहर पोरसा से चार दिन पूर्व स्लीपर बस क्षेत्र से लगभग 80 लोगों को लेकर दर्शन कराने के लिए सीतापुर के नैमिषारण्य गई थी। वहां से दर्शन करने के बाद बस वापस पोरसा जा रही थी। बेला बिधूना मार्ग से कुदरकोट बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस के रास्ते जा रहे थे, तभी रास्ता भटक जाने के कारण वह थाना बेला क्षेत्र नुनारी मोड़ के बाद ड्राइवर बस को मोड़ने लगा रात्रि होने की वजह से पीछे गहरी खाई को नहीं देख पाया और बस गहरी खाई में पलट गई। घटना होते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने बस में फंसे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। इस बीच चालक-परिचालक वहां से भाग गए। पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी सहार से भेजा। वहां राधेश्याम पुत्र श्री राम 64 वर्ष , केशव सिंह तोमर , कैलाश , रामबाबू तोमर , राम अवतार , भूरीबाई पत्नी शिवनाथ, मीरा देवी पत्नी भूरे सिंह , शिवनाथ , दिनेश , जय कुमारी , सुरेश , प्रेमवती, कासन देवी , उर्मिला देवी को सहार सीएचसी में भर्ती कर लिया गया। यात्रियों ने पुलिस को बताया कि बस में करीब 80 लोग सवार थे। कन्नौज में चालक ने एक ढाबे पर बस रोकी थी। यात्रियों का कहना है कि चालक व परिचालक ने वहां पर शराब पी थी। सीओ बिधूना अशोक कुमार ने बताया कि गंभीर घायल जय कुमारी पत्नी केशव, केशव पुत्र दिलीप, कासन देवी पत्नी द्वारिका, भूरी पत्नी शिवनाथ व रामऔतार पुत्र ब्रजभूषण को रेफर कर मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया है। अन्य यात्रियों को सुरक्षित निकाल कर घर भेजा।

घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करते सीओ बिधूना।

रोते-बिलखते परिजन।

हादसे के बाद पलटी पड़ी स्लीपर बस। अमृत विचार

ऑटो की आमने- सामने की टक्कर में पांच सवारियां घायल

फफूंद, औरैया। शुक्रवार को फफूंद-दिबियापुर रोड पर दो ऑटो में आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में पांच सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। फफूंद-दिबियापुर रोड पर सुबह लगभग 9 बजे एक ऑटो चालक मोबाइल पर बात करते हुए ऑटो चलाते चलाकर फफूंद से दिबियापुर की ओर जा रहा था। तभी उस चालक का ध्यान भटक गया और सामने से आ रहे दूसरे ऑटो से टक्कर हो गई और रोड किनारे पलट गई। जिसमें बैठे महेंद्र सिंह पुत्र अरविन्द कुमार निवासी झींझक कानपुर देहात, सुमित कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी रूरा कानपुर देहात, शैलेन्द्र निवासी झींझक व फफूंद से दिबियापुर जाने के लिए ऑटो में बैठे मुकेश पुत्र रामजी निवासी मुहल्ला बाबा का पुर्वा, सीटू पुत्र महेश निवासी याकूबपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई और घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ लग गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी दिबियापुर पहुंचाया। घटनास्थल पर चीता मोबाइल पुलिस भी पहुंची और घायल हुए लोगों की जानकारी ली। दोनों ऑटो को पुलिस थाने लेकर गई है।

हादसे में घायल।

जान जोखिम में डालकर ट्रैक पार कर रहे यात्री

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

- फुट ओवरब्रिज चालू न होने से यात्रियों को रही है परेशानी

अमृत विचार। रेलवे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज की मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते यात्री जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार कर दूसरे प्लेटफार्म व साधनों को पकड़ने के लिए आ -जा रहे हैं,जिससे हादसा हो सकता है।

फुट ओवरब्रिज की एक पटिया 24 फरवरी को निकलकर गिर पड़ी थी। इस दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया था। अधीक्षक अभियंता इटावा ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से 24 फरवरी को 15 मार्च तक लोहे की जाली लगाकर पुल को बंद करा दिया था। फुट ओवरब्रिज बन्द होने से यात्री जान जोखिम में डाल कर ट्रैक पार कर हैं। जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि यात्रियों की सहूलियत के लिए प्लेटफार्म नंबर 3 व 4 पर बने फुट ओवरब्रिज को चालू कर प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 जाने के लिए सहूलियत मिलेगी। इसका आदेश आज कर दिया गया है। जिससे यात्रियों को बीच का ट्रैक पार नहीं करना पड़ेगा।

ट्रैक पार करते यात्री। अमृत विचार

आटा चक्की कारखाने में लगी आग

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। आटा चक्की कारखाने में सुबह के लगभग 9.30 बजे के समय शार्ट सर्किट से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के समय कारखाने का स्वामी गांव गया हुआ था। सहयोगी काम कर रहा था। आग की लपटें उठती देख बिजली विभाग समेत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन काबू नहीं पा सके। बाद में मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गांव निवासी विपिन कुमार अपने परिवार का भरण पोषण के लिए रोजी रोजगार के उद्देश्य से आटा चक्की कारखाना चलाकर गुजर बसर करते थे। जिसमें शुक्रवार सुबह आग लगने से लगभग 8 क्विंटल पिसा आटा, छह क्विंटल गेहूं, खेतों से लाया गया पांच क्विंटल सरसों व बिजली बिल जमा करने के लिए रखे एक लाख रुपये जल गये। आग लगी देख मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि आग लगने से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

- आग लगने से करीब 10 लाख रुपये का हुआ नुकसान

आग से जला पड़ा सामान। अमृत विचार

एलए जलने से सप्लाई बाधित

ककोर, औरैया। औद्योगिक नगर दिबियापुर को पावर हाउस 132 केवीए से मिलने वाली सप्लाई शुक्रवार को 12 बजे तक हो गई। जब अचानक 132 पावर हाउस में एलए बुरी तरह से जल गई। 132 पावर हाउस के अवर अभियंता यशवीर सिंह ने बताया स्पार्क होने के बाद फाल्ट आ गया और थोड़ी देर में वह फट गई। जिससे नगर दिबियापुर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। दिबियापुर नगर के तीनों फीडर ठप हो गए लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ा। वहीं, थोड़ी गर्मी बढ़ने से बिजली समस्या की परेशानी उठानी पड़ी। थोड़ी देर में लोगों के फोन घर घननाने लगे। वहीं, विद्युत कर्मचारी की मदद से एलए को दुरुस्त किया जा रहा है।

हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं मोदी : कठेरिया

संवाददाता, अछल्दा

- भारतीय विद्यालय औरैया नेविलगंज, अछल्दा में हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- अधिक से अधिक मतदान कराने को लेकर कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

अमृत विचार। औरैया शहर स्थित भारतीय विद्यालय इंटर कालेज और अछल्दा स्थित नेविलगंज में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक मतदान कराने का संकल्प लिया। तो वहीं भाजपा नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

भारतीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इटावा लोकसभा सीट से निवर्तमान सांसद डॉ.रामशंकर कठेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। भाजपा की नीतियों और रीतियों के कारण ही देश भर में पार्टी का जनाधार बढ़ा है। सत्ता में आने के बाद केंद्र व राज्य की सरकार ने सबसे पहले देश के हर नागरिक को सुरक्षा दिलाने का काम किया तो वहीं 80 करोड़ गरीब जनता को निःशुल्क अनाज दिलाने का काम किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद कठेरिया ने सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक मतदान कराने और 80 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में कराने और घर-घर जाने का संकल्प दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के हर वर्ग के लिये काम कर रहे हैं वे भेदभाव नहीं करते हैं।

एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा विरोधी पार्टियां को आइना दिखाने का काम देश व प्रदेश की जनता करेगी। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, अमरचंद्र राठौर, सौरभ भूषण शर्मा आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर आशुतोष गौर, कौशल राजपूत, सरनाम शाक्य, अमित दुबे, प्रांशुदत्त द्विवेदी, प्रशान्त शुक्ला, हरिओम राजपूत, अजीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते निवर्तमान सांसद रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

दूसरे जुमे में भारी संख्या में नमाजी पहुंचे मस्जिद

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। मुकद्दस रमजान के दूसरे जुमे को नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में भारी तादाद में नमाजी पहुंचे बड़े बुजुर्गों से लेकर बच्चों ने भी जुमे की नमाज अदा की। मस्जिदों में पेश इमामों ने रोजा, जकात, तरावीह के बारे में लोगों को जानकारी दी। बाद नमाज देश और दुनिया में अमन चैन के लिए दुआ की गई।

मुकद्दस रमजान माह के दूसरे शुक्रवार को कस्बे के दरगाह बुखारी साहब, मोहल्ला तरीन की मदीना मस्जिद, अस्ताना आलिया समदिया में दोपहर एक बजे से दो बजे तक तीन मस्जिदों में अलग-अलग समय पर जुमा की नमाज अदा की गई। दोपहर सड़कों पर लोग जुमे की नमाज पढ़ने के लिए आते-जाते दिखाई दिए। भीड़ के चलते मस्जिदों में जगह कम पड़ गई। जुमे की नमाज के बाद मस्जिदों में पेश इमाम ने रोजा और जकात पर रोशनी डाली। इनको लेकर लोगों में फैली भ्रांतियों को भी दूर किया। मदीना मस्जिद मोहल्ला तरीन में जुमा की नमाज के बाद मौलाना मोहम्मद अदील ने बयान फरमाते हुए कहा कि रमजान मुबारक का दूसरा अशरा शुरू हो गया है। ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, पूरे रोजे रखें, ईमानदारी से पूरी जकात अदा करें।

नमाज के लिए मौजूद लोग।

पुलिस व आबकारी टीम ने पकड़ी शराब

बिधूना, औरैया। अवैध शराब के विरुद्ध शुक्रवार को आबकारी विभाग व पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई कर जहां 40 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की। वहीं, शराब बनाने के लिए छिपाकर रखा गया भारी मात्रा में लहन नष्ट कर दिया। आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक पदम सिंह के नेतृत्व में आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने आदर्श नगर मोहल्ले में अचानक छापा मारा । इस दौरान शराब बनाने के लिए तैयार किया जा रहा लहन नष्ट कर दिया । इस दौरान मौके से चालीस लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। आबकारी निरीक्षक पदम सिंह ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

गुलाल लगाकर शिक्षकों से लिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। पीबीआरपी अकादमी दिबियापुर में शुक्रवार को विद्यार्थियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ होलिकोत्सव पर्व मनाया गया। रंगों के त्योहार होली पर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर इस उत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस त्योहार को पूरे उत्साह के साथ मनाया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गले लगकर होली की बधाई दी।

विद्यालय प्रबंधक इंजीनियर दिनेश पाण्डेय ने होली के रंगों का महत्व और उस दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली भारतीयों द्वारा अत्यधिक पसंद किया जाने वाला त्योहार है और आज के समय यह त्योहार देश के सभी समुदायों द्वारा काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। प्रधानाचार्य डॉ. सौरव कश्यप ने बच्चों को टीका लगाया और सभी को होली की शुभकामनांए दी। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि होली उत्सव का दिन है। यह वह दिन है, जिसे पूरे भारत के लोगों द्वारा और दुनिया के कई अन्य हिस्सों में रंगों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। विद्यालय के सभी कक्षा शिक्षक ने बच्चों को बताया की होली के त्योहार के समय हमें एक दूसरे के प्रति आपसी मन-मुटाव को भुलाकर एक-दूसरे के साथ होली का त्योहार मानना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

- पीबीआरपी अकादमी दिबियापुर में विद्यार्थियों ने अबीर-गुलाल लगाकर खेली होली

अबीर-गुलाल लगाकर होली का त्योहार मनाते बच्चे। अमृत विचार

सार-संक्षेप

तीन वर्षीय बच्ची की तालाब में डूबकर मौत

ककोर, औरैया। जिला मुख्यालय के निकट गौरी गंगा प्रसाद गांव में तीन वर्षीय आसमां बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। कुछ समय बाद वह गायब हो गई जानकारी होने पर परिजन पूरे गांव में बच्ची को ढूंढते रहे। 12 बजे के आस पास बच्ची का शव में तालाब में उतराता दिखाई दिया जिसे देखकर चीख पुकार मच गई ।

इंडियन ऑयल ने डिलीवरी मैन को किया जागरूक

ककोर, औरैया। उत्तर प्रदेश जनपद औरैया के दिबियापुर स्थित कैलाश रिसॉर्ट में इण्डियन ऑयल के अधिकारी कौशल कुमार प्रबन्धक (एलपीजी-सेल्स) इटावा एलपीजी बिक्री क्षेत्र के मार्गदर्शन में औरैया इण्डियन ऑयल के समस्त डिलीवरी मैन एवं एजेंसी संचालकों की महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे कौशल कुमार ने बताया कि जब भी डिलीवरी मैन उपभोक्ताओ को गैस प्रदान करें, तो सुरक्षा जांच अवश्य करें। इण्डियन ऑयल अपने उपभोक्ताओ की गैस सम्बन्धी सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है, क्योकि इण्डियन ऑयल कम्पनी इंडियन पहले बाद में ऑयल कम्पनी है। इसी श्रृंखला में कम्पनी ने जो सुरक्षा हौज 190 रुपए बिक्री के लिए था, उसको 150 रुपये कर दिया हैं सन्दीप पोरवाल, अभिषेक मिश्रा, हरिदास, अजीत मिश्रा आदि रहे।

तहसील परिसर में हड़ताल करते अधिवक्ता। अमृत विचार

पांचवें दिन भी जारी रही वकीलों की हड़ताल

अजीतमल, औरैया। शुक्रवार को तहसील के अधिवक्ताओं की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी रही। मागों को लेकर वकील हड़ताल पर हैं। उनकी मांगों में तहसील परिसर में स्थित बैरियर लगाकर गरीब जनता से साइकिल स्टैंड के नाम पर की जा रही वसूली को बंद करने, न्यायालय के वादों में विधि संवत तरीके से नोटिस तामील कराये जाने, निर्धारित समय पर कोर्ट लगाये जाने आदि मांगे शामिल हैं।

महामंडलेश्वर का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

महामंडलेश्वर का किया गया स्वागत

कुदरकोट, औरैया। रुक्मणी धाम मंदिर में तमाम लोगों ने 84 कोसी परिक्रमा की यात्रा में निकले हजारों साधुओं की भीड़ में लोगों ने महामंडलेश्वर अमरनाथ दास त्यागी का स्वागत किया। वहीं, कुदरकोट क्षेत्र के अलाई नगर में भी लोगों ने संतों को रोक कर उनका जोरदार स्वागत किया । इसके बाद सभी संतों को बड़े सम्मान के साथ कुदरकोट क्षेत्र के ग्राम अलाईनगर से सैफई के लिए विदा किया गया।

भाजपा में शामिल होते ही सब हुए सदाचारी : अरविंद

औरैया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व बसपा नेता अरविंद पोरवाल ने भाजपा सरकार की नीतियों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि आदर्श हाऊसिंग सोसाइटी घोटाला के मुख्य आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण जिनकी जांच स्वयं भाजपा ने कारवाई, लेकिन भाजपा में शामिल होते ही भ्रष्टाचारी से सदाचारी हो गए और राज्यसभा सदस्य हो गए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वह अपने मत का प्रयोग सोच समझ कर करें। क्योंकि भाजपा सरकार मात्र लोगों को छलने का काम कर रही है।

डीएम के निर्देश

मानस सभागार में डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक , 10 अप्रैल से दस्तक का संचालन भी किया जाएगा

एक अप्रैल से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। डीएम की अध्यक्षता में संचारी रोग के नियंत्रण के अंतर्गत प्रथम अंतर विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार ककोर में किया गया। जिसमें समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण का संचालन संपूर्ण जनपद में किया जाएगा। साथ 10 अप्रैल से दस्तक का संचालन भी किया जाएगा।

दस्तक के अंतर्गत समस्त आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर ज्वर पीड़ित, खांसी, जुखाम, संभावित कुष्ट रोग, तपेदिक रोगी, फाइलेरिया रोगी एवं कुपोषित बच्चों की सूची तैयार कर निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर संदर्भित करेगी। साथ ही घर-घर भ्रमण के दौरान आशा आईडी भी बनाएगी। ग्राम एवं नगर विकास विभाग द्वारा विशेष सफाई की जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी जाएगी।

पशुपालन विभाग द्वारा सूकर पालकों का संवेदीकरण किया जाएगा तथा उन्हें अन्य व्यवसाय हेतु प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाएं जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर से शिशिर पुरी, कामिनी गौतम, शैलेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, राम आसरे कमल, सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

बैठक के दौरान निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

डीएम ने ईवीएम व कंट्रोल यूनिट का किया निरीक्षण

औरैया । जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में ईवीएम वेयर हाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। ईवीएम, वी .वी पैट व कंट्रोल यूनिट के रख-रखाव को देखा तथा सभी संबंधितों को निर्देशित किया की साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही किसी के द्वारा न बरती जाये। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम सहित संबंधित अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

निर्भीक होकर करें मतदान का प्रयोग : डीएम

औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने जनपदवासियों से अपील की है कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के लिए 13 मई को जनपद में होने वाले मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ-साथ अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करें कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। आधिकाधिक मतदान के लिए बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा दी गयी है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान हेतु सभी की ड्यूटी निर्धारित की जा रही है। जिससे मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

खेलने के लिए निकलीं दो छात्राएं हुईं गायब

फफूंद औरैया। थाना क्षेत्र के एक गांव में दो छात्राएं खेलने के लिए घर से निकली ,लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आईं।

गांव दौलतपुर निवासी राम दर्शन यादव की 11 वर्षीय पुत्री पायल प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा है। गांव निवासी अवधेश यादव की 8 वर्षीय पुत्री मीनाक्षी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 3 की छात्रा है। गुरुवार की सुबह विद्यालय गई हुई थी, वापस घर आने के बाद दोनों छात्रायें घर से खेलने के लिए गांव में चली गई। देर रात्रि तक जब घर नहीं आईं तो परिजनों को चिन्ता हुई। गांव में आस पास तलाश किया लेकिन जानकारी नहीं हुई तो पुलिस को जानकारी दी। गांव पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की शुक्रवार की दोपहर को एसपी चारू निगम गांव पहुंची और दोनों छात्राओं के परिजनों से जानकारी की।

क्या होता है चैलेंज वोट

- मतदान के दौरान मतदान केंद्र पर पोलिंग एजेंट की आपत्ति के बाद चुनाव आयोग 2 रूपए फीस लेकर यह फैसला करता है कि मतदाता असली है या फिर फर्जी। सच और झूठ का फैसला बूथ पर ही तत्काल पीठासीन अधिकारी पोलिंग एजेंट व मतदाता की सुनवाई के बाद करते हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मतदान अभिकर्ता मतदान करने आए व्यक्ति पर यह आरोप लगता है कि संबंधित मतदाता फर्जी है। जब मतदाता और अभिकर्ता दोनों अपनी बात पर अड़ जाते हैं। तब ऐसी स्थिति में चैलेंज वोट का सहारा लिया जाता है। ऐसे विवाद की स्थिति में चुनाव आयोग के नियमों में प्रावधान है कि पोलिंग एजेंट पीठासीन अधिकारी के पास दो रुपए आक्षेप राशि के साथ आपत्ति दर्ज कराएगा। इस आधार पर वह वोटर के दावे को चुनौती देगा। यदि यह साबित हो जाता है कि मतदाता असली है। तभी संबंधित मतदाता को मतदान का अवसर दिया जाता है। इसके बाद मतदान अभिकर्ता द्वारा जमा की गई दो रुपए चैलेंज फीस आयोग जब्त कर ली जाती है। और उसकी आपत्ति खारिज कर दी जाती है।

अहम होंगी महिलाओं के लिए चल रहीं योजनाएं

त्योहारी सिलेंडर, रिफाइंड, चना, रक्षाबंधन में मुफ्त परिवहन व लखपति दीदी के भरोसे भाजपा

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : लाडली योजना की तरह ही उप्र. में भाजपा ''मिशन शक्ति'' (महिला सशक्तिकरण) प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) आदि योजनाएं भाजपा के मिशन 80 में सहायक बनेंगी। सुरक्षा व्यवस्था हो या प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मामला, सात करोड़ 15 लाख महिला मतदाताओं वाले प्रदेश में महिलाओं के लिए फायदेमंद योजनाओं को नजर अंदाज करना विपक्षी दलों को भारी पड़ सकता है।

गत वर्ष मध्य प्रदेश में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत में महिलाओं की खासी भूमिका निभाई थी, तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी चुनाव परिणाम में लाडली योजना के साकारात्मक प्रभाव को मान चुके हैं। उसी तरह उप्र. में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कई तरह की योजनाएं केन्द्र सरकार के अलावा योगी सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का भी असर लोकसभा चुनाव के परिणामों में मिलने के आसाद दिख रहे हैं। रक्षा बंधन में मुफ्त बस सेवा, हर माह मुफ्त में मिलने वाला राशन, त्यौहार पर मिलने वाले रिफाइंड ,चना व नमक से अधिकांश महिलाएं लाभान्वित हो रहीं हैं। साथ ही बेटियों का जन्म, शिक्षा और विवाह तक के लिए योजनाएं प्रदेश में चल रहीं हैं।

कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के चलते महिलाएं अब बिना भय के जीवनयापन कर पा रही हैं। राज्य की महिला श्रम बल में भागीदारी दर 32.10 प्रतिशत पहुंच चुकी है।

इतना ही नहीं, प्रदेश में रोजगार के लिए जो योजनाएं शुरू की गईं, उसमें महिलाओं को बराबर का भागीदार बनाया जा रहा है। मुद्रा योजना अंर्तगत ग्रामीण क्षेत्रों में, गरीब परिवारों से भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रही है। राज्य में 80 हजार राशन दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूहों को वरियता दी गई है। बलात्कार जैसे संगीन अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए राज्य सरकार ने 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सहायता राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना अंतर्गत निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रूपये प्रति जोड़े पर खर्च किया जा रहा है। हर निराश्रित महिला को एक हजार रुपए हर माह पेंशन मिल रही है। प्रदेश में तमाम योजनाएं सचालित हो रही हैं, किसी न किसी से महिलाएं जुड़ रहीं हैं। राज्य में 8.37 लाख स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की एक करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा चुका है। बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट सखी योजना से सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा रहा है।

मतदाताओं को रिझाने को महिला प्रकोष्ठ सक्रिय

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का कहना है कि महिला मतदाताओं को पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा मोर्चा के विभिन्न संगठनों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान के साथ ही लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। साथ ही विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिस पर होली बाद अमल शुरू हो जायेगी। भाजपा की महिला मोर्चा की लखनऊ अध्यक्ष सीता नेगी ने बताया कि लखपति दीदी, नारी सशक्तिकरण, आदि तमाम योजनाएं हैं जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं, उन्हें भाजपा से बहुत उम्मीदें हैं, इसलिए खुद भी भाजपा के लिए आगे आ रहीं हैं। महिलाओं की राजनीतिक में बढ़ती रुचि से साफ संकेत हैं कि महिलाएं निर्णायक वोट बैंक के तौर पर उभर रही हैं।

पिंक पन्ना

मेरा पहला वोट

मतदान सभी को करना चाहिए। क्योंकि यह अवसर 5 वर्ष में एक बार ही आता है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों और सरकार के कामकाज को देखते हुए ही मतदान करना चाहिए। पहली बार मतदान करने जा रही हूं, इसको लेकर काफी खुशी है। महिला सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने, रोजगार देने वाले तथा शिक्षा व समानता का अवसर प्रदान करने वाले को ही मतदान करूंगी।

रश्मि गौतम पुत्री अमिरका
विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच।

वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने पर काफी रोमांचित हूं। पहला वोट देकर देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए अपना नुमाइंदा चुनेंगे। मजबूत लोकतंत्र के लिए पहला वोट करूंगा। हम ऐसा सांसद चुनेंगे जो पढ़ा लिखा होने के साथ देश व समाज के बारे में सोचता हो। जिले में रोजगार के अवसर प्रदान कर बेरोजगार को दूर करने वाला हमारा सांसद होगा।

आयुष शुक्ल, छात्र बीकाम द्वितीय वर्ष
विवेकनगर, सुलतानपुर।

राजा दिनेश से परामर्श लेते थे अटल

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

राजा दिनेश।

स्व. अटल बिहारी बाजपेयी

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह

अमृत विचार : जनपद में कालाकांकर राजघराने के राजा दिनेश सिंह का नाम आज भी गर्व से लिया जाता है। उन्होंने विदेश मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में पहचान दिलाई थी। यही नहीं उनसे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने विदेश नीति का परामर्श लिया था। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक चार बार निवार्चित होने का रिकार्ड भी राजा दिनेश सिंह के नाम है।

राजा दिनेश सिंह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के सलाहकार के तौर पर राजनीतिक पारी शुरू की थी। चार बार सांसद निर्वाचित हुए दिनेश सिंह को विदेश,उद्योग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। नरसिम्हाराव की सरकार तक में केंद्रीय मंत्री रहे। फिर भी सियासी करियर उतार चढ़ाव भरा रहा। वर्ष 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार बनी और अटल बिहारी वाजपेयी विदेशमंत्री बने तो शपथ लेने के बाद वह राजा दिनेश सिंह के पास गए और विदेश नीति के बारे में परामर्श लिया। यूं तो राजा दिनेश नेहरू और गांधी परिवार के खास थे, लेकिन दौर ऐसा भी रहा जब उन्होंने इंदिरा गांधी का साथ छोड़ दिया था।

अतीत के झरोखे से

हालांकि दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह तीन बार सांसद निर्वाचित हुईंलेकिन उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी। 1962 और 1980 के चुनाव में राजा अजीत प्रताप सिंह सांसद चुने गए,लेकिन मंत्रिमंडल में शामिल होने का अवसर नहीं मिला।

चूड़ी-बिंदी और साड़ी से छुए थे महिलाओं के मन के तार

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज।

अतीत के झरोखे से

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से पहली महिला सांसद बनने का गौरव किया था हासिल
- महिलाओं में काफी लोकप्रिय थीं शीला दीक्षित, जिले में कांग्रेस को किया था मजबूत

अमृत विचार : कभी महिलाओं को घर की दहलीज पार कर वोट डालने की इजाजत नहीं थी। मतदान करने के लिए परिवार के मुखिया की सहमति जरूरी होती थी। यह वजह थी कि उस दौर में महिलाओं का वोट प्रतिशत कम होता था। शीला दीक्षित पहली प्रत्याशी थीं, जिनके लिए महिलाओं ने घर की दहलीज को लांघा और मतदान केंद्र तक जाकर वोट की चोट की। शायद यही वजह रही कि उनकी भारी मतों से जीत हुई और कन्नौज सीट से पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल किया।

बात 1984 के लोकसभा चुनाव की है। कांग्रेस ने उन्नाव जनपद की रहने वालीं शीला दीक्षित को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतार दिया। उन्होंने पुराने कांग्रेसी नेताओं से संपर्क किया और उनके घर जाकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया। पहली बार किसी ने घर के अंदर दस्तक दी और महिलाओं की मन की बात सुनी। जल्द ही वह महिलाओं में लोकप्रिय हो गईं। वह जिस गांव में जातीं तो वहां महिलाओं से जरूर बात करतीं। वरना अब तक तो प्रत्याशी परिवार के मुखिया से ही वोट मांगकर दरवाजे से ही चले जाते थे। उन्होंने महिलाओं को साड़ी, चूड़ी, बिंदी बांटकर एक नई परंपरा का आगाज किया। हालांकि, उस समय चुनाव आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं था। चूड़ी, साड़ी और बिंदी पर कांग्रेस का चुनाव-चिन्ह हाथ का पंजा छपा रहता था। इस चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत भी बढ़ा और शीला दीक्षित भारी मतों से जीतीं।

इनसेट—

कन्नौज में बहाई थी विकास की गंगा

शीला दीक्षित 1984 से 1989 तक सांसद रहीं। इस दौरान उन्होंने कन्नौज में विकास की गंगा बहाई। कन्नौज से हरदोई जाने के लिए महादेवी घाट पर पुल का निर्माण कराया तो इत्र उद्योग को तकनीकी रूप से विकसित करने के लिए केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अधीन सुरस एवं सुगंध विकास केंद्र (एफएफडीसी) की स्थापना कराई। जिले में लाख-बहोसी पक्षी विहार बनवाया तो कई ग्राम पंचायतों में सामुदायिक विकास केंद्रों का निर्माण अपनी सांसद निधि से कराया था।

> सांसद शीला दीक्षित असाधारण व्यक्तित्व की धनी थीं। जिले में महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ाने में उनका अप्रतिम योगदान था और उन्होंने कांग्रेस संगठन को भी मजबूत किया था। भले ही कन्नौज जिला 1997 में घोषित किया गया हो, लेकिन उसके विकास की आधारशिला उन्होंने ही रखी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रहते हुए भी कभी कन्नौज और यहां के लोगों को विस्मृत नहीं किया था।
>
> **-संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट, पूर्व विधायक (कांग्रेस)**

गोंडा की सियासी पिच पर कभी विजेता नहीं रही बसपा

अरुण कुमार मिश्र

- 2024 के भंवर में फंसी बसपा को नहीं मिल रहे खेवनहार

गोंडा, अमृत विचार : कभी अपने चरम पर रही बसपा गोंडा संसदीय सीट को फतह नहीं कर सकी। बसपा अपने कैडर वोट के बलबूते दूसरे का खेल बिगाड़ती रही, लेकिन स्वयं के उम्मीदवार को जीत का सेहरा नहीं पहना सकी। एक बार बसपा उम्मीदवार दूसरे पायदान पर तो पहुंची, लेकिन अधिकांश बार उसका उम्मीदवार वह तीसरे व चौथे स्थान पर ही सिमट कर रह गया।

संसदीय इतिहास में गोंडा का सफरनामा बहुत ही रोचक रहा। कांग्रेस, बीएलडी, सपा, भाजपा को जीत का मौका मिला और गोंडा की रहनुमाई करने का अवसर भी लेकिन चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती की पार्टी का कोई भी उम्मीदवार जीत कर संसद की ड्योढ़ी तक नहीं पहुंच पाया, जबकि बसपा का वोट प्रतिशत काफी बेहतर रहा लेकिन कैडर वोट व कुछ मुस्लिम वोट के अतिरिक्त अन्य वोट बसपा को बहुत कम ही मिले। यही कारण है के 1999 में बसपा ने अयोध्या नरेश पांडेय को चुनाव लड़ाया लेकिन वह जीत नहीं सके। 2004 में बसपा ने अपना प्रत्याशी बदला और संतराम तिवारी को मैदान में उतारा लेकिन वह भी चुनाव में जीत नहीं पाए। 2004 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वाले कीर्तिवर्धन सिंह बसपा में शामिल हो गए और 2009 में वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव तो नहीं जीते पर लेकिन दूसरे स्थान पर रहे।

इसके बाद वह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए। 2014 में पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे अकबर अहमद डंपी को चुनाव लड़ाया। अकबर अहमद डंपी चुनाव में तीसरे स्थान पर खिसक गए। इस चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा से चुनाव जीत गए और सपा उम्मीदवार रहीं नंदिता शुक्ला दूसरे स्थान पर रहीं। अकबर अहमद डंपी को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। 2019 में गोंडा सीट सपा और बसपा के गठबंधन में हो गई और यहां से सपा के उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह मैदान में थे। लेकिन गठबंधन का भी लाभ नहीं मिला और गोंडा की सीट पर पुनः कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए।

> 2019 में बसपा ने गठबंधन के कारण अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था लेकिन 2024 में भी बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। बसपा का एक मजबूत कैडर वोट आज भी है। लेकिन किसी उम्मीदवार के न होने से कैडर मतदाता उदास जरूर हैं। इतना ही नहीं गोंडा से अभी तक किसी ऐसे व्यक्ति का नाम भी चर्चा में नहीं आया जिसने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की हो। इसलिए बसपा के वोटर भी खामोश हैं और पार्टी के नेता भी सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। बसपा को अब पार्टी की मुखिया के निर्णय का इंतजार है। वह अपना प्रत्याशी उतारेगी या फिर अन्य दलों को वॉक आउट दे देगी।

गठबंधन में भी सपा को ट्रांसफर नहीं हो पाया था कैडर वोट

राजनीति के जानकार एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि बसपा एक कैडर पार्टी है। उसके मतदाता सपा, कांग्रेस में नहीं जाएंगे। कैडर वोट के भाजपा में जाने की अधिक उम्मीद है। वह कहते हैं कि कांग्रेस से ही टूट कर बसपा, सपा व अन्य दलों का उदय हुआ है।(भाजपा को छोड़कर)। बसपा ने अपने बूते पर पार्टी खड़ी की और कांशीराम से लेकर मायावती ने अपना एक कैडर बनाया। जब सवाल किया गया कि कांग्रेस, सपा भी दलित का मुद्दा उठाती है तो मिश्र ने कहा कि 2019 में बसपा व सपा का गठबंधन हुआ था। सपा का वोट बसपा को ट्रांसफर हुआ था लेकिन बसपा का वोट सपा में नहीं गया। अब बात अलग जाने की है तो केवल भाजपा है जिसके प्रति मायावती का नरम रुख है। यदि बसपा अपना प्रत्याशी खड़ा करती है तो कैडर वोट उनके साथ जाएगा अन्यथा भाजपा की ओर जा सकता है।

ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है बसपा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

रणनीति

- भाजपा और सपा ने घोषित कर दिए हैं उम्मीदवार
- सपा उम्मीदवार का टिकट बदलने के लग रहे कयास
- जिलाध्यक्ष बोले, जातिगत समीकरण का रखना पड़ता ध्यान

अमृत विचार : बुंदेलखंड में हार का सूखा खत्म करने के लिए बसपा नेतृत्व सधी हुई चाल चल रहा है। वैसे तो बांदा- चित्रकूट सीट पर सपा ने शिव शंकर सिंह पटेल और भाजपा ने आरके पटेल को उम्मीदवार बनाया है। सपा में उम्मीदवार बदले जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने बांदा-चित्रकूट सीट

पर चेहरे नहीं बदले तो बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी सवर्ण होगा। वह भी ब्राह्मण जाति से। इन सबके बीच भाजपा में भी बगावत के आसार लग रहे हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। भैरों प्रसाद मिश्र 2014 में भाजपा से सांसद बने थे। तब उनके सामने बसपा से आरके सिंह पटेल उम्मीदवार थे। बाद में आरके पटेल भाजपा में आए और मानिकपुर से विधायक बने। 2019 में आरके पटेल ने लोकसभा का चुनाव भाजपा से लड़ा और जीता था। टिकट कटने से भैरों प्रसाद मिश्र नाराज उसी समय हो गए थे, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी इस बार टिकट देगी पर आरके पटेल को ही टिकट मिल गया।

ऐसे में अब चर्चा है कि भैरों प्रसाद सपा नेतृत्व के संपर्क में हैं और सपा शिव शंकर सिंह पटेल को हटाकर भैरों को टिकट दे सकती है। टिकट कटने की टीस भैरो प्रसाद को आज भी है और वे इस बात को स्वीकारते भी हैं। इस संबंध में जब उनसे सवाल किया गया तो उनका कहना था कि राजनीति में सभी विकल्प खुले रहते हैं। और सपा सबसे मजबूत विकल्प है। भैरों की बगावत चर्चाओं पर बसपा भी नजर रखे हुए है। भैरों अगर बागी होकर सपा के टिकट पर उतरते हैं तो बसपा अपनी रणनीति में पुनः बदलाव करेगी अन्यथा पार्टी किसी ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाने को तैयार बैठी है। भैरों प्रसाद एक बार बसपा के टिकट पर भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं तब उन्हें लगभग 33 हजार वोट से हार का सामना करना पड़ा था।

बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेट कहते हैं कि जिले में कोई भी राजनीतिक दल चाहे जो भी कहे पर अंततः वह जातिगत आधार पर टिकट वितरण करता है। जिले की राजनीति में जाति के दखल से कोई इन्कार नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि भाजपा और सपा ने अपने उम्मीदवार तय तो कर दिए हैं पर अभी भी ऊहापोह की स्थिति है। रोज नई बात सामने आती है।

इसी वजह से बसपा अपने प्रत्याशी सामने नहीं ला रही। हालांकि सब कुछ तय है। जब उनसे पूछा गया कि किस किस नेता ने प्रत्याशिता की है, शिवबाबू बोले, बसपा में अन्य दलों से ज्यादा अनुशासन है। ऐसे में वह नाम नहीं बता सकते। बोले, हां इतना जरूर है कि सपा और भाजपा के प्रत्याशियों के नामों में बदलाव न हुआ तो हम ब्राह्मण प्रत्याशी उतारेंगे। उन्होंने कहा कि बांदा-चित्रकूट सीट के लिए कुल पांच प्रत्याशियों के नाम आलाकमान के पास भेजे गए हैं। इनमें बांदा और चित्रकूट से दो-दो नाम ब्राह्मण समाज के और बांदा से ही एक नाम कुशवाहा समाज का है। बड़ी बड़ी बातें चाहे जो कोई करे पर सभी पार्टियां जातीय समीकरण देखकर ही अपना प्रत्याशी तय करती हैं

रंगई, अंशू और श्याम समेत सात लोग ब्रेल लिपि बैलेट से डालेंगे वोट

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

जिले में 21 हजार से अधिक हैं विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग मतदाता

लोकसभा चुनाव

- देहरादून से लाई जाएगी ब्रेल लिपि बैलेट शीट
- ब्रेल लिपि का ज्ञान रखने वाले सात मतदाता किए गए चिह्नित

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में इस बार सात मतदाता ऐसे हैं जो ब्रेल लिपि बैलेट से अपने सांसद का चुनाव करेंगे। यह मतदाता पूरी तरह से दृष्टिबाधित हैं। वैसे दृष्टिबाधित मतदाताओं की संख्या 3 हजार 936 है लेकिन इनमें से सात वह मतदाता हैं जो ब्रेल लिपि की मदद से पढ़-लिख सकते हैं। ऐसे में इनसे वोट डलवाने के लिए उत्तराखंड के देहरादून स्थित राजकीय प्रेस से ब्रेल लिपि बैलेट शीट मंगवाई जाएगी। पीठासीन अधिकारियों का बाकायदा इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वहीं शेष दृष्टिबाधित मतदाताओं को उनके परिवार के किसी एक सदस्य के साथ सहायक के रूप में लेकर जाकर वोट डाला जाएगा। हालांकि इसके लिए भी बूथ पर एक फार्म भरवाया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। इसके लिए बूथों पर मतदाताओं को तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। लेकिन आयोग की व्यवस्थाओं के बाद भी बड़ी तादाद में दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं, खासकर, दृष्टिबाधित मतदाता। लिहाजा, निर्वाचन आयोग ने दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा के लिहाज से बूथों में ब्रेल लिपि बैलेटशीट का इंतजाम किया जा रहा है। इस बैलेट शीट में दलों के चुनाव चिह्न, प्रत्याशी का नाम आदि की पूरी जानकारी होगी। इसके बाद दृष्टिबाधित मतदाता आसानी प्रत्याशी एवं उसके चुनाव चिह्न की पहचान कर मत देंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में ऐसे सात दृष्टिबाधित मतदाता चिह्नित किये गये हैं, इनमें कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के श्यामजी पुत्र कीढ़ी लाल, रामनगर के धनन्जय पुत्र विजय कुमार व नितेश पुत्र रामनरेश, बाराबंकी क्षेत्र से छोटेलाल पुत्र शिवराज व अंशू पुत्र रामानंद, जैदपुर क्षेत्र से मनोज पुत्र श्रीपाल और हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से रंगई लाल पुत्र जगप्रसाद शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जिले में करीब 21 हजार से अधिक दिव्यांग मतदाता हैं। इनमें से सात ऐसे दृष्टिबाधित मतदाताओं को चिह्नित किया गया है। जो ब्रेल लिपि से पढ़ने- लिखने का ज्ञात रखते हैं। इनके लिए ब्रेललिपि बैलेट शीट मंगवाई जाएगी, जिस पर दृष्टिबाधित मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

पुरुष और महिला दिव्यांग मतदाताओं की संख्या

विधानसभा क्षेत्र	पुरुष	महिला	कुल
266 कुर्सी	2487	1205	3642
267 रामनगर	2251	1359	3610
268 बाराबंकी	2178	1022	3200
269 जैदपुर	2460	109	3559
270 दरियाबाद	2942	1533	4475
272 हैदरगढ़	2005	1101	3106
कुल दिव्यांग वोटर	**14323**	**7318**	**21642**

नोट : जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए दिव्यांगों के इन आंकड़ों में दृष्टिबाधित, हाथ व पैर से दिव्यांग, बोलने व सुनने में अक्षम के साथ मानसिक मंदित आदि श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। इनमें केवल दृष्टिबाधितों की कुल संख्या 3936 हैं। इनमें से सात दृष्टिहीन वोटर ब्रेल लिपि का ज्ञान रखते हैं।

क्या होती है ब्रेल लिपि

विश्व में ब्रेल लिपि को नेत्रहीनों को पढ़ने और लिखने के व्यवहार में लाया जाता है। इस पद्धति का आविष्कार 1821 में एक नेत्रहीन फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल ने किया था। यह अलग-अलग अक्षरों, संख्याओं और विराम चिन्हों को दर्शाते हैं। किसी टाइपराइटर की तरह ही ब्रेल लिपि को भी एक मशीन जिसे 'ब्रेलराइटर' कहते हैं, के माध्यम से लिखा जा सकता है।

एनडीए में शामिल हो सकतीं हैं पल्लवी पटेल

अमृत विचार, राज्य ब्यूरो : इंडिया गठबंधन को प्रदेश में बड़ा झटका लग सकता है। सपा के अखिलेश यादव द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन न होने की घोषणा के बाद, अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने एनडीए के पाले में जाने के कयासों को हवा दे दी है। राजधानी में अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अगर एनडीए से ऑफर आया तो हम विचार करेंगे। क्योंकि हमे राजनीति करनी है, भविष्य को लेकर निर्णय करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन अंतर्गत तीन सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया था। जिसके लिए गठबंधन के नेताओं से पूर्व में चर्चा भी चुकी थी। बावजूद सपा प्रमुख ने गठबंधन खत्म होने की बात कही है उसका स्वागत है। इसके बाद इंडिया गठबंधन की कांग्रेस को निर्णय करना है, अपना दल कमेरावादी इंडिया गठबंधन का हिस्सा रहेगा या नहीं।

भाजपा की चौथी सूची में तमिलनाडु व पुडुचेरी के उम्मीदवार घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। इसमें तमिलनाडु के 15 और पुडुचेरी के उम्मीदवार का नाम शामिल है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक चेन्नई उत्तर से आर सी पॉल कनगराज, तिरूवल्लूर से पॉन वी बालागणपति, तिरवन्नमलाई से ए अश्वथामन, नामक्कल से के पी रामलिंगम, त्रिपुर से ए पी मुरुगनांदम, पोलाची से के वसंतराजन, करूर से वी वी सेंथिलनाथन, चिदंबरम से श्रीमती पी कार्तियायनी, नागपत्तिनम से एस जी रमेश,तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव, मदुरै से राम श्रीनिवासन, विरूद्धनगर से राधिका शरतकुमार और टेनकासी से बी जॉन पांडियान को उम्मीदवार बनाया गया है। पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा ने ए नमाशिवायम को पार्टी ने टिकट दिया है।

इससे पहले गुरुवार को भाजपा ने पूर्व राज्यपाल तिमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार तमिलनाडु के लिए भाजपा ने अब तक 24 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची और 21 मार्च को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

दिग्गजों की सियासत दांव पर, टिकट से बचेगी साख

- वैभव शुक्ला, पीलीभीत

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तराई की सियासत इन दिनों दिग्गजों की धड़कनें बढ़ा रही है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर भाजपा हो या फिर विपक्षी समाजवादी पार्टी। दोनों में ही प्रत्याशी तय करने में गहन मंथन हो रहा है। भाजपा सांसद मेनका गांधी और वरुण गांधी की इस हाई प्रोफाइल इस सीट पर सभी की नजर है। ऐसे कई दावेदार हैं जिनका सियासी सफर दांव पर लगा है। कोई दिल्ली में डेरा डाले है तो कोई अन्य विकल्प तलाशने में जुट गया है।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर सर्वाधिक दावेदार भारतीय जनता पार्टी में हैं। इनमें से कई ऐसे हैं, जिन्होंने नगर निकाय चुनाव 2023 संपन्न होने के साथ ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। समाजवादी पार्टी की सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे हेमराज वर्मा भाजपा भी टिकट के प्रबल दावेदारों में हैं। उन्होंने 2007 में बसपा से सदर विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन जीत नहीं सके। 2012 में सपा के टिकट पर बरखेड़ा विधानसभा सीट से जीते। इसके बाद उन्हें राज्यमंत्री भी बनाया गया। 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव सपा से ही बरखेड़ा सीट से लड़ा, लेकिन दोनों में हार मिली। 2019 में लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा। उस वक्त 4,48,922 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। हाजी रियाज अहमद के निधन के बाद तराई क्षेत्र में सपा के मजबूत लीडरों में उन्हीं की गिनती थी। मगर अब वह भाजपाई हैं और टिकट की दावेदारी कर रहे हैं।

दूसरा नाम है किशनलाल राजपूत का। वह 2017 में भाजपा से बरखेड़ा सीट से विधायक बने। 2022 उनकी जगह स्वामी प्रवक्तानंद को भाजपा ने टिकट दे दिया। अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की मांग कर रहे हैं। उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी ने भी पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा सीट पर दावेदारी की है। वह नैनीताल सीट से 1991-96 तक सांसद रहे थे। वर्तमान में वह राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था उत्तराखंड के अध्यक्ष हैं। वह अपनी सियासत को रफ्तार देने के लिए करीब एक साल से जनपद में सक्रिय हैं। भाजपा के ही पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पीसीयू के सभापति सुरेश गंगवार भी दावेदार हैं।

- निकाय चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा
- भाजपा के पूर्व विधायक किशनलाल का तय होगा सियासी सफर
- नैनीताल-बहेड़ी से सांसद रहे बलराज पासी ने भी बढ़ाई है सक्रियता
- पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के सामने बड़ी चुनौती

हेमराज वर्मा

किशनलाल राजपूत

फूलबाबू

... जा सकते हैं सपा में

भाजपा से टिकट पाने के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त पर विपक्षी दलों की भी नजर है। एक दावेदार के बारे में चर्चा है कि वह सपा आलाकमान के भी सपर्क में हैं। भाजपा से टिकट नहीं मिला तो साइकिल की सवारी कर सकते हैं।

लगातार तीन चुनाव हारे फूलबाबू का सियासी कद तय होगा

इसी तरह से सपा से टिकट की दौड़ में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार समेत कई चेहरे हैं। जिनके सियासी सफर का भविष्य लोकसभा चुनाव में तय होगा। बसपा से टिकट पाने में कामयाब हुए पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू भी सियासी तलवार की धार पर खड़े हैं। वह बीसलपुर विधानसभा सीट पर 1996, 2002, 2007 में हुए तीनों चुनाव में लगातार विधायक बने। मगर इसके बाद 2012, 2017, 2022 के चुनाव में हार की हैट्रिक भी बनाई। इसके अलावा तीन बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा चुके हैं। ऐसे में टिकट मिलने के बाद उनकी चुनौती और बढ़ गई है।

चुनाव कमाल का...

- 1998 देश में 12वें लोकसभा चुनाव का गवाह बना। इस चुनाव में भाजपा को 182 सीटें मिली, जबकि कांग्रेस के खाते में 141 सीटें आईं। सीपीएम ने 32 सीटें जीती और सीपाआई के खाते में सिर्फ नौ सीटें आई। समता पार्टी को 12, जनता दल को 6 और बसपा को 5 लोकसभा सीटें मिली। क्षेत्रीय पार्टियों ने 150 लोकसभा सीटें जीतीं।
- 1998 में भाजपा ने शिवसेना, अकाली दल, समता पार्टी, एआईएडीएमके और बिजू जनता दल के सहयोग से सरकार बनाई और अटल बिहार वाजपेयी फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे, लेकिन इस बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 13 महीने में ही गिर गई।
- 1999 के आम चुनाव में कांग्रेस और सिमटी। इस चुनाव में विदेशी सोनिया बनाम स्वदेशी वाजपेयी का माहौल बनाया गया। भाजपा को सबसे ज्यादा 182 सीटें मिली और वाजपेयी केंद्र में सरकार बनाने में कामयाब रहे, जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ 114 सीटें आई थीं। सीपीआई ने चुनाव में 33 सीटें जीतीं।
- 1999 में यह पहली बार था जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई में केंद्र में किसी गैर-कांग्रेसी सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।
- 2004 के 14वें लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 'इंडिया शाइनिंग' का नारा असफल रहा और कांग्रेस सत्ता में लौटी। इस चुनाव में कांग्रेस को 145 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा के खाते में 138 सीटें आई। सीपीएम के खाते में 43 सीटें गई और सीपीआई 10 सीटें जीतने में कामयाब रही।

चुनावी तीर

राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना न तो प्रधानमंत्री को शोभा देता है और न ही उनकी सरकार को। सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। केजरीवाल को निशाना बनाया जा रहा है और यह असंवैधानिक है। ऐसी शर्मनाक घटना इतिहास में पहली बार देखी जा रही है।

- प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस

कांग्रेस को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए भाजपा जिस तरह से परेशान कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह निंदनीय है। भाजपा की मानसिकता मनुवादी है। भाजपा चाहती है कि असमानता कायम रहे, जाति व्यवस्था और मजबूत हो, बेरोजगारी बढ़नी चाहिए, किसानों की समस्याएं हल नहीं होनी चाहिए। विपक्षी दलों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि चुनाव लड़ने के लिए पैसा न रहे।

- सिद्धरमैया, मुख्यमंत्री, कर्नाटक

भाजपा के 30 स्टार प्रचारक करेंगे 300 से ज्यादा रैली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री की सभाओं पर ज्यादा फोकस, प्रचारकों में सिर्फ हेमा फिल्मी स्टार
- राज्य में रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार की जिम्मेदारी तय, भाजपा की 'त्रिमूर्ति' संभालेगी चुनाव की बागडोर

अमृत विचार। भाजपा ने प्रदेश में सभी 80 सीटों पर जीत के लिए तीन सौ रैलियां करने की योजना बनाई है। रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार किस स्टार प्रचारक का कब और कहां होगा, इसका रुटचार्ट और प्रबंधन की जिम्मेदारी भाजपा की 'त्रिमूर्ति'' संभालेगी। अलग-अलग मोर्चों पर नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई है।

भाजपा की राज्य चुनाव संचालन समिति की प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में तीन अलग-अलग मंत्रियों को इसकी कमान सौंपी गई है। रैलियों के दौरान किसकी जिम्मेदारी रहेगी, कौन अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेगा, इसके साथ चुनाव प्रबंधन किसके हाथ में रहेगा, इसको लेकर कार्य बांटे गए। इसके अनुसार जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के पास चुनावी रैलियों की जिम्मेदारी होगी, तो कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद व्यवस्था पर नजर रखेंगे, जबकि जेपीएस राठौर बाकी चुनाव प्रबंधन को देखेंगे। संचालन समिति की देखरेख में भाजपा 300 से ज्यादा चुनावी रैलियां करेगी।

राज्य चुनाव संचालन समिति ने प्रदेश में 30 स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय करने का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, स्मृति ईरानी, डॉ दिनेश शर्मा, संजीव बाल्यान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया, सुरेंद्र नागर, जनरल वीके सिंह, बीएल वर्मा, राजवीर सिंह 'राजू भईया', एसपी सिंह बघेल, साध्वी निरंजना ज्योति, कांता कदम, रजनीकांत माहेश्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र कश्यप, जेपीएस राठौर, भोला सिंह शामिल हैं।

होली बाद गाढ़ा होगा मोदी-योगी व जयंत की रैली का रंग

प्रदेश में भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों का चुनावी रंग होली के बाद देखने लायक होगा। सबसे पहले रैलियों की शुरूआत पश्चिमी उप्र. के जाटलैंड से होगी। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद,रामपुर और पीलीभीत में कड़ा मुकाबला है। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा मांग है। संगठन इसे अनसुना भी नहीं कर रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान बिल को लेकर इन इलाकों में जबरदस्त आक्रोश था, तब योगी ने ही कमान संभाली और विरोध में लोकदल और सपा के गठबंधन के बावजूद रिकार्ड सीटों पर विजय मिली। इस बार माहौल बेहतर है, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने और लोकदल से गठबंधन के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मांग भी खूब हो रही है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की टीम भाजपा के साथ कहीं सयुंक्त तो कहीं अकेले रैली व रोड शो करेगी।

राहुल-अखिलेश संभालेंगे इंडिया का मोर्चा

इंडिया गठबंधन से राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव और शिवपाल यादव मुख्य कमान संभालेंगे। बसपा प्रमुख मायावती भी कुछ सीटों पर प्रचार करने जा सकती है। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी समेत आईएनडीआईए गठबंधन के कई नेताओं की चुनावी रैलियां होंगी।

बसपा की सोशल इंजीनियरिंग विपक्ष के लिए बन रही चुनौती

- चुनाव डेस्क ,लखनऊ

अमृत विचार। साल 2006 में सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले से प्रदेश में पूर्ण बहुमत की बसपा सरकार बनाने वाली मायावती की चुप्पी से राजनैतिक दलों में बेचैनी बनी हुई है। यह बेचैनी बसपा द्वारा अब तक प्रत्याशियों की अधिकारिक सूची न घोषित होने से बनी हुई है। एनडीए और इंडिया गठबंधन की राजनीति में बसपा के प्रत्याशियों की ट्रंप का इक्का सरीखे स्थिति बन गई है, माना जा रहा है कि बसपा के प्रत्याशी तीसरा मोर्चा भले ही न बन सकें, मगर स्थानीय स्तर पर मतों की बड़ी सेंधमारी कर संभावित परिणाम प्रभावित कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, देश में सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में भाजपा व सपा ने अधिकांश सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, शेष सीटों पर होली बाद घोषित किये जाने की बात कही जा रही है। मगर, बसपा साइलेंट मोड में बनी हुई है, लोकसभा चुनाव को लेकर मायावती की चुप्पी के सियासी गलियारों में तरह- तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अबतक घोषित हो चुके प्रत्याशियों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का दोबारा फार्मूला दोहराने की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं। अकबरपुर, रनिया, उन्नाव, आयोध्या, धरोहरा व पश्चिम उप्र. में आधा दर्जन ब्राम्हण प्रत्याशियों से जहां एनडीए गठबंधन (भाजपा) के प्रत्याशियों के लिए कठिनाई पैदा हो चुकी है वहीं दलित और मुस्लिम प्रत्याशियों के घोषित होने से इंडिया गठबंधन(सपा) के प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ रहीं हैं।

सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय में बसपा अव्वल

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि कोई भाजपा की बी टीम कहता है तो कोई इंडिया गठबंधन का हितैषी होने का प्रमाण देता है। मगर वास्तव मे सर्व समाज को प्रतिनिधित्व देने का पहली बार मायावती ने काम किया था। साल 2006 में सबसे ज्यादा ब्राम्हण विधायक, मुस्लिम व दलित विधायकों के साथ सरकार बनाई गई थी। जिसे जनता आज भी दोहराना चाह रही हैं। फिलहाल, बसपा द्वारा प्रदेश के 18 मंडलों में सात सवर्ण(पांच ब्राम्हण), पांच मुस्लिम, तीन दलित, एक जाट व दो ओबीसी प्रभारी बनाए गए हैं। स्पष्ट है कि बसपा का प्रत्याशी जनता से जुड़ा होगा।

विपक्ष को झटका देने को दिया पल्लवी को प्रस्ताव

सपा के साथ अपना दल कमेरावादी के समझौता तोड़ने की शुक्रवार को घोषणा होते ही, बसपा द्वारा अपना दल की पल्लवी पटेल को समर्थन का आश्वासन और हाथी चुनाव चिन्ह पर प्रत्याशी उतारने का ऑफर देने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि पार्टी के भीम राव आंबेडकर ने चर्चाओं की पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि ऑफर देने का विषय बसपा सुप्रीमो के स्तर का है, अभी तक किसी प्रकार की अधिकारिक जानकारी पार्टी की ओर से नही दी गई है। मालूम हो कि अपना दल की कृष्णा पटेल ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन के तहत प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर व कौशांबी सीट पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया था। जिसके बाद सपा के अखिलेश यादव ने 2024 में गठबंधन की बात से इंकार कर दिया था।

रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन, बदल सकता है समीकरण

- सुहेल जैदी, रामपुर

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से नेताओं का बदला सियासी मिजाज
- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं पूर्व मंत्री आजम खां

अमृत विचार : रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन रामपुर के सियासी समीकरण बदलने की ताकत रखता है। क्योंकि, सपा-कांग्रेस गठबंधन होने के बाद से नेताओं का सियासी मिजाज बदल गया है। शोला बयां मोहम्मद आजम खां रामपुर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं। हालांकि, भाजपा हाईकमान ने लोकसभा उप चुनाव 2023 में जीते घनश्याम सिंह लोधी को सबसे पहले टिकट देकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद ने लड़ा था। इसके बाद रामपुर लोकसभा सीट को लेकर चर्चाओं में रहता है।

नूरमहल कभी कांग्रेस की धुरी हुआ करता था। लेकिन, समय के साथ बदलाव आता गया और सियासी बिसात के राजनैतिक मोहरे आजम खां के साथ होते गए। कभी रामपुर का चुनाव इस तर्ज पर होता था बड़ा वोट मिक्की मियां (लोकसभा) और छोटा वोट आजम खां (विधानसभा) को जाता था। लेकिन, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने वर्ष 1996 में लोकसभा चुनाव अपने दमखम पर लड़ा और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा को करारी शिकस्त देते हुए यह सीट छीनकर कांग्रेस की झोली में डाल दी। लेकिन,वर्ष 1998 में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर लोकसभा जीत ली और बेगम नूरबानों को करीब साढ़े हजार वोटों से शिकस्त दे दी। इसके बाद वर्ष 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में बेगम नूरबानो ने एक बार फिर जीत दर्ज की। वर्ष 2004 में सपा की साइकिल पर सवार होकर फिल्म अभिनेत्री रामपुर आईं और लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंच गईं। लेकिन, वर्ष 2014 में हुए चुनाव में मुरादाबाद के डॉ. नेपाल सिंह ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज कर ली। इसके बाद वर्ष 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां ने लोकसभा चुनाव जीतकर संसद का रुख किया। वर्ष 2022 में आजम खां द्वारा लोकसभा सीट से त्याग पत्र देने के बाद हुए लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने आसानी से चुनाव जीत लिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के टिकट के लिए कई दावेदार थे लेकिन, पार्टी हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी पर ही दांव लगाया है। जबकि, सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि लोकसभा टिकट मामले में अंतिम निर्णय पूर्व मंत्री आजम खां को लेना है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो भी वर्ष 2024 का चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में थीं और उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वह चुनाव लड़ेंगी। नूरमहल को करीब 20 से 25 प्रतिशत हिन्दू वोट के अलावा दलित और सिखों को वोट मिलता है। आजम खां पुरानी रवायत को बरकरार रखते हुए बेगम नूरबानो को गठबंधन प्रत्याशी बनाते हैं तो रामपुर का चुनाव काफी दिलचस्प हो सकता है। हालांकि, यह मुश्किल है क्योंकि आजम खां का नवाबों से पंगा किसी से छिपा नहीं है। लेकिन, राजनीति में सबकुछ संभव है। कांग्रेस हाईकमान यदि गठबंधन में रामपुर सीट पर बेगम नूरबानो को चुनाव लड़ाती है तब भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी की राह मुश्किल हो सकती है।

पूर्व सांसद बेगम नूरबानो

पूर्व मंत्री आजम खां

घनश्याम सिंह लोधी

अखिलेश की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' में बिखरे सहयोगी

- अजय दयाल, लखनऊ

- गठबंधन से पहले प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस पर बनाया था दबाव
- सहयोगी दलों को रोकने में भी आजमा रहे यही दांव, गुटबंदी हो रही हावी

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में सत्तासीन दल भारतीय जनता पार्टी को ललकारने की तैयारी कर रही समाजवादी पार्टी अपनों को ही साथ लेकर चलने के संघर्ष में हलकान है। मुख्य विपक्षी होने के नाते समाजवादी पार्टी पर भाजपा की विचारधारा के साथ न चलने वाले 'वोटबैंक' की नजर तो है लेकिन एक के बाद एक सहयोगी दलों के बिखराव से संदेश साकारात्मक नहीं जा रहा। हकीकत तो यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' के चक्कर में सहयोगी नहीं फंस रहे।

अभी बदल भी सकते हैं टिकट

सूत्र बता रहे हैं कि सपा में टिकटों के बंटवारे पर अभी आम सहमति नहीं है। संभावना है कि अखिलेश टिकटों में अभी और बदलाव कर सकते हैं। ताजा बदलाव सपा प्रमुख ने दिल्ली से सटी गाजियाबाद सीट पर महेंद्र नागर की जगह राहुल अवाना को अपना उम्मीदवार बना दिया। वहीं इससे पहले भी बदायूं सीट से अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को टिकट मिला था लेकिन फिर उनका टिकट काटकर चाचा शिवपाल को टिकट दिया गया। फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

हाल-फिलहाल की बात की जाए तो गठबंधन को लेकर कांग्रेस के ठंडे रवैये के मद्देनजर अखिलेश ने सीटों पर समझौता होने का इंतजार किए बगैर ही पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी थी। इस सूची में 16 नाम थे और इससे पहले अखिलेश ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की पेशकश भी की थी। हालांकि कांग्रेस के खाते में आईं 17 सीटों पर भी अभी तक उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। इस बीच सपा निरन्तर प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस में तेजी लाने को उकसा रही है। उधर, सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो जाने के बावजूद तालमेल नजर नहीं आ रहा और इधर सपा भी अपने सहयोगियों को कांग्रेस के चक्कर में नजरंदाज कर रही। ऐसे में सहयोगी बिखर रहे हैं। शुक्रवार को ही इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने घोषणा की कि वह अपने बूते उप्र की 27 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। देखा जाए तो उप्र. विस. चुनाव 2022 के बाद यह पांचवीं पार्टी है, जिससे अखिलेश का नाता टूटा है। इससे पहले महान दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल, अपना दल कमेरावादी के साथ गठबंधन टूट चुका है।

भाजपा को जिताने के लिहाज से टिकट दे रही सपा

जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा को भाजपा की बी टीम बताते हुआ कहा कि सब सीट पर टिकट भाजपा को ही जिताने के लिहाज से बांटे जा रहे हैं। संजय सिंह चौहान इस बार घोसी से लोकसभा का चुनाव अपने सिंबल पर लड़ेंगे। संजय का आरोप है कि वह घोसी से ही सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ना चाहते थे, अखिलेश यादव उनको आश्वासन भी देते रहे लेकिन टिकट देने के समय उन्होंने राजीव राय को टिकट दे दिया। वहीं शुक्रवार को सपा से टिकट मिलने की उम्मीद न पूरी होने के बाद आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने भी नगीना से पर्चा भर दिया है।

एक नजर

मोहनलालगंज से बसपा ने उतारा राजेश कुमार जाटव को

अमृत विचार,लखनऊ: लोकसभा चुनावों में बसपा ने मोहनलाल गंज सीट पर राजेश कुमार जाटव उर्फ़ मनोज प्रधान को प्रत्याशी बनाया है। प्रभारी भीम राव आंबेडकर ने बताया कि बसपा से ज़िला पंचायत का चुनाव लड़ चुके हैं पूर्व प्रधान राजेश कुमार की क्षेत्र में खासी पकड़ है। मायावती की सहमति के बाद उनके नाम की घोषणा की गई है। मालूम हो कि मंडल स्तर पर बसपा ने अब तक 14 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा हो चुकी है। इनमें पांच मुस्लिम, चार ब्राह्मण जबकि एक-एक जाट, गुर्जर,ओबीसी क्षत्रिय और दलित है। इनमें कानपुर से कुलदीप भदौरिया उर्फ सचिन, अकबरपुर से राजेश द्विवेदी, बागपत से प्रवीण बैंसला और मेरठ से देवव्रत त्यागी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

मुख्यमंत्री के प्रयासों से मेघालय में अपहरणकर्ताओं से मुक्त हुआ लखनऊ का अखिलेश

पत्नी और बेटे ने योगी से मिलकर जताया आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मेघालय में अपहृत लखनऊ निवासी अखिलेश सिंह चौहान के सकुशल मुक्त हो जाने के बाद अखिलेश की पत्नी शीला सिंह चौहान और पुत्र सूरज चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके आभार जताया। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर मिलने आए अखिलेश के परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है।

बता दें कि लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी अखिलेश सिंह चौहान (मैकेनिक एवं सुपरवाइजर) मेघालय के साउथ गारो हिल्स में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत हैं। अपराधियों ने उनका अपहरण करके 50 लाख की फिरौती मांगी थी।

मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के दौरान पुत्र सूरज के साथ शीला। अमृत विचार

योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए गुरुवार शाम मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से बात की और अखिलेश को मुक्त कराने का आग्रह किया।

योगी आदित्यनाथ ने मेघालय के मुख्यमंत्री से गुरुवार को की थी बात

इसके बाद हरकत में आई मेघालय पुलिस ने दक्षिण गारो हिल्स (बाघमारा) जिले के जंगल से अखिलेश को सकुशल बरामद करते हुए दो अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गये दोनों अपहरणकर्ता पुल निर्माण कंपनी से अखिलेश की रिहाई के बदले 50 लाख रुपए वसूलना चाहते थे।

पराली अब समस्या नहीं, आमदनी का जरिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ: फसल काटने के बाद किसान और पर्यावरण के लिए समस्या बनीं पराली अब आमदनी और ऊर्जा का जरिया बन रही है। यह संभव हो रहा है सीबीजी (कम्प्रेस्ड बायो गैस) प्लांट से। शासन का कहना है कि प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। आने वाले समय में प्रदेश में इनकी संख्या बढ़कर सौ हो जाएगी। सरकार धान की पराली को बायो कंपोस्ट में बदलने के लिए 17 लाख किसानों को बायो डीकंपोजर भी उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आने वाले समय में प्रदेश में सीबीजी प्लांट की वर्तमान संख्या दस को सौ के आंकड़े तक ले जाने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं। उप्र राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 का जो ड्राफ्ट तैयार किया है, उसमें कृषि अपशिष्ट आधारित बायो सीएनजी, सीबीजी इकाइयों को कई तरह के प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। सरकार की मंशा हर जिले में सीबीजी प्लांट लगाने की है। इसी कड़ी में बीते दिनों गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का शुभारंभ हो चुका है। सीबीजी प्लांट में पराली से ईंधन तैयार हो रहा है और ईंधन बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में किसानों से उनकी पराली खरीदी जा रही है।

राज्य में आने वाले समय में होंगे 100 सीबीजी प्लांट

इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन पराली यानी कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा।

बनता है 18 क्विंटल भूसा

उप्र पशुधन विकास परिषद के पूर्व जोनल प्रबंधक डा. बीके सिंह के मुताबिक प्रति एकड़ डंठल से करीब 18 क्विंटल भूसा बनता है। सीजन में भूसे का प्रति क्विंटल दाम करीब 400 रुपये माना जाए तो डंठल के रूप में 7200 रुपये का भूसा नष्ट हो जाता है। बाद में यही चारा संकट का कारण बनता है।

चुनाव संग बजट खर्च पर भी पसीना बहा रहे अधिकारी

राजनीतिज्ञों से कम नहीं है मार्च महीने में शासन की चुनौतियां

आचार संहिता के बाद औद्योगिक परिदृश्य बदलने को दिए गए 1050 करोड़ रुपये

लोक निर्माण विभाग से 49 शासनादेश जारी, सभी जिलों को भजे गए अरबों रुपये

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: चुनाव आचार संहिता के बाद शासन-प्रशासन की चुनौतियां राजनीतिज्ञों से कम नहीं है। वित्तीय साल का आखिरी माह होने से उनपर दोहरी जिम्मेदारी है। स्वीकृत बजट में अव्वल नहीं आए तो, चुनाव बाद मुख्यमंत्री की समीक्षाएं कार्रवाई का सबब बन सकती हैं, जबकि चुनाव दौरान आचार संहिता और व्यवस्थाओं में ढिलाई होने पर चुनाव आयोग नहीं छोड़ेगा।

शासन की ओर से रोजाना जारी हो रहे शासनादेशों पर गौर करें तो, पहले की तुलना में कार्य की गति तेज ही दिखेगी। औद्योगिक विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है, 16 मार्च को चुनाव की तिथियों के एलान से अबतक सात शासनादेशों के जरिए 1050 करोड़ से अधिक धनराशि जारी हो चुकी है।

सबसे अहम मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण/नए उद्योग क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के लिए यूपीडा को सर्वाधिक 957 करोड़ 33 लाख रुपये भेजे गए हैं। शखए अलावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे परियोजना को 30 करोड़ और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को 66.27 करोड़ दिए गए हैं। साथ ही, उप्र स्टेट स्पिनिंग कं. लि. कानपुर की बंद इकाईयों की सुरक्षा, कर्मचारियों के वेतन आदि के लिए 2 करोड़ 13 लाख 32 हजार जारी हुए हैं। इंवेस्ट यूपी को स्वीकृत 30 करोड़ की धनराशि से पांचवी किश्त 5 करोड़ दी गई है, जल्द ही आखिरी किश्त भी जी जाएगी। शासन के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि सभी धनराशि मार्च में खर्च करना अनिवार्य है, इसलिए चुनावी व्यस्तता के बावजूद पूरी ताकत झोंकी जा रही है।

करीब 300 करोड़ की धनराशि

लोक निर्माण विभाग की बात करें तो, आचार संहिता के बाद से अबतक कुल 49 शासनादेश जारी हुए हैं। इनके जरिए स्वीकृत किए गए नए-पुराने कार्यों के लिए करीब 300 करोड़ की धनराशि जारी हुई है। शायद ही कोई जिला छूटा हो, जहां सड़कों को दुरुस्त करने से लेकर चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के काम तेजी से न चल रहे हों। अयोध्या में 21 मार्च को प्रवेश द्वार के लिए अंबेडकरनगर मार्ग पर 9 करोड़ और रायबरेली मार्ग पर 9 करोड़ के साथ ही दर्शननगर उपरिगामी सेतु के लिए 13.48 करोड़ दिए गए हैं। लखनऊ में कानपुर मार्ग पर रेल उपरिगामी सेतु के लिए 19.50 करोड़ और अर्जुनगंज में मरीमाता मंदिर के पास एलिवेटेड चार लेन फ्लाईओवर के लिए 44.43 करोड़ दिए गए हैं। शासन धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण को भी प्राथमिकता दे रहा है। 20 मार्च के एक आदेश के जरिए 1246 मार्गों के निर्माण समेत करीब 1500 से अधिक मार्गों का काम पूरा करने लिए भारी-भरकम धनराशि शासन ने लोक निर्माण विभाग को भेजी है।

केवल नई घोषणाएं और नीतिगत निर्णय नहीं हो रहे हैं, बाकी लक्ष्य शासन तेजी से पूरा करने में जुटा है। राजस्व विभाग में राहत-बचाव पर फोकस है, बजटीय कार्य हो रहे हैं। कलेक्ट्रेट से लेकर वेतन और प्रशासनिक कार्य प्राथमिकता में है। अफसरों के पास आने वाली आमजनता की समस्याएं भी प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश हैं।

पी गुरुप्रसाद, प्रमुख सचिव राजस्व

मतदेय स्थलों पर गर्मी व लू से बचाव के होंगे इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (जिलाधिकारी) के निर्देश दिए कि तेज धूप और लू से बचने के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल के सामने छाया की व्यवस्था हो, पर्याप्त संख्या में कुर्सी व दरी की व्यवस्था की जाए, जिससे मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों और दिव्यांगजनों को मतदान हेतु प्राथमिकता दी जाए। हीट स्ट्रोक के बारे में मतदान कार्मिकों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

श्री रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने और अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के मध्य भीषण गर्मी/लू/हीट वेव की सावधानियों एवं जागरुकता सुनिश्चित करने को कहा है। बताया कि मतदान दिवस 19 अप्रैल, 2024 से 1 जून, 2024 के दौरान भीषण गर्मी पड़ने की सम्भावना है। गर्मी से बचने के लिए पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर पूर्ण सावधानी बरतें। इस दौरान सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। तेज धूप से बचाव हेतु टोपी, छाता एवं सर को ढ़कने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पानी की बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग करें।

बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मतदान के लिए प्राथमिकता दी जाए: रिणवा

मतदान के लिए जरूर लाएं पहचान पत्र

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपेक्षा की है कि मतदान के लिए मतदेय स्थल पर आते समय अपनी मतदाता पर्ची, फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र अथवा अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र अवश्य साथ में लाएं, जिससे मतदान की प्रक्रिया शीघ्रता से सम्पन्न हो सके। मतदान दिवस को तेज धूप निकलने से पहले ही मतदाता अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुचकर मतदान करें। तेज धूप से बचने व सर को ढ़कने के लिए सूती गमछा या छाते का प्रयोग अवश्य करें।

1264 कारतूस, 87 बम बरामद

अमृत विचार। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता अनुपालन के दौरान अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 27,08,222 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 176 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 461 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने एवं अन्य मामलों में 06 एफआईआर दर्ज की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सघन जॉच के लिए 508 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1746 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा 21 मार्च तक 2,85,143 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा आपराधिक व्यक्तियों के 281 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 3,482 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 6,71,820 लोगों को पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 1308 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 1264 कारतूस, 06 किग्रा विस्फोटक व 87 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 204 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 40 केन्द्रों को सीज किया गया। बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 21 मार्च तक कुल 7052.48 लाख रुपए कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। 21 मार्च को जनपद प्रयागराज की हण्डिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 52.19 लाख रुपये कीमत की 71.50 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। जनपद मथुरा की छाता विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.32 लाख रुपये कीमत की 4500 ली मदिरा पकड़ी गई। प्रदेश स्तर पर 1904 उड़न दस्ते और प्रवर्तन एजेन्सियों के 732 दल 24 घंटे निगरानी के लिए क्रियाशील है।

सीबीआई कोर्ट ने षड़यंत्र के आरोपी को सुनाई पांच वर्ष की सजा

अमृत विचार, लखनऊ: विशेष न्यायाधीश सीबीआई ने शुक्रवार को डीआरएम कार्यालय वाराणसी में तैनात रहे फिटर ग्रेड-1 को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाते हुए पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 55 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 18 दिसंबर 2007 को आरोपी पीके दत्ता के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। आरोप थे कि जनवरी 2006 से जून 2007 के दौरान, तत्कालीन फिटर ग्रेड-1 ने अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचा एवं मैसर्स विनटेक इंजीनियरिंग व मैसर्स न्यू टेक एंटरप्राइजेज के नाम पर प्रस्तुत वाहन मरम्मत के फर्जी और जाली बिल धोखाधड़ी से तैयार कर स्वीकृत कराए। इस प्रकार, आरोपी ने कथित तौर पर रेलवे को 20 लाख 29 हजार की हानि हुई एवं आरोपी ने स्वयं को इसी अनुरूप लाभ पहुंचाया। जांचोपरांत 27 जनवरी 2009 को आरोप पत्र दायर किया गया। पीके दत्ता के विरुद्ध दिनांक 16 जनवरी 2012 को आरोप तय किए गए। एक फरार आरोपी के विरुद्ध मामले की फाइल दिनांक 18 जनवरी 2024 से अलग कर दी गई है। आरोपी पीके दत्ता को दोषी पाते हुए अदालत ने पांच वर्ष की सजा सुनाई है।

रोहिंग्याओं की घुसपैठ कराने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी एटीएस ने प्रदेश में घुसपैठ कराने के मुख्य आरोपी को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लिया है। एटीएस अफसरों के मुताबिक आरोपियों द्वारा घुसपैठ कराने में शामिल सात अन्य लोगों को विगत तीन महीने में गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें से तीन बांग्लादेश के हैं। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी पर एटीएस ने 25 हजार का इनाम रखा हुआ था।

एटीएस अफसरों के मुताबिक रोहिंग्याओं की पहचान छिपाकर उनका फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार किया जा रहा था। घुसपैठियों के रुकने की और उनके खर्च की भी व्यवस्था गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन द्वारा की जा रही थी। एटीएस को जब इसकी भनक लगी तो टीम ने मिलकर इन तथ्यों को भौतिक और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस द्वारा विकसित किया। पुष्टि हुई कि यूपी में ऐसा सिंडीकेट सक्रिय है जो घुसपैठ कराकर देश में राष्ट्रविरोधी गतिविधि करा रहा है और घुसपैठियों के पैर पसारने की पूरी व्यवस्थाएं कर रहा है। एटीएस ने अभियान चलाते हुए इस कार्य में लिप्त सात अन्य लोगों को विभिन्न तिथियों में गिरफ्तार किया। इसके बाद इन आरोपियों के खिलाफ जालसाजी से जुड़े गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराकर जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपी: अदिदुल रहमान, निवासी ढाका, तानिया मंडल, निवासी पिरोजपुर,इब्राहिम खान, निवासी बाग्लादेश,मो. अब्दून अव्वल, निवासी गोलपारा और नार्थ 24 परगना, प. बंगाल के निवासी अबु हुरैरा गाजी, शेख नजीबुल हक और अबू सालेह मंडल।

बाघ को लेकर संशय

2017 से वेल्लूर में सक्रिय था कफीलुद्दीन

मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन 2017 से वेल्लूर, तमिलनाडु मे रह रहा था। कफीलुद्दीन हाली शहर चिटगांव, बांग्लादेश का मूल निवासी है। तमिलनाडु में रहते हुए कफीलुद्दीन का परिचय शेख नजीबुल हक (पूर्व में गिरफ्तार) से हुआ था। शेख नजीबुल हक द्वारा उपलब्ध कराए गए धन से कफीलुद्दीन द्वारा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा था।

सपा प्रत्याशी मनोज सहित चार ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप्र. के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 20 मार्च को अधिसूचना जारी होने के तीसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न दलों के 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

पहले चरण के 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत शुक्रवार को नगीना-5 (अनु.जाति) लोकसभा सीट के लिए आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के चन्द्रशेखर और समाजवादी पार्टी के मनोज कुमार ने नामांकन किया।

इसी तरह मुरादाबाद-6 लोकसभा सीट के लिए सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हर किशोर सिंह और रामपुर-7 लोकसभा सीट के लिए राष्ट्रीय समाज दल (आर) से संजय कुमार भारती ने नामांकन दाखिल किया। ऐसे में अब तक विभिन्न दलों के कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा प्रथम चरण में नामांकन किया गया है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च (बुधवार) निर्धारित है। 28 मार्च (बृहस्पतिवार) को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। प्रत्याशियों द्वारा 30 मार्च, (शनिवार) तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार) को मतदान होगा।

लोस क्षेत्र नगीना में दो मुरादाबाद और रामपुर में एक प्रत्याशी ने किया नामांकन

हताशा से तानाशाही पर उतरी मोदी सरकार

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार हार की हताशा में प्रतिपक्षी दलों से प्रतिशोध ले रही है। इंडिया गठबंधन दल की बुनियाद बनते ही भाजपा को इस बात का आभास हो गया था कि देश के संसाधनों की लूट और प्रजातंत्र को बचाने के लिए प्रतिपक्षी दलों का एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन बना गया है। राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि इस गठबंधन दल के लोगों को प्रताड़ित करके इंडिया गठबंधन में जाने से रोका जाये या ईडी, सीबीआई और आईटी के माध्यम से इन दलों के नेताओं का मनोबल तोड़ा जाये।उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजा जाना इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि जो इंडिया के गठबंधन दल में शामिल होगा और जो मोदी के आगे नहीं झुकेगा उसे जेल भेज दिया जायेगा।

वर्ग पहेली-18

बाएं से दाएं

1. अमित होने की अवस्था या भाव, असीमता, अनंतता।
4.1. खड़ की लगातार ध्वनि होना 2. सूखे पत्तों के आपस में टकराने की ध्वनि।
5. मालगाड़ी का डिब्बा।
7.1. पुदीने की जाति का एक पौधा 2. उक्त पौधे की पत्तियों का सत्व जो औषधि बनाने के काम आता है।
8.1. स्रोत, पानी का चश्मा या सोता 2. यथार्थ, वास्तविक, वाकई 3. नेत्र, नयन, आंख।
9. डांटने की क्रिया, घुड़कना।

ऊपर से नीचे

1.1. नीचा, झुका हुआ, नत 2. गिरा हुआ, पतित, अधोगत 3. अस्त होता हुआ 4. नम्र, विनीत।
2.1. झड़ने की क्रिया या भाव 2. झड़ने या झाड़ने से गिरी हुई चीज़।
3. वह बर्तन जिससे खेत का पानी बाहर उलीचते हैं या बाहर का पानी खेत में भरते हैं, ओलचा।
4. गले में पहनने का आभूषण, हंसुली।
6.1. अनर्गल प्रलाप, बकवास 2. बदतमीज़ी, अशोभन बातें 3. अप्रासंगिक, क्रमहीन।
7.1. आच्छादित करने की क्रिया 2. ढक्कन 3. आवरण 4. तलवार की म्यान 5. परदा 6. दरवाज़ा।



वर्ग पहेली -17 का हल

	1 औ				2 वा	णी
	ष			3 लु		
	धा		4 अ	भा	षि	5 त
	6 ल	च	क	ना		द
7 पे	य		ड़			बी
टि				8 रो	ल	र
9 का	दं	बि	नी			

सुडोकू-97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9				6		
5					9		1	
7		8		4				2
		3	6		8		4	
		7				8		
	2		5		3			
4				1				8
	3		2				5	
		6				9		

सुडोकू -96 का हल

9	1	4	6	2	8	5	7	3
3	2	6	9	7	5	4	8	1
8	7	5	1	3	4	9	2	6
6	9	7	8	4	1	2	3	5
4	8	2	5	6	3	7	1	9
1	5	3	2	9	7	6	4	8
7	6	8	3	5	2	1	9	4
5	4	1	7	8	9	3	6	2
2	3	9	4	1	6	8	5	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-त्रयोदशी 07.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी पूर्ण रात्रि।

मेष: आज धन के लेन-देन को लेकर थोड़ा विवाद हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे। नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपसे काफी खुश रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

वृष: आज घर की आंतरिक सज्जा में सुधार करने की योजना बनाएंगे। साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

मिथुन: आज किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। आप परोपकार को काफी महत्व देंगे। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं।

कर्क: आज अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं। दोस्तों के साथ आपकी समस्याओं को साझा करेंगे। लोन से जुड़ा हुआ काम अटक सकता है। कोई नजदीकी व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। इसीलिये सावधान रहना चाहिए।

सिंह: आज बॉस आपके प्रदर्शन से बहुत खुश होगा और आपको शाबाशी दे सकते हैं। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी। आपको सामाजिक कार्यों से काफी यश प्राप्त होगा। बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे।

कन्या: आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है। अधिकारियों से बहसबाजी न करें। महंगी वस्तुओं की खरीदारी से आपके बजट पर असर पड़ने की संभावना है।

तुला: आज आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी सफलता मिल सकती है। व्यवसाय में ग्राहक आपसे काफी खुश रहेंगे।

वृश्चिक: आज सभी कार्यों को सावधानी पूर्वक करने का प्रयास करें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। जल्दबाजी के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

धनु: आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ मौज मस्ती भरा समय बिताएंगे। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। बुद्धि और विवेक से निर्णय लेंगे।

मकर: आज संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। विवाहेतर संबंधों से बचने का प्रयास करें। दूसरों की बातों में न आएं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए। कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं।

कुंभ: आज कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सांयकाल पुराने मित्रों के साथ ग्रुप चर्चा कर सकते हैं। साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

मीन: आज आपसी संबंधों को खट्टा न होने दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। पैरों में थकावट जैसी अनुभूति हो सकती है। ऑफिस के कार्यों में अपनी दक्षता का परिचय देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शान
सुबह : 09.52
अनाड़ी
रात : 07.00

SONY PIX
इट
सुबह : 09.28
टर्मिनेटर 3
रात : 09.00

SONY MAX
पीकू
सुबह : 10.48
आंख मिचौली
रात : 07.00

ZEECINEMA
अतीत
सुबह : 09.15
करन अर्जुन
रात : 08.20

colors CINEPLEX
ताली
दोपहर : 12.00
फिर हेरा फेरी
रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी दौड़ा-दौड़ा डॉक्टर के क्लीनिक में पहुंचा और घबराए स्वर में बोला-डॉक्टर साहब ! प्लीज मेरी जान बचा लीजिए।
डॉक्टर- क्या हुआ?
आदमी-मेरे मुंह में छिपकली घुस गई है।
डॉक्टर हैरान होकर बोला- क्या? जब छिपकली तुम्हारे मुंह में घुस रही थी तब तुमने मुंह बंद क्यों नहीं किया?
आदमी-दरअसल,मैंने सोचा कि पहले जो कॉकरोच मेरे मुंह में घुसा था ,उसे पकड़कर वह वापस आ जाएगी।

लड़की- तू इतना अच्छा है,फिर तेरी कोई गर्लफ्रेंड क्यों नहीं?
लड़का-तू बन जा
लड़की-नहीं, तू तो मेरा बेस्ट फ्रेंड है।
लड़का- बस इसलिए नहीं है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2575
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000 -2100
ज्वार	2600 -4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000 -2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5800 -5900
अरहर	7500 -8000
मसूर	5500 -5600
मटर	3700 -4000
उड़दहरा	10000 -10200
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14500-14700
अरहरस्पेशल1	12200-12300
चनादाल	7100-7200
मटरदाल	4850-4950
मसूरमलका	7000-7100
मसूरदाल	7100-7200
उड़ददाल	9000- 12000
उड़द धोवा	10500- 13000
मूँगदाल	8800 -10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	6500 - 7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1450-1500
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4800-5100
अलसी	4500 -4600 रुपये।

2025 में भारत का परिदृश्य सकारात्मक होगा

वित्त मंत्रालय ने निजी निवेश में बढ़ोतरी के चलते आर्थिक समीक्षा में जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया कि सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है।

मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। समीक्षा में कहा गया कि कुल मिलाकर, भारत को वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत सकारात्मक रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग निर्माण गतिविधियों के लिए अच्छा संकेत है।

आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने वर्ष 2024 25 के लिए बजट को दी मंजूरी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2024-25 के लिए बजट को भी मंजूरी दी। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 607वीं बैठक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में नागपुर में संपन्न हुई। आरबीआई ने कहा-निदेशक मंडल ने भू-राजनीतिक विकास और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। इसके अलावा, निदेशक मंडल ने आरबीआई की गतिविधियों पर भी चर्चा की। इनमें चालू लेखा वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता में हुई प्रगति शामिल है। बैठक में केंद्रीय निदेशक मंडल के निदेशक सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, वेणु श्रीनिवासन और रवींद्र एच ढोलकिया शामिल हुए।

ई-कॉमर्स मंचों पर भी छा गया आम चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- **विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल ऑनलाइन सबसे ज्यादा देखा जा रहा**

भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे।

एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए। उन्होंने कहा-जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।

विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है। उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है। इस प्रवृत्ति पर समाचार एजेंसी द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। वहीं आपूर्तिकर्ता ने कहा कि पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,800
गिन्नी (प्रति नग)	50,500-50,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	66,000
सोना जेवरात गिन्नी	65,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	66,200
चांदी आभूषण	74,500।

डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था। इस दौरान जमा किए गए सबूतों के आधार पर यह फैसला किया गया है।

सोने के भाव में 875 और चांदी में 760 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर की गिरावट है।

नीति आयोग ने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर दिया जोर

नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक टन कृषि फसल पैदा करने के लिए कई विकासशील देशों के मुकाबले 2-3 गुना अधिक पानी का उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि कई विकसित और विकासशील देशों ने कृषि क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन पर जोर दिया है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा विश्व जल दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया। कहा कि बढ़ती जनसंख्या और आय वृद्धि के कारण भोजन और पानी की मांग बढ़ रही है।

जेनएआई में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह बदलने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पीडब्ल्यूसी इंडिया ने रिपोर्ट में जताया अनुमान**

उत्पादक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनरेटिव-एआई) में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह से बदलने की क्षमता है जो चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज करने की दक्षता में सुधार कर सकती है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

'भारतीय स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र पर जेनएआई के प्रभाव का आकलन' शीर्षक वाली वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जेनएआई का उपयोग करने वाले अग्रणी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा शामिल है और इस नवाचार का उद्योग पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है। वित्त, ई-कॉमर्स और विनिर्माण जैसे भारतीय उद्योग परिचालन दक्षता बढ़ाने और प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए धीरे-धीरे जेनएआई एवं अन्य एआई तकनीकों को अपना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक-स्वास्थ्य सेवा में जेनएआई उन्नत विश्लेषण को बढ़ा सकता है और रोगियों के लिए नैदानिक सिफारिशों को बेहतर बना सकता है। भारत में 2021-23 के बीच जेनएई स्टार्टअप की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है।

राष्ट्रीय

बुरा न मानो होली है...

अमृतसर के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में शुक्रवार को छात्रों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बसंत उत्सव की बधाई दी। ● एजेंसी

द्रमुक नेता पोनमुडी को राज्यपाल रवि ने मंत्री पद की दिलाई शपथ

चेन्नई। उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के एक दिन बाद द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। पोनमुडी ने 19 दिसंबर 2023 को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दोषी करार दिये जाने पर मंत्री पद गंवा दिया था। इसके तीन महीने बाद वह फिर से तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री बनाये गए हैं। राजभवन में एक सामारोह में रवि ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन तथा उदयनिधि स्टालिन और मा सुब्रमण्यन सहित अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में पोनमुडी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पोनमुडी को उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है,जो संक्षिप्त अवधि के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्री आर एस राजाकनप्पन के पास था।

परामर्श प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश तय करेंगे

सभी राज्यों के लिए उच्चतम न्यायालय ने संबंधित मामले में दायर याचिका पर की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

मप्र में लोकायुक्त की नियुक्ति मामला

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह सभी राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्रियों, संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों तथा नेता प्रतिपक्षों द्वारा अनुसरण की जाने वाली परामर्श प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश तय करेगा।

शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया कि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से परामर्श नहीं किया गया था। इस मुद्दे के देशव्यापी प्रभाव के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ प्रक्रियागत तौर-तरीके तय करने होंगे। पीठ ने कहा-देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस न्यायालय के लिए ऐसे मामलों में प्रभावी परामर्श के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करना उचित होगा। न्यायालय ने कहा कि इसका देशव्यापी प्रभाव है कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। इसने कहा-यद्यपि कानून में यह प्रावधान है कि नेता प्रतिपक्ष भी एक सदस्य होगा, लेकिन फिर भी परामर्श प्रक्रिया के तौर-तरीके तय करने होंगे और आपको उस व्यक्ति (नेता प्रतिपक्ष) को कम से कम नामों पर विचार विमर्श के लिए एक अवसर देना ही होगा। शीर्ष अदालत नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) कांग्रेस के उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

कपिल सिब्बल ने नियुक्ति को मजाक बताया

सिंघार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का 'पूरी तरह से मजाक' बताया, क्योंकि इसके लिए कोई परामर्श नहीं किया गया था। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेज दी गई। सिंघार ने मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 का हवाला देते हुए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाती है। उन्होंने कहा था, इसलिए, संबंधित अधिनियम की धारा-तीन के अनुसार, नियुक्ति करने से पहले राज्य सरकार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के बीच उचित परामर्श किया जाना आवश्यक था।

एक नजर

चेन्नई में विस्फोट से एक किशोर की मौत

चेन्नई। 12वीं कक्षा के 17 वर्षीय एक छात्र की अपने आवास पर कुछ रसायनों के साथ प्रयोग करने के दौरान हुए विस्फोट में मौत हो गई। पुलिस ने बताया-छात्र कोलाथुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत आने वाले एक निजी स्कूल में पढ़ता था। अपनी पढ़ाई संबंधी रुचि के चलते यह प्रयोग किया था, लेकिन उसमें विस्फोट हो गया। पुलिस के द्वारा बृहस्पतिवार को जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस घटना के बाद विशेषज्ञ छात्र द्वारा इस्तेमाल किए गए रासायनिक पदार्थ की जांच कर रहे हैं। इसमें कहा गया-ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ित ने अपनी शैक्षणिक रुचि के चलते अपने घर पर लापरवाही के साथ कुछ प्रयोग किए थे।

भाजपा नेता ने किया संदेशखालि का दौरा

कोलकाता। उत्तरी 24 परगना जिले के हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा करने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में पूर्ण अराजकता है। इस दौरे के दौरान घोष ने 25 से अधिक महिलाओं से बातचीत की जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के गुर्गों द्वारा कई वर्ष तक किये गये शारीरिक उत्पीड़न की कहानी बयां की। शेख फिलहाल जेल में बंद है।

प्रधानमंत्री मोदी की वजह से फिर टल गई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

नई दिल्ली, अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दिल्ली से बाहर हैं, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला नहीं हो सका। अनुमान है कि रविवार को भूटान से लौटने के बाद मोदी की उपस्थिति में चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें लगभग सभी नाम घोषित कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को तमिलनाडु के 14 व पुद्दुचेरी के एक उम्मीदवार की एक सूची और जारी की गई है। भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को दिनभर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री एवं विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्री व टिकट दावेदारों से विचार-विमर्श चलता रहा। उत्तर प्रदेश की 24 सीटों को लेकर भाजपा सूत्रों से पता चला है कि प्रधानमंत्री के आने के बाद ही इन सीटों के उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

ए राजा, अन्य खिलाफ की गई अपील पर सुनवाई करेगी कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

2जी स्पेक्ट्रम घोटाला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले के मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री ए. राजा और अन्य को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील को शुक्रवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि उपलब्ध सामग्री और विभिन्न पक्षों के वकीलों की दलीलों के आधार पर सीबीआई ने प्रथम दृष्टया एक मामला बनाया है और सभी साक्ष्यों के गहन अध्ययन की तथा अपीलों पर विस्तार से सुनवाई की जरूरत है।

न्यायाधीश ने कहा, '' अपील की अनुमति दी जाती है। अपील को मई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।'' 'अपील की अनुमति' अदालत द्वारा किसी पक्ष को किसी फैसले के खिलाफ किसी उच्च अदालत में अपील करने के लिए दी गई औपचारिक मंजूरी है। उच्च न्यायालय ने सीबीआई की छह साल पहले दायर 'अपील की अनुमति' याचिका पर यह फैसला सुनाया। सीबीआई ने 2018 में अपील दायर की थी। इस पर न्यायाधीश ने 14 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। विशेष अदालत ने 21 दिसंबर, 2017 को राजा, द्रमुक सांसद कनिमोई और अन्य को 2जी घोटाले से मामलों में बरी कर दिया था।

हिमाचल में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले तीन विधायकों ने दिया इस्तीफा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में हालिया राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। निर्दलीय विधायकों में से एक ने संवाददाताओं से कहा कि वे भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा (हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र), होशियार सिंह (देहरा) और के एल ठाकुर (नालागढ़) ने शुक्रवार को शिमला में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर से मुलाकात की और उसके बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया। होशियार सिंह ने संवाददाताओं से कहा-हमने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हम भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

गिरफ्तारी से पहले अब तक पांच मुख्यमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- **अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर बड़ा सवाल**

अमृत विचार: शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। इस देश में अब तक विभिन्न आरोपों के तहत पांच मुख्य मंत्री गिरफ्तारी से पहले राज्यपाल को इस्तीफा दे चुके हैं। मगर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे।

कानूनविदों ने अपनी अलग-अलग राय व्यक्त करते हुए कहा है कि अभी तक जितने भी नेता गिरफ्तार हुए हैं, उनसे इस्तीफा लेने की एक परंपरा है। मगर बहुत कुछ निर्भर करता है कि संबंधित अदालत और उप राज्यपाल क्या फैसला लेते हैं।

भाजपा नेता उमा भारती सन 2003 में मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं। गैर जमानती वारंट के मामले पर धारवाड़ (कर्नाटक) जिले की एसपी डी रूपा उनको गिरफ्तार करने भोपाल पहुंच गई थी। जिसके चलते उमा भारती को भी 23 अगस्त 2004 में इस्तीफा देना पड़ा था।

झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ रक्षा जमीन में घोटाला करने का आरोप था। जांच के दौरान उन्हें समन भेजा गया और उन्होंने गिरफ्तारी से पहले 31 जनवरी 2024 को राज्यपाल को इस्तीफा दे दिया था।

चर्चित चारा घोटाला के आरोप में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को भी जेल जाना पड़ा था। जेल जाने से पहले 25 जुलाई 1997 को उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के ऊपर बेनामी संपत्ति और आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगा था उन्होंने भी अपनी गिरफ्तारी से पहले 5 दिसंबर 1996 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था।

उल्लेखनीय है कि सन 2011-12 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़कर अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार को घेरा था। कॉमनवेल्थ खेल आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाडी को भी जेल जाना पड़ा था। मगर अब शराब घोटाला एवं मनी लांड्रिंग के आरोप में केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं। केजरीवाल इस्तीफा देंगे या नहीं? इस सवाल पर सर्वोच्च न्यायालय एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के वकीलों की भी एक राय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विराग गुप्ता कहते हैं कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सरकार चला सकते हैं और समय-समय पर अपनी कैबिनेट एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दे सकते हैं। लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की इजाजत उन्हें न्यायालय से लेनी पड़ेगी। वहीं दूसरी तरफ सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह कहते हैं कि अभी तक संविधान की शपथ लेने वालों को यह छूट नहीं मिली है कि यदि किसी मामले में वे गिरफ्तार होते हैं तो उन्हें पद पर बने रहने दिया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एसक्यू काजिम का स्पष्ट मत है कि संविधान में ऐसी व्यवस्था है कि किसी भी जन प्रतिनिधि को तब तक अपने पद पर बने रहना चाहिए जब तक उसे आरोपित मामले में दोषी करार नहीं दिया जाता है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजीव वशिष्ट कहते हैं कि न्यायालय में विचाराधीन किसी भी अभियुक्त को यह छूट नहीं मिली है कि उसे गिरफ्तार किया गया हो और उसे अपने सरकारी पद पर बने रहने दिया गया हो। वशिष्ठ ने जन प्रतिनिधि कानून का भी जिक्र किया है। जिसके तहत नैतिकता के आधार पर किसी भी नेता को अदालत से बरी होने तक अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

बालाजी की याचिका पर 28 को फैसला सुनाएगी अदालत

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत द्वारा धन शोधन मामले में आरोपमुक्त करने से संबंधित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की याचिका पर 28 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में 14 जून 2023 को सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था। यह घोटाला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान का है जब वह परिवहन मंत्री थे। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने शुक्रवार को 28 मार्च के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया है।

एक नजर

अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' की लॉन्चिंग स्थगित

चेन्नई। स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीकी समस्या के कारण पहले राकेट की लॉन्चिंग को स्थगित कर दिया है। कंपनी ने गुरुवार को स्थगित किए जाने की जानकारी दी। मिशन अग्निबाण एसओआरटीईडी' (सब आर्बिटल टेक्नोलाजी डिमान्स्ट्रेटर) को 22 मार्च को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो परिसर में स्थित अग्निकुल के प्राइवेट लांच पैड से लांच करने की योजना थी। प्रेस सूचना ब्यूरो की ओर से बताया गया है कि लांच की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस राकेट में दुनिया का पहला 3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक राकेट इंजन है। हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस 2022 में अपने पहले राकेट विक्रम-एस की लॉन्चिंग की थी।

आईसीपीएफ व एम्स ने दिल्ली में लगाए सर्वाइकल कैंसर के टीके

नई दिल्ली। दिल्ली में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यौन शोषण से पीड़ित लड़कियों का निशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया गया। शिविर का आयोजन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) और एम्स द्वारा किया गया। शिविर में नौ से 14 वर्ष के बीच की 135 लड़कियों को टीका लगाया गया। चिकित्सकों के अनुसार यौन शोषण की शिकार बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर के खतरे की आशंका ज्यादा होती हैं, लेकिन इसके बचाव के लिए लगाया जाने वाला एचपीवी का टीका काफी महंगा आता है। दुनियाभर में कैंसर की शिकार महिलाओं का एक चौथाई हिस्सा सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित है।

150 मिसाइल व ड्रोन से रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला

कीव। रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। उसने यूक्रेन के जपोरीजिया स्थित विशाल बांध को निशाना बनाने के लिए 150 मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि, बांध टूटा नहीं है, लेकिन इसके चलते यूक्रेन के लाखों लोग बिजली के बिना अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। इस हमले में कम से कम पांच लोगों की जान गई है। रूस ने जपोरीजिया के सबसे बड़े बांध डिनिप्रो एचईएस को निशाना बनाया है। पश्चिमी देशों से और वायु सुरक्षा प्रणाली की सुविधा की मांग करने वाले यूक्रेन ने कहा कि रूसी हमले से सात रीजन में ब्लैकआउट जैसी स्थिति हो गई।

पाकिस्तान: पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी अवैध : सुप्रीम कोर्ट

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने देश की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के खिलाफ भाषण देने के लिए कई साल पहले हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी को शुक्रवार को अवैध घोषित कर दिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शौकत अजीज सिद्दीकी को रावलपिंडी बार एसोसिएशन में दिए गए भाषण के लिए 11 अक्टूबर, 2018 को सर्वोच्च न्यायिक परिषद द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा बताते हुए बर्खास्त करने के आदेश को अवैध घोषित कर दिया।

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सीएम ममता बनर्जी बोलीं- लोकतंत्र पर खुलेआम हमला हो रहा

कोलकाता, एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार के बाद विपक्ष लगातार भाजपा पर निशाना साध रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की आलोचना की है। साथ ही इसे विपक्षी मुख्यमंत्रियों पर सोची-समझी कार्रवाई करार दिया।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख बनर्जी ने एलान किया कि 'इंडिया' ब्लॉक के प्रतिनिधि विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी पर अपनी आपत्ति जताने के लिए चुनाव आयोग से मुलाकात करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'मैं लोगों के द्वारा चुने गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना करती हूं। मैंने सुनीता केजरीवाल से संपर्क कर अपना अटूट समर्थन और एकजुटता व्यक्त की है। ममता बनर्जी ने निर्वाचित विपक्षी मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाए जाने की निंदा की। साथ ही इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि किस तरह सीबीआई और ईडी की जांच का सामना कर रहे लोगों को भाजपा में शामिल होने के बाद निर्दोष साबित कर दिया जाता है।

क्या है दिल्ली शराब घोटाला... जिसमें आप के कई नेता पहुंचे जेल

शराब घोटाले का खुलासा 8 जुलाई 2022 को दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट से हुआ था। इस रिपोर्ट में उन्होंने मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए गए। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की. इसके बाद सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को केस दर्ज किया। इसमें पैसों की हेराफेरी का आरोप भी लगा, इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए ईडी ने भी केस दर्ज कर लिया। रिपोर्ट में मनीष सिसोदिया पर गलत तरीके से शराब नीति तैयार करने का आरोप लगाया था।

136 करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी द. भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए।

2,873 करोड़ का नुकसान

शराब घोटाले में अब तक 6 चार्जशीट दाखिल हो चुकी हैं। इस घोटाले में गिरफ्तार होने वाले केजरीवाल 32वें आरोपी हैं। ईडी का दावा है कि शराब नीति से 2,873 करोड़ रु. का घाटा हुआ। आरोप है कि दक्षिण भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए 136 करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी। इसके एवज में 100 करोड़ रु. लिए गए। ईडी का दावा है कि इसमें बीआरएस नेता कविता भी शामिल थीं।

आप के 17 नेता जेल जा चुके

संजय सिंह : दिनेश अरोड़ा की गवाही पर अक्टूबर 23 में ईडी ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह के जरिए ही अरोड़ा की मुलाकात मनीष सिसौदिया से हुई थी। मनीष सिसोदिया : डिप्टी सीएम थे। 26 फरवरी 23 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। कथित शराब नीति का मसौदा तैयार करने और सबूत मिटाने का आरोप। सत्येंद्र जैन : स्वास्थ्य मंत्री थे। मई 22 में कथित हवाला में गिरफ्तार हुए। शराब नीति में भी पूछताछ। इनके अलावा, अमानतुल्ला खान, सोमनाथ भारती, संदीप कुमार, नरेश यादव, दिनेश मोहनिया, जगदीप सिंह, सुरिंदर सिंह, प्रकाश जरवाल समेत 14 और आप नेता जेल जा चुके।

2014 से अब तक ईडी के 95% केस विपक्षी नेताओं के खिलाफ

2014 से सितंबर 22 के बीच 121 बड़े नेता ईडी के राडार पर आए। इनमें 115 विपक्ष के। इनमें 24 कांग्रेस, 19 तृणमूल, 11 एनसीपी, 8 शिवसेना, 6 डीएमके, 6 बीजद, 5 राजद, 5 बसपा, 5 सपा, 5 टीडीपी, 3 आप, 3 आईएनएलडी, 3 वाईएसआरसीपी, 2 सीपीएल, 2 एनसी, 2 पीडीपी, 2 आईएनडी और 1 मनसे आदि का है। यूपीएकाल (2004 से 2014) में ईडी ने सिर्फ 26 नेताओं की जांच की थी। इनमें 14 विपक्षी थे।

मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

दोनों देशों के बीच रेल संपर्क बढ़ाने पर सहमति, कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

थिंपू (भूटान), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष बन गए हैं। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री मोदी दो दिन के भूटान दौरे पर हैं। शुक्रवार को वो राजधानी थिंपू के ताशिचो द्जोंग पैलेस पहुंचे। यहां उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए प्रधानमंत्री टोबगे को धन्यवाद दिया। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, पर्यावरण और वानिकी तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति बनाई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच दीर्घकालिक और अनूठे संबंध हैं।

टोबगे ने मोदी से कहा, स्वागत है मेरे बड़े भाई। भूटान के राजा द्वारा 'सर्वोच्च नागरिक सम्मान' से सम्मानित करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, आज एक भारतीय के नाते मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है, आपने मुझे भूटान के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता ही है लेकिन जब किसी अन्य देश से पुरस्कार मिलता है तो यह महसूस होता है कि हम दोनों देश सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मदद को बढ़ाए हाथ

भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा, पीएम मोदी को वे अपना बड़ा भाई कहते हैं। उन्होंने हमारी 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए अपना समर्थन और भारत सरकार की तरफ से सहायता की पेशकश की है। उन्होंने कहा भारत के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं।

भारतीय मूल के लोगों से मिले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने थिंफू में भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भारतीय मूल के लोगों ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से मिलकर बेहद खुशी हुई। पीएम मोदी से मिलने का मौका देने के लिए हम भारतीय दूतावास के शुक्रगुजार हैं।

पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में महिला को उम्रकैद

लाहौर। इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के मामले में एक पाकिस्तानी महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई है। पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत तक की सजा दी जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है, केवल आरोप से दंगे भड़क सकते हैं।

सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि महिला आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, निवासियों ने दावा किया था कि आरोपित महिला ने कुरान के पन्ने जलाकर उसका अपमान किया। अवैस ने कहा कि न्यायाधीश ने बुधवार को पूर्वी शहर लाहौर में फैसले की घोषणा की। हालांकि, बीबी ने अपने मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार किया था। इसी नाम की एक ईसाई महिला को पाकिस्तान में मौत की सजा पर आठ साल बिताने के बाद 2019 में ईशनिंदा से बरी कर दिया गया था। रिहाई के बाद इस्लामी चरमपंथियों से मिल रही धमकियों से बचने के लिए वह कनाडा चली गईं।

श्री रामलला रथ यात्रा के लिए तैयार की गई कार पर बनाया अयोध्या राममंदिर का दृश्य।

अमेरिका: 48 राज्यों में निकाली जाएगी श्री रामलला रथयात्रा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के शिकागो से सोमवार को श्री रामलला रथयात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा अगले 60 दिनों में आठ हजार से भी अधिक मील की दूरी तय करते हुए 48 राज्यों के 851 मंदिरों के चक्कर लगाएगी।

रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राममंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा। रथयात्रा 25 मार्च को अमेरिका के शिकागो से शुरू होगी और करीबन आठ हजार मील की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान अमेरिका के 851 मंदिरों और कनाडा के 150 मंदिरों का दौरा किया जाएगा।

कनाडा में होने वाली रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने किया है। हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद (एचएमईसी) की तेजल शाह ने कहा, "इस रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना है। यह यात्रा सभी हिंदुओं को एकजुट होने का मौका दे रही है। उन्होंने आगे कहा, आने वाली पीढ़ी के लिए जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में हिंदू धर्म का एकजुट होना बहुत जरूरी है।

बर्फ से ढकीं सड़कें...

दार्जिलिंग : पश्चिम बंगाल के सबसे ऊंचे हिमालयी स्थल दार्जिलिंग के संदकफू क्षेत्र में शुक्रवार को भारी बर्फबारी हुई। बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़के बर्फ से ढक गई हैं। पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह और नई ऊर्जा मिली है। बता दें, कई वर्षों बाद यहां बर्फबारी हुई है।

नई सरकार बनने के बाद होगी एफटीए पर बातचीत

नई दिल्ली। नई सरकार के गठन के बाद ही भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि व्यापार समझौते के कानूनी पहलुओं का आकलन किया जा रहा है और भले ही लगभग सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाए, लेकिन नई सरकार बनने तक समझौते का एलान नहीं किया जाएगा।

भारत और ब्रिटेन के बीच लंबित मुद्दों पर आखिरी दौर की बातचीत इसी महीने खत्म हुई है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर वर्चुअल बातचीत चल रही है। विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने के लिए पिछले दो महीनों में तेजी से बातचीत की गई है।

श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे

कोलंबो, एजेंसी

- भारत को मिली कूटनीतिक कामयाबी, प्रोजेक्ट छिनने से तिलमिलाया चीन

श्रीलंका में भारत को कूटनीतिक कामयाबी मिली है। श्रीलंका ने नैनातिवु, डेल्फ्ट (नेदुनथीवु) और अनालाईतिवु द्वीपों पर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण का जिम्मा चीन को हटाकर भारत को सौंपा दिया है।

इन सुविधाओं की क्षमता 2,230 किलोवाट है। इसके लिए भारत सरकार कर्ज के बजाय श्रीलंका को करीब 90 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इस कदम से चीन चिढ़ गया है। श्रीलंका के अधिकारी ने मीडिया को बातया है कि, इसी कारण वह श्रीलंका के लोगों को दी जा रही मदद रोकने में लगा है। श्रीलंका पर दबाव बनाने के लिए चाइना फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट (सीएफआरडी) के स्माइलिंग चिल्ड्रेन फूड पैकेज प्रोजेक्ट में मदद कम कर दी गई है। इस कार्यक्रम के तहत रोज 142 स्कूलों में दस हजार छात्रों को सूखा राशन पहुंच रहा था। अधिकारियों का कहना है कि, इसे जल्द बंद किया जा सकता है। इसके अलावा फैक्सियन चैरिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब एक करोड़ रुपये के सूखे राशन के पांच हजार पैकेट भी बंद कर दिए हैं। ये पैकेट धार्मिक स्थलों के माध्यम से जाफना, वावुनिया, मुल्लातिवु, किलिनोच्ची और मन्नार जिलों में जरूरतमंद परिवारों को सीधे पहुंचाए जा रहे थे।

प्रोजेक्टों से भड़का चीन

भंडारनायके सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्टडीज के उप निदेशक और श्रीलंका वायु सेना अकादमी के विजिटिंग लेक्चरर जॉर्ज आईएच कुक ने मीडिया को बताया कि घटनाक्रम चीन के साथ श्रीलंका के संबंधों में तनाव बढ़ाएगा। वहीं कोलंबो विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर उमेश मोरामुदाली ने कहा, चीन पहले ही जासूसी जहाजों पर प्रतिबंध लगाने के श्रीलंका के फैसले से खफा है। रक्षा विशेषज्ञ इंडिका परेरा ने कहा कि अब चीन श्रीलंका में भारतीय परियोजनाओं का विरोध करने वाले समूहों को भड़का सकता है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों को ठेका देने में पारदर्शिता की कमी से ये दिक्कत और बढ़ सकती है।

बिहार में निर्माणाधीन पुल गिरा, एक श्रमिक की मौत, 9 घायल

पटना। बिहार के सुपौल जिला में एक निर्माणाधीन पुल का स्लैब अचानक गिर गया। हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि अन्य नौ घायल हुए हैं। 1200 करोड़ की लागत से बन रहे पुल का स्लैब अचानक से धराशायी हो गया।

भारत माला प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुपौल के बकोर से लेकर मधुबनी के भेजा तक इस 10.5 किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। सुपौल डीएम कौशल कुमार ने बताया, एक की मौत हो गई और 9 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को समुचित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस ने कहा- मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

'पुष्पक' का परीक्षण, विमान ने की सफल लैंडिंग: इसरो

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को आरएलवी एलईएक्स-02 लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार को इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। 'पुष्पक' विमान के सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि इससे पहले भी दो बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग हो चुकी है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के परीक्षण के दौरान आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक जैसे नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेयरेशन सिस्टम की सफलता पर भी मुहर लग गई है।

विज्ञान बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली नई जानकारी

बृहस्पति ग्रह पर पृथ्वी से भी बड़े उठते हैं तूफान

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : बृहस्पति में पृथ्वी से भी बड़े तूफान उठते हैं। अंतरिक्ष दूरबीन हबल ने बृहस्पति के तूफानों की नई तस्वीरों का खुलासा किया है। जिनमें चक्रवात और एंटीसाइक्लोन शामिल हैं। बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में नई जानकारी मिली है।

वैज्ञानिकों के अनुसार एंटीसाइक्लोन लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट के आगे से गुजरता है। बृहस्पति हमारे सौरमण्डल का सबसे बड़ा ग्रह है। यह गैस का ग्रह है। पृथ्वी जैसी इसकी कोई सतह नही है। हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली तस्वीरें बताती हैं कि बृहस्पति गैस के साथ तेजी से घूम रहा है और बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में सटीक पता चलता है। बृहस्पति का मौसम तीव्र यानी तेजी से आगे बढ़ता है। यहां भयानक चक्रवात उठते हैं, जबकि छोटे छोटे तूफान अक्सर उठते रहते हैं। बृहस्पति का वातावरण हजारों किलोमीटर गहरा और घना होने के कारण तूफान के रूप में मौसम बनता है। बृहस्पति के मशहूर ग्रेट रेड स्पॉट है। यह सबसे बड़ा तूफान है, जो संभवतः लाखों वर्षों से सक्रिय है। इसके साथ ही एक छोटा तूफान भी है। जिसे रेड स्पॉट जूनियर कहते हैं, जो एक छोटा एंटीसाइक्लोन है जो लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट से आगे निकल जाता है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति की दुनिया अत्यधिक गतिशील है। इसका गहरा वातावरण लगातार चक्रवातों, विंड शीयर और अन्य हिंसक तूफानों से जूझ रहा है। नासा ने हबल स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई बृहस्पति ग्रह की नई तस्वीरें जारी कीं।



बृहस्पति के बदलते मौसम की तस्वीरें।

दूरबीन करती है ग्रहों के मौसम की निगरानी

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन हबल हर साल सौरमण्डल के सभी बड़े ग्रहों पर नजर रखता है और हर साल सभी ग्रहों के मौसम की जानकारी जुटाता है। इन ग्रहों में बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून शामिल हैं। इन ग्रहों में आने वाले तूफानों में कुछ वर्षों के अंतराल में मामूली परिवर्तन आते रहता है। गैसीय ग्रहों की तुलना में ठोस चट्टानी ग्रहों के मौसम में कहीं अधिक अंतर है।

अमेरिका आने वाले भारतीय छात्र बरतें सतर्कता: इंदिरा नूई

वाशिंगटन, एजेंसी

पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई ने अमेरिका में रह रहे या अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे भारतीय छात्रों को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि, अमेरिका में बहुत ध्यान से रहें और स्थानीय कानूनों का पालन करें। साथ ही नूई ने अपील की कि भारतीय युवा अमेरिका आकर ड्रग्स या किसी भी नशे से दूर रहें।

बता दें, हाल के समय में अमेरिका में भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी की कई घटनाएं हुई हैं। यही वजह है कि इंदिरा नूई ने भारतीय छात्रों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। इंदिरा नूई को वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट जगत की ताकतवर और प्रभावशाली शख्सियत के तौर पर जाना जाता है। नूई ने एक 10 मिनट के वीडियो संदेश जारी किया है, नूई ने कहा कि 'इस वीडियो को रिकॉर्ड करने का मकसद ये है कि मैं आप सभी युवाओं से, जो अमेरिका आना चाहते हैं या पहले से ही यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, उनसे बात करना चाहती थी। आजकल भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी होने की कई घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन ये आपके हाथ में है कि आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। नूई ने कहा कि 'कानून का पालन करें और रात में अकेले सुनसान जगहों पर न जाएं। ड्रग्स या किसी भी तरह के नशे के सेवन से बचें क्योंकि यही सब चीजें आपदा लेकर आती हैं।' पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीय छात्रों को सलाह दी कि वह अमेरिका में अपनी यूनिवर्सिटी और कोर्स को बहुत सावधानी से चुनें।

- पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीयों से की अपील, ड्रग्स व अन्य नशे से दूर रहें युवा